आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* मुहर्रम ताजिया”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 161 | उज्जैन, शुक्रवार 26 जून, 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल 12 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### सांसद ने राममंदिर जमीन घोटाले के सबूत एसआईटी को दिए

**अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की जांच कर रही एसआईटी को आप सांसद संजय सिंह ने जमीन घोटाले से जुड़े सबूत दिए। संजय सिंह गुरुवार सुबह 11 बजे लखनऊ में एसआईटी के अध्यक्ष विजय विश्वास पंत के ऑफिस पहुंचे। वे करीब 12 मिनट कमरे में रुके। संजय सिंह ने बाहर आकर कहा- राम मंदिर में जमीन घोटाले के 11 कागजात मैंने एसआईटी को सौंपे हैं। उन्होंने कहा- एक-एक कर सब सामने आ रहा है। पैसे की बरामदगी हो चुकी है, चढ़ावे में चोरी के तमाम साक्ष्य मिल चुके हैं। फिर भी अब तक कोई जेल क्यों नहीं गया? किसी की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई? कोई एफआईआर अब तक क्यों दर्ज नहीं हुई? यह बेहद हैरान करने वाली बात है। दरअसल, संजय सिंह ने दावा किया था कि उनके पास अयोध्या में जमीन घोटाले से जुड़े सबूत हैं।

### एनसीईआरटी के सिलेबस में 1975 से 1977 तक की इमरजेंसी को शामिल किया

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी यानी नेशनल काउंसिल फॉर एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग ने पहली बार कक्षा 9वीं की सामाजिक विज्ञान की किताब में 1975-77 की इमरजेंसी को शामिल किया है। नई किताब अंडरस्टैंडिंग सोसाइटीः इंडिया एंड बियॉन्ड में इमरजेंसी को भारतीय लोकतंत्र के सामने आई सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बताया गया है। की रिपोर्ट के मुताबिक, एनसीईआरटी के एक अधिकारी ने पुष्टि की है कि कक्षा 9वीं की किताब में पहली बार इमरजेंसी पर अलग सेक्शन जोड़ा गया है। इसके अलावा अंडरस्टैंडिंग सोसाइटीः इंडिया एंड बियॉन्ड- पार्ट 1 के इलेक्शंस चैप्टर में चुनाव आयोग की तारीफ की गई है। किताब में लिखा गया है कि 1970 के दशक की शुरूआत में इंदिरा गांधी सरकार के खिलाफ लोगों में नाराजगी बढ़ रही थी। बेरोजगारी, महंगाई और कुप्रबंधन के आरोपों के कारण कई जगह विरोध प्रदर्शन हुए।

### अमेजन भारत में 1.23 लाख करोड़ रु. का निवेश करेगा

**नई दिल्ली।** अमेजन भारत में 13 बिलियन डॉलर यानी करीब 1.23 लाख करोड़ रुपए का नया निवेश करेगी। इस राशि का इस्तेमाल देश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करने के लिए किया जाएगा। इससे देश में करीब 38 लाख लोगों को नौकरी मिल सकेगी। कंपनी ने सीईओ एंडी जेसी ने भारत यात्रा के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद इसकी घोषणा की। खास बात यह है कि कंपनी भारत में 6 महीने के अंदर करीब 4.53 लाख करोड़ रुपए निवेश करने की बात कह चुकी है। इससे पहले दिसंबर 2025 में अमेजन ने भारत में $35 बिलियन यानी करीब 3.30 लाख करोड़ रु. निवेश की बात कही थी।

### वेलकम टू द जंगल के 56 हजार टिकट बिके




**मुंबई।** फिल्म वेलकम टू द जंगल का नया गाना ओ मेरे बलम आज रिलीज हो गया है। ट्रेलर में सुनाई दी इसकी धुन ने दर्शकों का ध्यान खींचा था, जिसके बाद इसके पूरे गाने का इंतजार किया जा रहा था। अब मेकर्स ने यह गाना रिलीज कर दिया है। फिल्म के ट्रेलर में एक्शन, कॉमेडी और बड़ी स्टारकास्ट के साथ ओ मेरे बलम की छोटी-सी झलक भी दिखाई गई थी। तेरा पैसा मेरा पैसा जैसे गाने के मुकाबले ओ मेरे बलम एक सॉफ्ट और सुरीला गाना है। गाने का म्यूजिक आनंद राज आनंद ने दिया है, जबकि इसके बोल फरहाद सामजी ने लिखे हैं। गाने को काव्याकृति और साकेत बी. ने आवाज दी है। आनंद राज आनंद ने कहा कि इस गाने की धुन को सरल और दिल तक पहुंचने वाली बनाने की कोशिश की गई। उन्होंने बताया कि ट्रेलर में मिले रिएक्शन से यह साफ हो गया था कि दर्शकों को इसकी धुन पसंद आई है और अब वे इसे पूरा सुन सकेंगे। गाने का म्यूजिक प्रोडक्शन और प्रोग्रामिंग अंकित गुप्ता (अंकी) ने की है। मिक्सिंग और मास्टरिंग भास्कर शर्मा ने की है। फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म ने रिलीज से पहले ही शानदार शुरूआत कर दी है।

### भारतीय पासपोर्ट वैश्विक रैंकिंग में 85वें से 75वें स्थान पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय की उस टिप्पणी के बाद देश में पासपोर्ट को लेकर नई बहस छिड़ गई है, जिसमें स्पष्ट किया गया कि भारतीय पासपोर्ट यात्रा के लिए जारी किया जाने वाला एक आधिकारिक दस्तावेज है, लेकिन इसे नागरिकता का अंतिम और निर्णायक प्रमाण नहीं माना जा सकता। इस बयान ने राजनीतिक और कानूनी विमर्श को तेज कर दिया है। इसी बीच वैश्विक स्तर पर भारतीय पासपोर्ट की स्थिति से जुड़ा ताजा आंकड़ा भी सामने आया है, जिसमें भारत ने एक वर्ष के भीतर उल्लेखनीय सुधार दर्ज करते हुए वैश्विक रैंकिंग में 10 स्थानों की छलांग लगाई है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2026 के अनुसार भारत का पासपोर्ट अब दुनिया में 75वें स्थान पर पहुंच गया है। वर्ष 2025 में भारत 85वें स्थान पर था।

### ईरानी स्कूल पर अमेरिकी मिसाइल गिरने के सबूत नहीं : डोनाल्ड ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के मिनाब गर्ल्स स्कूल पर हुए हमले में अमेरिकी मिसाइल के इस्तेमाल से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि उस वक्त हर तरफ मिसाइलें दागी जा रही थीं, इसलिए शायद कभी यह पता नहीं चल पाएगा कि हमले के लिए जिम्मेदार कौन था। ट्रम्प ने कहा, किसी ने कहा कि यह हमारी मिसाइल थी, लेकिन हो सकता है कि वह हमारी मिसाइल न हो। मैंने ऐसा कोई सबूत नहीं देखा, जिससे लगे कि यह हमला हमने किया था। हालांकि 10 दिन पहले ही ट्रम्प ने इस घटना को गलती बताया था और कहा था कि स्कूल को जानबूझकर निशाना नहीं बनाया गया। मार्च में आई रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि सेना की शुरूआती जांच में हमले के पीछे अमेरिकी फोर्सेस का रोल होने की आशंका जताई गई थी।

---

वेनेजुएला में 39 सेकेंड में भूकंप के 2 बड़े झटके, 60 सेकेंड तक शहर हिलता रहा

## अब तक 164 मौतों की पुष्टि हो चुकी, जबकि 971 घायल

**एजेंसी ▸▸ कराकस, वेनेजुएला**




वेनेजुएला में 39 सेकेंड में दो ताकतवर भूकंप से तबाही मच गई है। दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में बुधवार शाम 6.04 बजे 7.2 और 6.05 बजे 7.5 तीव्रता के दो झटके आए। उस समय भारत में गुरुवार तड़के 3.34 और 3.35 बजे थे।

लोगों ने बताया कि भूकंप के बाद 60 सेकेंड तक शहर हिलता रहा। 20 ऑफ्टरशॉक भी दर्ज किए गए हैं। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक अब तक 164 मौतों की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 971 घायल हैं।

ये भूकंप ऐसे दिन आए, जब पूरे देश में राष्ट्रीय अवकाश था। 1821 में स्पेन के खिलाफ आजादी की लड़ाई की ऐतिहासिक जीत की सालगिरह पर स्कूल और दफ्तर बंद थे। इसी वजह से ज्यादातर लोग अपने घरों में मौजूद थे। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, भूकंप से 10 हजार से ज्यादा लोगों के मारे जाने की 44% आशंका है। वहीं, 30% आशंका एक लाख लोगों के जान गंवाने की भी है।

दोनों भूकंप राजधानी कराकस से करीब 290 किलोमीटर पश्चिम में आए। इससे कई शहरों में इमारतें गिर गईं या खतरनाक तरीके से झुक गईं। कराकस एयरपोर्ट की छत का कुछ हिस्सा गिर गया। इससे धूल का गुबार उठता दिखाई दिया।

वेनेजुएला में यह पिछले 126 साल का सबसे बड़ा भूकंप है, इससे पहले 1900 में 7.7 का तीव्रता का भूकंप आया था। कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर दिया।

### वेनेजुएला में वर्ष 1900 के बाद आया सबसे बड़ा भूकंप

वेनेजुएला या उसके आसपास के तटीय क्षेत्र में 7.5 तीव्रता वाला भूकंप पिछले 100 से अधिक साल में आया सबसे शक्तिशाली भूकंप है। इससे पहले वर्ष 1900 में 7.7 तीव्रता का सैन नार्सिसो भूकंप आया था। उसका केंद्र भी कैरेबियाई तट के पास था। उस भूकंप में कराकस की कई चर्च, सरकारी इमारतें और घर क्षतिग्रस्त हो गए थे। यूएसजीएस के अनुसार उसमें 21 लोगों की मौत और 50 से अधिक लोग घायल हुए थे। उस समय द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में बताया गया था कि करीब 300 इमारतें ढह गई थीं और बड़ी संख्या में लोगों को लंबे समय तक तंबुओं में रहना पड़ा था।

### एक्सपर्ट बोले- इतने कम समय में 2 भूकंप के झटके सामान्य नहीं

डरहम यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर मार्क एलन ने सीएनएन को बताया कि वेनेजुएला में आए दोनों बड़े भूकंप इतने कम समय के अंतर पर आना सामान्य नहीं है। उन्होंने कहा हो सकता है कि पहले भूकंप से जमीन के नीचे मौजूद एक फॉल्ट लाइन खिसकी हो। इससे दूसरी फॉल्ट लाइन पर दबाव बढ़ गया और कुछ ही देर बाद वहां भी भूकंप आ गया।

---

मंदसौर जिले के सीतामऊ थाना अंतर्गत दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर दर्दनाक हादसा

## ट्रक में घुसी कार, औरंगाबाद के 4 लोगों की मौत, 2 गंभीर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर**



मंदसौर जिले के सीतामऊ थाना अंतर्गत तितरोद के पास दिल्ली-मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक तेज रफ्तार महाराष्ट्र पासिंग कार आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया। इस घटना में कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार, हादसे का मुख्य कारण कार की अत्यधिक तेज रफ्तार और चालक का वाहन पर से नियंत्रण खोना माना जा रहा है।

सीतामऊ थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, कार में कुल छह लोग सवार थे और ये सभी महाराष्ट्र के औरंगाबाद के रहने वाले थे। ये लोग दिल्ली जा रहे थे, लेकिन उससे पहले ही सुबह करीब 11 बजे तितरोद के पास हादसे का शिकार हो गए। दुर्घटना की खबर मिलते ही पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया है। उनके आने बाद ही शवों के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। फिलहाल चारों शवों को सीतामऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुरक्षित रखा गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार में सवार लोग करीब एक घंटे तक गाड़ी के मलबे के अंदर ही फंसे रहे। पुलिस के पहुंचने से पहले ही वहां से गुजर रहे राहगीरों ने राहत कार्य शुरू कर दिया था। बाद में सूचना मिलने पर पुलिस और एंबुलेंस भी मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद सभी घायलों और मृतकों को गाड़ी से बाहर निकाला जा सका।

### ट्रक चालक अपने वाहन समेत मौके से फरार

इस भीषण हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान समोर निवासी सचिन गंगाधर पिता अजय पांडुरंग, छत्रपति नगर सावंगी निवासी संदीप पिता नवनाथ रामराव बोरसे, संभाजी नगर निवासी राजेंद्र कोवडे पिता भावराम कोवडे और शास्त्री नगर संभाजी नगर निवासी रवींद्र काले पिता भागवत काले के रूप में हुई है। वहीं, औरंगाबाद निवासी 30 वर्षीय अब्दुल खलील पिता अब्दुल समद और गंगापुर निवासी 32 वर्षीय उमर पिता इस्माइल जागीरदार गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक अपने वाहन समेत मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

---

नीमच कलेक्टोरेट परिसर स्थित आदिमजाति कल्याण विभाग का

## जिला संयोजक एवं अधीक्षक मिलकर ले रहे थे एक लाख की रिश्वत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



हरीश चौहान | राकेश राठौर

लोकायुक्त इकाई उज्जैन ने गुरूवार दोपहर नीमच आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक राकेश राठौर द्वितीय श्रेणी अधिकारी एवं हरीश चौहान, अधीक्षक, उत्कृष्ट बालक छात्रावास माध्यमिक शिक्षक को रूपए एक लाख की रिश्वत लेने के मामले में रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपी अपने ही विभाग की अधीक्षिका, जूनियर कन्या छात्रावास कुकड़ेश्वर जिला नीमच कुदुर्ला एक्का से रिश्वत लेते पकड़े गए।

लोकायुक्त डीएसपी दिनेशचंद्र पटेल के अनुसार आवेदिका कुदुर्ला एक्का निवासी 115 संत हिरदाराम नगर, हामू खेड़ी देवास रोड उज्जैन नीमच जिला अंतर्गत जूनियर कन्या छात्रावास कुकड़ेश्वर में अधीक्षिका के पद पर पदस्थ हैं। आवेदिका की छात्रावास में अनियमिताएं के चलते निलंबन कर विभागीय जांच प्रारंभ की गई थी, विभागीय जांच में सहयोग करने एवं पुराना रूका हुआ वेतन निकालने के संबंध में राकेश राठौर एवं हरीश चौहान, अधीक्षक द्वारा 1 लाख 25 हजार रुपये की माँग की और 25 हजार रूपए पिछले सप्ताह लिए जा चुके थे। आवेदिका ने शेष राशि को लेकर लोकायुक्त एसपी आनंद यादव को शिकायत की थी। शिकायत का सत्यापन किए जाने के उपरांत लोकायुक्त ने दो शासकीय गवाहों को पंजीबद्ध किया। इसके साथ ही पंजीबद्ध नोट आवेदिका को रिश्वत की राशि के रूप में दिए गए। गुरूवार दोपहर में लोकायुक्त दल ने नीमच कलेक्टोरेट परिसर स्थित आदिम जाति कल्याण विभाग के कार्यालय में आवेदिका को रिश्वत की राशि देकर भेजा था। रिश्वत की राशि लिए जाते ही पूर्व योजनानुसार दल ने कार्यालय में ही राकेश राठौर, जिला संयोजक एवं हरीश चौहान को रूपए एक लाख की रिश्वत राशि के साथ ट्रेप किया । रिश्वत राशि हरीश चौहान की पेंट की दाहिनी जेब से बरामद की गई। स्थल पर ही आरोपियों के विरुद्ध धारा-7, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधन अधिनियम 2018 व 61(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

---

## बांध परियोजना के विरोध में डिंडोरी में चक्का जाम

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ डिंडौरी**

एमपी के डिंडोरी जिले के जनपद डिंडौरी अंतर्गत निमार्णाधीन राघौपुर मरवारी बहुउद्देशीय बांध परियोजना के विरोध में ग्रामीणों ने गुरुवार की दोपहर चक्का जाम कर दिया। बांध का कार्य बंद कराने की मांग को लेकर जबलपुर-अमरकंटक हाईवे पर शाहपुर थाना अंतर्गत ग्राम हिनौता तिराहा के पास दोपहर 2 बजे ग्रामीण सड़क पर बैठ गए. ग्रामीण न्यायालय का फैसला आने तक बांध का कार्य बंद करने और उनकी समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे थे। चक्का जाम की सूचना लगते ही एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन, तहसीलदार शशांक शेंडे, एसडीओपी सतीश द्विवेदी, कोतवाली, यातायात, शाहपुर थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी विक्रमपुर सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल, राजस्व निरीक्षक और पटवारी मौके पर पहुंच गए।

## कोलकाता में बारिश से सड़कें डूबीं

**एजेंसी ▸▸ पटना**

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में गुरुवार दोपहर को मूसलाधार बारिश हुई। करीब दो घंटे की तेज बारिश से शहर की कई प्रमुख सड़कें डूब गईं। कोलकाता और साल्ट लेक के कई इलाकों में सड़कों पर पानी भरने से लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। भारी बारिश के कारण तारातला में ढहे गोदाम पर चल रहा रेस्क्यू ऑपरेशन भी प्रभावित हुआ है। बुधवार को हुए हादसे में 10 लोगों की मौत हुई है। अब तक मलबे से 30 लोगों को निकाला गया है।

कई लोग अभी भी मलबे के नीचे दबे हैं। इधर, 6 राज्यों- उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली में प्री-मानसून बारिश जारी है। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर में अगले कुछ घंटों के दौरान आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। हवा की रफ्तार 70 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। इससे पेड़ गिरने और टेंट-शेड उड़ने का खतरा है। गोवा के बागा बीच पर बुधवार को एक टूरिस्ट की समुद्र में बहने से मौत हो गई। कर्नाटक के रहने वाले सहस अशपाक मसाली (33) समुद्र किनारे चट्टानों पर बैठे थे। इसी दौरान तेज लहरें उठीं और उफनते समुद्र ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। देश के 22 राज्यों में मानसून पहुंच चुका है। 24 जून को इसने मध्य प्रदेश और गुजरात में 9 दिन की देरी से एंट्री की। 5 जुलाई तक बाकी राज्यों को भी कवर कर सकता है।

---

जैन संतों के परम पवित्र धार्मिक उपकरण पिच्छी को लेकर अभद्र टिप्पणी का मामला

## मेनका गांधी को 1 करोड़ का मानहानि का नोटिस

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती मेनका गाँधी द्वारा जैन संस्कृति एवं संतों के परम पवित्र धार्मिक उपकरण पिच्छी (मोरपंख से निर्मित) को लेकर दिए गए एक अत्यंत गैर-जिम्मेदार, भ्रामक, असत्य, मनगढ़ंत और अमर्यादित बयान ने भारत वर्षीय देश-विदेश में निवास करने वाले करोड़ों जैन धर्मावलंबियों की भावनाओं को गहरे रूप से आहत किया है। विश्व जैन संगठन एवं राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ के प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने कहा कि जैन समाज धार्मिक, संस्कृति की मान्यताओं और अहिंसा के मूल सिद्धांतों के प्रति मेनका गांधी की घोर अज्ञानता को उजागर करने वाले इस बयान के विरोध में भारत वर्षीय जैन समाज ने कानूनी मोर्चा खोल दिया है।

दद्दू ने बताया कि 23 जून को मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) के जैन समाज के प्रतिष्ठित विधिक अधिवक्ता निपुण जैन के माध्यम से भारत वर्षीय सकल दिगंबर जैन समाज, जैन युवा संगठन, विश्व जैन संगठन, राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ और श्री णमोकार महामंत्र समिति सहित समाज के गणमान्य व्यक्तियों एवं संस्थाओं ने मेनका गाँधी को एक विस्तृत 10-पृष्ठीय कानूनी (लीगल) नोटिस प्रेषित किया है।

- वरिष्ठ समाजसेवी डॉ जैनेन्द्र जैन ने कहा कि यह सर्वविदित एवं परंपरागत शाश्वत सत्य है कि जैन मुनियों की पिच्छी जिन मोरपंखों से निर्मित होती है, वे मोरपंख मोरों द्वारा प्राकृतिक रूप से समय-समय पर स्वयं झाड़ (शेड) दिए जाते हैं, जिन्हें पवित्र मोरपंख कहा जाता है। जैन धर्म की मान्यताओं में किसी भी जीव को लेशमात्र भी कष्ट पहुँचाना या उसकी हत्या करना पूर्णतः निषिद्ध है। बिना किसी वैज्ञानिक अध्ययन, विधिक आधार या प्रामाणिक साक्ष्य के बिना ऐसा घिनौना आरोप लगाना केवल भ्रम फैलाने और भारत वर्षीय जैन समाज की सामाजिक धार्मिक प्रतिष्ठा को धूमिल करने का दुर्भावनापूर्ण प्रयास है।
- इसलिए समाज जनों द्वारा नोटिस देकर 1 करोड़ रुपये का मानहानि नोटिस एवं हर्जाना समाज के अधिवक्ता निपुण जैन के माध्यम से भेजा है। इस विधिक नोटिस में मेनका गाँधी को स्पष्ट चेतावनी देते हुए 15 दिनों के भीतर निम्न मांगों को पूरा करने का निर्देश दिया गया है, उनमें नोटिस प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर वे अपने इस असत्य एवं भ्रामक बयान को पूर्णतः और बिना शर्त वापस लें। राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्रों, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मस पर बिना किसी शर्त के सार्वजनिक रूप से लिखित व वीडियो माध्यम से देश की जनता और जैन समाज एवं जैन साधुओं से माफी मांगें।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## सफाई मित्रों की चिंता

किसी भी विभाग एवं निगम मंडल में धरातल से जुड़े कर्मचारियों को सीधे तौर पर चिंतन में नहीं रखा जाता है। अक्सर यह स्थिति सामने आती रही है। इसके विपरीत नगर की संस्था के युवा तुर्क अधिकारी ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि उन्हें धरातल से जुड़े कर्मचारियों की चिंता बराबर बनी रहती है। युवा अधिकारी ने जमीन से जुडे कर्मचारियों की हर स्तर की चिंता को लिया है। खासकर कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों को लेकर युवा अधिकारी ने यह जता दिया कि वे कर्मचारियों के प्रति कितने संजीदा है और संवेदनशील भी। बारिश के दौर में सफाई मित्रों के कार्य को लेकर उनकी सुरक्षा पर जिन्हें ध्यान देना था उनकी बजाय संस्था के युवा अधिकारी ने इस पर पूरा ध्यान दिया और अपनी चिंताओं को सार्वजनिक भी किया है।





कार्य के दौरान पूरी तरह से कर्मनिष्ठ होकर कार्य के प्रति पूरी तरह से समर्पण का ध्येय लेकर चलने वाले युवा अधिकारी के आगमन के समय उन्हें कुछ और साबित करने की कुत्सित कोशिशें हुई थी। अब वे पूरी तरह से नगर की संस्था में रच बस गए हैं और सभी पक्षों से अवगत हो गए हैं और यहां की कार्यशैली से भी परिचित हो गए हैं। युवा अधिकारी अकेले ही चौतरफा किला लडाते दिख रहे हैं चाहे वो महाआयोजन की बात हो या फिर स्वच्छता की। सुबह हो या फिर रात निर्माण के निरीक्षण निरंतरता में कोई कमी नहीं और काम करवाने में सख्ती भी। उन्होंने अपने आगमन के समय चाय की छोटी होटलों पर कांच के गिलास में चाय ग्रहण करते हुए डिस्पोजल पर ब्रेक लगाया था। उनके इस मुद्दे पर बाद में संस्था का निचला अमला काम नहीं कर पाया है। ऐसे ही निर्माण के मामले में उनके अधिकारी भी काम करवाने में सौ टका साबित नहीं हो पा रहे हैं। कमजोर कडियों के बावजूद युवा अधिकारी सबको मात देते हुए काम को अंजाम दिलवा रहे हैं। नगर की संस्था का प्रशासन भी जोरदार तरीके से चलवा रहे हैं। कल तक जो ठेकेदार भूगतान न मिलने को लेकर काम न करने को अड़े हुए थे अब वे भी शांत होकर अपने कामों में लगे हुए हैं। मुख्यालय पर दो-चार डोज के बाद आम जन को सबकी उपस्थिति मिलने लगी है और अनुशासन के हालात बन गए हैं। खुसूर-फुसूर है कि अगर युवा अधिकारी पूरी तरह से अपने प्रशासन पर उतर आएं तो शहर को स्वच्छता में नंबर वन पर आने से कोई नहीं रोक सकता है। इसके साथ ही संस्था में अनुशासन भी उच्च स्तर का कायम होना तय है। यही नहीं कर्मचारियों में विश्वास भी बढ़ना ही है। सफाई मित्रों के तो वे सीधे संपर्क में हैं और धरातल से वाकिफ भी। उनके सुरक्षा मानकों के पालन का संदेश निचले स्तर तक पहुंचा है और सभी मित्र उनकी संवेदनशीलता की चर्चा कर रहे हैं।

## न्यूज कॉलम

### एनएसयूआई ने परीक्षा सारिणी जारी करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**उज्जैन।** कोठी रोड स्थित विक्रम विश्वविद्यालय में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) द्वारा विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। छात्र नेता रोहित लश्करी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बी.कॉम प्रथम वर्ष (लॉजिस्टिक्स), क्रिमिनोलॉजी एवं रिटेल ऑपरेशन विषयों की परीक्षा सारिणी शीघ्र जारी करने की मांग की गई। एनएसयूआई प्रदेश महासचिव हिमांशु शुक्ल ने बताया कि उक्त विषयों की परीक्षाएं नजदीक हैं, लेकिन अभी तक विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा समय-सारिणी जारी नहीं की गई है। इसके कारण विद्यार्थियों में असमंजस और चिंता की स्थिति बनी हुई है। समय पर परीक्षा कार्यक्रम नहीं मिलने से छात्र-छात्राएं अपनी पढ़ाई और तैयारी को व्यवस्थित नहीं कर पा रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की गई कि विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए परीक्षा सारिणी जल्द जारी की जाए, ताकि छात्र बिना किसी मानसिक दबाव के अपनी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। इस अवसर पर एनएसयूआई प्रदेश महासचिव हिमांशु शुक्ल एवं अखिलेश अस्तेय सहित अन्य छात्र उपस्थित रहे।

### अजाक्स की प्रांतीय साधारण सभा एवं द्वितीय मालवांचल महासम्मेलन 28 जून को

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स) उज्जैन के तत्वावधान में 28 जून रविवार को दशहरा मैदान ग्राउंड पर अजाक्स की प्रांतीय साधारण सभा एवं द्वितीय मालवांचल महासम्मेलन-2026 का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर संगठन द्वारा भव्य तैयारियां की जा रही हैं। सम्मेलन पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष एवं संरक्षक जे.एन. कासोटिया (आईएएस) तथा वर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष संतोष वर्मा (आईएएस) के नेतृत्व में आयोजित होगा। दशहरा मैदान पर टेंट सहित अन्य व्यवस्थाओं का कार्य प्रारंभ हो चुका है। वहीं संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। अजाक्स जिला अध्यक्ष डॉ. आर. एल. परमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन में शामिल होने के लिए संगठन की ओर से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को आमंत्रण दिया गया है, जिस पर उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होने का आश्वासन दिया है। सम्मेलन में प्रदेश के 53 जिलों से अजाक्स के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उज्जैन पहुंचेंगे। जिसको ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगातार बैठकें आयोजित कर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

2018 की घटना से सबक लेकर निगरानी और सुरक्षा में हो रही गणना

# श्री महाकाल मंदिर में लगातार पांचवें वर्ष दान का रिकॉर्ड टूटा

### वर्ष 2019-20 की अपेक्षा दान में 2025-26 में करीब 10 गुना वृद्धि

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर ने लगातार पांचवे वित्तीय वर्ष 2025-26 में दान में रेकार्ड कायम किया है। वर्ष 2021-22 से यह सिलसिला चल रहा है। गणना में 8 साल पूर्व हुई एक घटना के बाद से अब पूरी निगरानी में इस कार्य को सुरक्षित रूप से किए जाने का दावा मंदिर प्रबंध समिति कर रही है।

बीते वित्तीय वर्ष 2025-26 में दान के मामले में नया रिकॉर्ड बनाया है। महाकाल लोक बनने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है, जिसके चलते मंदिर समिति की आय बढ़कर 144 करोड़ रुपये पहुंच गई है। सबसे अधिक 65 करोड़ रुपये नो प्राफिट एवं नो लास के लड्डू प्रसादी की बिक्री से हुई है।

श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के साथ दान की राशि भी लगातार बढ़ रही है। 11 अक्टूबर 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकाल लोक का लोकार्पण किया था। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के साथ मंदिर की तिजोरी भी भरती जा रही है। कभी मंदिर में 25-35 हजार श्रद्धालु आते थे जिनकी संख्या अब औसत 2 लाख के करीब पहुंच रही है। आस्था के साथ दान का प्रवाह भी रिकॉर्ड तोड़ रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में महाकाल मंदिर समिति को अब तक की सबसे बड़ी 144 करोड़ रुपये की आय हुई है। बीते छह वर्षों में सबसे अधिक लड्डू प्रसादी 65 करोड़ रुपये के मंदिर समिति ने इस वित्तीय वर्ष में बेचे हैं। मंदिर के सहायक प्रशासक एवं जनसंपर्क अधिकारी आशीष फलवाडिया कहते हैं कि लड्डू प्रसादी का काम मंदिर समिति नो प्राफिट नो लास पर श्रद्धालुओं की सेवा में करती है। इसे आय नहीं कहा जा सकता है। पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में मंदिर के दान में इस वर्ष करीब 27 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।





#### दान एक नजर में 2025-26

- **दान पेटी दान राशि-** 62 करोड़ अधिक
- **नगद काउंटर-** 5 करोड़ 50 लाख नगद दान
- **मनी आडर** 1 लाख 23 हजार
- **आन लाइन दान** 3 करोड़ 60 लाख सीधे
- **अन्न क्षेत्र** 3 करोड 38 लाख
- **अन्य गुप्त दान** 4 करोड़ 65 लाख
- **लड्डू प्रसाद विक्रय** 65 करोड़ से अधिक

स्त्रोत-मंदिर प्रबंध समिति से जारी आंकडों के अनुसार

#### 2018 में दान की गणना में लगी थी सेंध

मंदिर में दान की गणना के दौरान चोरी का मामला 22 अगस्त 2018 का है। महाकाल मंदिर प्रबंध समिति द्वारा जब दान पेटियों (हुंडियों) से निकले चढ़ावे के नोटों की गिनती की जा रही थी, तब वहां तैनात एक कर्मचारी/सुरक्षाकर्मी या गिनती में शामिल व्यक्ति ने चालाकी से नोटों की गड्डियों में से कुछ नोट (विशेषकर 2000 रु. और 500 रु. के उच्च मूल्य के नोट) चोरी कर अपनी जेब या जूतों में छुपा लिए थे। मंदिर के सीसीटीवी कैमरे की लाइव मॉनिटरिंग और सुरक्षा अधिकारियों की सतर्कता के कारण नोट छुपाने की यह पूरी हरकत कैमरे में कैद हो गई। मामले का खुलासा होने और तत्कालीन कलेक्टर एवं मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष संकेत भोंडवे की जानकारी में आते ही उनके निर्देश पर तत्काल ही मामले में संबंधित कर्मचारी सीपी शर्मा के विरूद्ध महाकाल थाना में प्रकरण दर्ज करवाया गया था और संबंधित कर्मचारी को हटाते हुए 3 सदस्यीय एक कमेटी से जांच करवा कर सुझाव लिए गए थे। संबंधित मामले में आरोपित कर्मचारी को लेकर जानने पर तत्काल प्रभाव से काम से हटाकर पुलिस के हवाले (महाकाल थाना) कर दिया गया था।

#### कुछ ऐसे उछाल के साथ मिला दान

मंदिर समिति के आंकड़ों के मुताबिक, दान पेटियों से 62 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। नगद काउंटर से 5 करोड़ 50 लाख रुपये, मनीऑर्डर से 1 लाख 23 हजार रुपये, ऑनलाइन क्यूआर कोड के माध्यम से 3 करोड़ 60 लाख रुपये, अन्नक्षेत्र से 3 करोड़ 38 लाख रुपये और गुप्त दान के रूप में 4 करोड़ 65 लाख रुपये प्राप्त हुए। वहीं, श्रद्धालुओं की पहली पसंद लड्डू प्रसादी की बिक्री से मंदिर को 65 करोड़ रुपये मिले हैं। इसके अलावा सोने-चांदी के करोड़ों रुपये मूल्य के आभूषण भी बाबा के दरबार में चढ़ाए गए हैं। महाकाल लोक बनने के बाद मंदिर के दान में खासा इजाफा दर्ज किया गया है। वर्ष 2019-20 में आय 15.04 करोड़ रुपये थी, जो 2020-21 में कोरोना में घटकर 9.46 करोड़ रुपये रहा। इसके बाद 2021-22 में 19.97 करोड़ रुपये, 2022-23 में 38.91 करोड़ रुपये, 2023-24 में 59.91 करोड़ रुपये और 2024-25 में 117 करोड़ रुपये का दान गणना में सामने आया। अब 2025-26 में यह आंकड़ा बढ़कर 144 करोड़ रुपये पहुंच गया है।

#### जांच कमेटी के सुझावों पर अमल किया

नोट चोरी कांड के बाद महाकाल मंदिर प्रशासन ने दान राशि की गिनती की व्यवस्था को और कड़ा कर दिया और कमेटी के सुझावों पर अमल करते हुए काम किया जा रहा है। अब मंदिर समिति के कर्मचारियों एवं सुरक्षा गार्डों के साथ ही हर एंगल पर लगे सीसी टीवी कैमरा एवं डोम की निगरानी में बैंकों के कर्मी गणना को अंजाम देते हैं। नोट गिनने वाले कर्मचारियों के लिए बिना जेब वाले कपड़े (साधारण एप्रन) पहनना अनिवार्य किया गया है।गिनती कक्ष में प्रवेश और निकास के समय कर्मचारियों की कड़ी शारीरिक तलाशी ली जाने लगी। पूरी गिनती प्रक्रिया को हाई-डेफिनिशन (एचडी) सीसीटीवी कैमरों की सीधी निगरानी में अंजाम दिया जाने लगा। राम मंदिर दान विवाद के बाद महाकाल मंदिर समिति और अधिक सतर्क हो गई हैं। सहायक प्रशासक एवं जनसंपर्क अधिकारी आशीष फलवड़िया कहते हैं कि वर्तमान में गणना कक्ष मंदिर के उपरी तल पर एक और है। मंदिर में लगी 95 दान पेटियां को यहां लाने के दौरान सुरक्षाकर्मी साथ होते हैं। हर स्थान पर सीसी टीवी कैमरे लगे हैं जिन पर कंट्रोल रूम से निगाह रखी जाती है। हर सप्ताह सुरक्षा व्यवस्था के बीच इन्हें गणना कक्ष में लाया जाता है। निरीक्षकों और अधिकारियों की मौजूदगी में पेटियां खोली जाती हैं। खास यह है कि मंदिर समिति के खाते एक से अधिक बैंकों में होने से रोस्टर के अनुसार अपनी बैंकों के कर्मचारियों से यह कार्य निरीक्षकों एवं अधिकारियों की मौजूदगी में लेती है। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी और सीसीटीवी निगरानी की जाती है।

जान हथेली पर रखकर काम कर रहे बिजली कर्मचारी

# बगैर सुरक्षा उपकरणों के सुधार रहे बारिश में बिजली की लाइन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

बारिश में विद्युत मंडल के कर्मचारी अपनी जान हथेली पर रखकर काम कर रहे हैं जब भी उनके पास बिजली की लाइन खराब होने की शिकायत मिलती है तो वह टीम के साथ रवाना हो जाते हैं लेकिन बारिश में बिजली के कर्मचारी जान हथेली पर रखकर काम कर रहे हैं। क्योंकि उनके पास करंट से बचने के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपकरण व संसाधन मौजूद नहीं है और कई संसाधन पुराने व जर्जर हो चुके हैं। कई बार विद्युत कर्मचारी लाइन सुधारते समय करंट की चपेट में आ चुके हैं। लाइन सुधारते समय करंट लगने की कई घटनाएं हो चुकी है। इधर विद्युत मंडल के अधिकारियों का कहना है की टीम को सुरक्षा उपकरण मुहैया कराए जा चुके हैं।

इन दिनों बारिश के कारण विद्युत मंडल की बड़ी लाइनों पर रखरखाव एवं मेंटेनेंस का काम चल रहा है। देखने में आ रहा है कि कई कर्मचारी बगैर सुरक्षा उपकरणों के इस काम को करते हैं। हालांकि इस काम को लाइन बंद करने के बाद किया जाता है। लेकिन कई बार गलतियाँ हो जाती है। विशेषकर ऊँचाई पर चढ़ने वाले आउटसोर्स कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण की बेहद आवश्यकता है। विद्युत वितरण कंपनी हादसे शून्य करने की योजना पर काम कर रही है, वहीं दूसरी ओर 11 व 33 केवी की लाइनों पर काम करने वाले कर्मचारी बिना सुरक्षा उपकरण के फाल्ट सुधारने के साथ संधारण का काम कर रहे हैं। बिना सुरक्षा उपकरण के काम करने के दौरान कई बार हादसे हो चुके हैं। इसके बाद भी विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी इस गंभीर विषय पर ध्यान नहीं देते हैं। ऐसे में कर्मचारी हादसे का शिकार हो जाते हैं। बारिश के दिनों में मेंटेनेंस का काम किया जा रहा है। इस दौरान आउटसोर्स कर्मचारी बिना सुरक्षा उपकरण के ही बिजली खंबों पर चढ़कर काम कर रहे हैं। जबकि इस दौरान एई और जेई काम की निगरानी करते हैं, लेकिन वह कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण पहनने की हिदायत नहीं देते। अफसरों की निगरानी में कर्मचारी बिना सुरक्षा उपकरण के ही काम करते रहते हैं। जबकि इन कर्मचारियों को काम करते समय सुरक्षा उपकरण पहनना चाहिए। कंपनी के अधिकारियों का दावा है कि सुरक्षा उपकरण दिए गए हैं।



#### लाइन सुधारते समय यह उपकरण पहनना जरूरी है

विद्युत लाइन में छोटा सुधार हो या बड़ा कार्य सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल करना अनिवार्य होता है। बिजली सुधारते समय प्रत्येक बिजली कर्मचारी के पास हाथों में पहनने वाले लांग ग्लब्स, लांग बूट, हेलमेट, केप, टेस्टर, टार्च, झूला, सीढ़ी और सूती कपड़े पहनना जरूरी है। मगर शहर में जब भी बिजली सुधार कार्य होता है तब कंपनी के मैदानी एवं सर्विस प्रोवाइडर के कर्मचारी इन उपकरणों का इस्तेमाल कम ही करते हैं। कई बार बिना सुरक्षा उपकरणों के ही डीपी पोल पर चढ़कर सुधार किया।

# वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनेंगी खाचरोद की बेटी जिनीषा



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

खाचरोद की होनहार बेटी जिनीषा नांदेचा ने भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयनित होकर पूरे अंचल का गौरव बढ़ाया है। वे खाचरोद की पहली महिला हैं, जिन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। 8 जून को जारी अंतिम मेरिट सूची में चयन के बाद प्रशिक्षण के लिए हैदराबाद रवाना होने से पूर्व उज्जैन में अपने ननिहाल आने पर उनका भव्य बहुमान किया गया।

जिनीषा के उज्जैन आगमन पर अतुल चत्तर परिवार के निवास पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन, पार्षद रजत मेहता, त्रिस्तुतिक जैन श्री संघ के अध्यक्ष सुरेश पगारिया, अतुल चत्तर, राजेश पगारिया और राजमल चत्तर ने बिटिया का बहुमान कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह में अवन्ति पार्श्वनाथ मंदिर के अध्यक्ष अशोक कोठारी, दिगंबर समाज से अशोक जैन मुन्ना सरकार, भेरूगढ़ तीर्थ से दिनेश जैन, स्थानक समाज से संजय जैन कालूहेड़ा, पत्रकार राजेन्द्र रघुवंशी, वीडी क्लॉथ मार्केट मर्चेंट एसोसिएशन के सह सचिव राजेन्द्र पगारिया, संचालक मनीष चौधरी, भूपेंद्र सकलेचा, विजय गादीया, कपिल सकलेचा और सोहन आंचलिया ने भी जिनीषा का स्वागत कर अंचल के लिए इसे बड़ी उपलब्धि बताया। जिनीषा ने प्रारंभिक शिक्षा खाचरोद और नागदा से प्राप्त करने के बाद एसजीएसआईटीएस इंदौर से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की।

## स्नान पूर्णिमा पर पवित्र तीर्थों के जल से होगा भगवान जगन्नाथ का महाअभिषेक

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

इस्कॉन मंदिर में आगामी 29 जून को भगवान श्री जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा महारानी का दिव्य स्नान पूर्णिमा महोत्सव अत्यंत भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इस वर्ष यह धार्मिक उत्सव मध्यप्रदेश शासन के 'जलगंगा संवर्द्धन अभियान' के समापन समारोह के रूप में भी आयोजित हो रहा है। इस बार का विशेष आकर्षण यह है कि प्रदेशभर में जल संरक्षण अभियान के तहत जिन पवित्र नदियों, तीर्थों और सरोवरों का जल सहेजा गया है, उसी पावन जल से भगवान जगन्नाथ का महाअभिषेक संपन्न होगा। इस्कॉन उज्जैन के कम्यूनिकेशन डायरेक्टर राघव पंडित दास ने बताया कि स्नान यात्रा महोत्सव का शुभारंभ 29 जून को प्रातः 7:30 बजे पांडु-विजय कीर्तन के साथ होगा। भगवान को स्नान वेदी पर विराजमान कर मंगल आरती की जाएगी और फिर दिव्य अभिषेक प्रारंभ होगा। महोत्सव में सभी श्रद्धालुओं को अपने हाथों से भगवान जगन्नाथ का अभिषेक करने का दुर्लभ अवसर प्राप्त होगा। अभिषेक के पश्चात श्रद्धालु भगवान के दिव्य गजवेश के दर्शन कर सकेंगे और महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। महोत्सव में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके साथ ही इस्कॉन भारत के उपाध्यक्ष महामन महाराज, इस्कॉन उज्जैन के अध्यक्ष भक्ति प्रेम स्वामी महाराज सहित कई साधु-संत और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।





**दैनिक अवन्तिका. उज्जैन।** माँ गढ़ कालिका के दरबार में दैनिक कर्मयज्ञ का विमोचन संदीप मेहता के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर अखबार के सम्पादक किशोर दग्धी, दिनेश सोलंकी, पार्षद गब्बर भाटी, हेमन्त गहलोत, राजा ठाकुर, धनंजय शर्मा, पण्डित आकाश रावल, निर्मल भटनागर और बड़ी संख्या में पत्रकार और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# इस्लामी शिक्षाओं के विरुद्ध हैं मोहर्रम के जुलूस : शहीद मरते नहीं तो मातम कैसा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

इस्लाम में ऐसे किसी जुलूस का कोई प्रावधान नहीं जो मोहर्रम के अवसर पर निकाला जाता है, यह पूरी तरह इस्लामी शिक्षाओं के विरुद्ध है, इसे इस्लाम से संबद्ध ना समझा जाए।

यह बात पीस फाउंडेशन के अध्यक्ष अहमद रईस निजामी ने कही है। प्रेस को जारी अपने बयान में निजामी ने कहा कि इस्लामी शिक्षाओं का अध्ययन करने वाले भली भांति जानते हैं कि इस्लाम में इस तरह जुलूस और हंगामों के लिए कोई स्थान नहीं है। ये हजरत हुसैन की शिक्षाओं के भी विरुद्ध है।

निजामी ने कहा कि पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम पर इस्लामी शिक्षाओं के पूर्ण होने के तीन दशकों बाद कर्बला का वाकिया हुआ, लिहाजा कर्बला को भी इस्लाम की उन्हीं शिक्षाओं की रोशनी में देखा जाएगा जो शिक्षाएँ तीन दहाई पूर्व अवतरित हुई थीं, जिन शिक्षाओं पर इस्लाम को पूर्ण घोषित कर दिया गया था। इन शिक्षाओं के अवतरित होने के दौरान भी जंगे बद्र, जंगे ओहद इत्यादि जंगों में पैगम्बर के अनेक सहाबी मुसलमान शहीद हुए, लेकिन उन शहीदों के सिलसिले में ऐसा कुछ नहीं किया गया जैसा आज के दौर में शाहिदाने कर्बला को ले कर किया जा रहा है।



#### शहीद मरता नहीं तो मातम कैसा

इसमें कोई संदेह नहीं कि शहीद कभी मरता नहीं, हमेशा ज़िंदा रहता है। जो लोग इस सच्चाई को मानते हुए कर्बला के शहीदों पर मातम करते हैं उन्हें खुद सोचना चाहिए कि शहीद का मातम कहां तक उचित है। जब शहीद जिन्दा हैं तो उनका मातम कर के लोग क्या बताना चाहते हैं। निजामी ने कहा कि हजरत हुसैन और कर्बला के दीगर शहीदों के रिश्तेदारों, अनुयाईयों और आम मुसलमानों की एक बड़ी संख्या कर्बला के वाकि ए के बाद जीवित रही, लेकिन उनमें से किसी ने भी कभी ना तो घोड़े ताज़िये बना कर जुलूस निकाले और ना ही मातम किया। अगर ये इस्लामी शिक्षाओं के मुताबिक सही होता तो उस दौर में मौजूद उनके रिश्तेदार और अनुयायी अवश्य ये सब कुछ करते। इसलिए इस दौर के मुसलमानों को सोचना चाहिए कि वो किन गलत परंपराओं का शिकार हो कर गलत रास्तों पर भटक रहे हैं।

#### कर्बला का सबक समझें

निजामी ने कहा कि हजरत हुसैन के शहीद होने की वजह को और करबला के सबक को समझा जाना चाहिए। इस्लामी शिक्षाओं की रोशनी में हजरत हुसैन और यजीद के मध्य की टकराहट को समझना हर दौर की जरूरत है। निजामी ने कहा कि हजरत हुसैन ने फूलों सा महकता हुआ संदेश पेश किया जिसके जवाब में तलवार आई। इस तलवार के जालिमाना वार के नतीजे में हजरत हुसैन ने अपने खून से जो संदेश लिख दिया वो रहती दुनिया तक के तमाम इंसानों के लिए अनुकरणीय है। हुसैन के चाहने वालों को चाहिए अपने जीवन को हुसैनी किरदार से आरास्ता करें। लेकिन अफसोस कि मोहर्रम के अवसर पर हुसैन के नाम के नारे लगाने वाले लोग हुसैनी किरदार से बहुत दूर हैं। हुसैनी किरदार से जीवन को आरास्ता किए बिना मात्र जुलूस और अखाड़ों के अनावश्यक प्रदर्शन से जो नुकसान हो रहा है उसकी भरपाई बहुत मुश्किल है। अनेक हिन्दू भाई हजरत हुसैन और कर्बला से अकीदत रखते हैं। हमें चाहिए कि भारत की वर्तमान परिस्थितियों में सकारात्मक सौहार्दपूर्ण भूमिका अदा करें।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | शुक्रवार 26 जून, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### निवेश वाले 7 नए उद्योगों को पीथमपुर में भूमि आवंटित

**इंदौर।** प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर राज्य का ग्रोथ इंजन है एवं सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि इंदौर में उपलब्ध निवेश एवं रोजगार की क्षमताओं एवं संभावनाओं को मूर्तरूप प्रदान कर निवेश आकर्षित किया जाये। इसी तारतम्य में एम.पी. इण्डस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा पीथमपुर सेक्टर-7 में मेटल प्रोसेसिंग, फर्निचर, फूड प्रोसेसिंग, बी. ओ.पी.पी. फिल्म, टेक्सटाईल एवं एफ.आई.बी.सी. क्षेत्र की 7 औद्योगिक इकाइयों को 27.35 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है। इन इकाइयों द्वारा लगभग 1911 करोड़ के निवेश तथा 1,797 रोजगार सृजित किए जाने का प्रस्ताव है।

### सांवेर में विद्युत वितरण कंपनी के पावर स्टेशन में लगी आग

**इंदौर।** इंदौर के सांवेर थाना क्षेत्र स्थित विद्युत वितरण कंपनी के पावर स्टेशन में देर रात अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पावर स्टेशन में मौजूद कई डीपी (ट्रांसफॉर्मर) जलकर खाक हो गईं। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और करीब 8 से 10 हजार लीटर पानी का उपयोग कर आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि जिस समय यह घटना हुई, उस समय इंदौर में बारिश भी हो रही थी, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि उसने पावर स्टेशन में मौजूद अन्य डीपी को भी अपनी चपेट में ले लिया।

### इंदौर में होगी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दिवाली बैठक

**इंदौर।** मालवा प्रांत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सालाना गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बन गया है। शताब्दी वर्ष की शुरुआत संघ ने इंदौर से की थी और अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी की अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक नवंबर में इंदौर में होगी। इस बैठक को संघ की दिवाली बैठक कहा जाता है। दिवाली बैठक में भाग लेने के लिए संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत सप्ताहभर के लिए इंदौर प्रवास पर रह सकते हैं। उनके अलावा संघ के लगभग डेढ़ सौ पदाधिकारी इसमें हिस्सा लेंगे। इसी वर्ष अक्टूबर में विजयदशमी के दिन संघ के शताब्दी समारोहों का समापन होगा।

### शिविर में 22 प्रकरणों का किया गया निराकरण

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में बुधवार को इंदौर जिले के वृत्त बड़ा बांगड़दा अंतर्गत ग्राम लिम्बोदा गारी में अपर कलेक्टर श्री नवजीवन पंवार की उपस्थिति में वृत्त स्तरीय राजस्व शिविर आयोजित किया गया। शिविर में राजस्व संबंधी विभिन्न प्रकरणों का मौके पर निराकरण कर हितग्राहियों को आदेश प्रतियां एवं अमलशुदा राजस्व अभिलेख प्रदान किए गए। शिविर के दौरान नामांतरण के सात प्रकरणों का निराकरण किया गया। इनमें दानपत्र, फौती तथा रजिस्ट्री आधारित नामांतरण प्रकरणों में मौके पर आदेश पारित कर संबंधित आवेदकों को आदेश की प्रतियां एवं संशोधित राजस्व अभिलेख उपलब्ध कराए गए। सीमांकन संबंधी दो लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। ग्राम नैनोद के आवेदकों कैलाश एवं ओमप्रकाश के सीमांकन प्रकरणों में विलंब के कारणों की जानकारी लेते हुए अपर कलेक्टर श्री पंवार ने संबंधित तहसीलदार को पुष्टि प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद सीमांकन आदेश, पंचनामा एवं फील्ड बुक की प्रतियां आवेदकों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शिविर में ग्राम पंचायत लिम्बोदा गारी के सरपंच कमलसिंह ने अपनी कृषि भूमि के सीमांकन की प्रक्रिया एवं समय-सीमा संबंधी जानकारी प्राप्त की, जिस पर अपर कलेक्टर ने उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

### पीएनजी धमाके का मामला पहुंचा हाईकोर्ट, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**इंदौर।** विजय नगर में पीएनजी गैस विस्फोट कांड का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। अधिवक्ता रितेश ईनाणी ने हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की है, जिसमें विजय नगर क्षेत्र में रिचार्जिंग के लिए की जा रही खुदाई के दौरान गैस पाइपलाइन फटने से हुए गंभीर हादसे का संज्ञान लेने की मांग की गई है। याचिका में उल्लेख किया गया है कि दुर्घटना में कई लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं और उन्हें गंभीर शारीरिक क्षति पहुंची है। ऐसे में राज्य शासन की जिम्मेदारी है कि सभी घायलों एवं पीड़ितों को समुचित चिकित्सा सहायता और उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। याचिका में यह भी कहा गया है कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक सुरक्षा मानकों और दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

### जयघोष से गूंजा उज्जैन, बारिश में निकला भगवान महेश का भव्य रथ

**उज्जैन।** उज्जैन नगर माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष संजय लड्ढा एवं सचिव राजेश पलोड़ के नेतृत्व में आयोजित दो दिवसीय महेश नवमी महोत्सव के सभी आयोजन अत्यंत भव्य एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुए। महोत्सव के अंतर्गत आयोजित धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में लगभग 2,000 समाजजनों की सहभागिता रही । प्रचार मंत्री नितिन बाहेती ने बताया कि उज्जैन नगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में आयोजित महोत्सव में समाज की एकता, सेवा, संस्कार एवं संगठन का अद्भुत स्वरूप देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक योगेश मंडोवरा, अभिनंदन सारड़ा एवं निलेश हेड़ा ने समस्त व्यवस्थाओं का संचालन किया।

---

मोहर्रम के जुलूस में 40 फीट ऊपर हवा में वैन लटकाकर विस्फोट कर उड़ाया

# 4 लोगों पर एफआईआर दर्ज, तीन को हिरासत में लिया

## वैन के ऊपर युवक लाल झंडे लहराते रहे, बड़नगर के अडान मोहल्ले से निकले मोहर्रम के जुलूस का वीडियो हुआ वायरल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन/बड़नगर**

बड़नगर में मोहर्रम के जुलूस का एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें दिखाया गया है कि क्रेन से जमीन से 40 फीट ऊपर टाटा मैजिक वैन लटकाई गई है। हवा में ही वैन में विस्फोट हो जाता है। इसके पूर्व वैन के ऊपर मुंह पर कपड़ा लपेटे एक युवक लाल झंडा लहरा रहा है। एक अन्य युवक भी वैन के ऊपर खड़ा है। घटना 23 जून की रात की बताई जा रही है। बड़नगर के अडान मोहल्ले से निकले जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। मामले में क्रेन मालिक सहित चार लोगों पर एफआईआर हुई है। तीन लोग हिरासत में लिया गया है।





### बड़नगर के अडान मोहल्ले में मोहर्रम का जुलूस निकाला गया

बड़नगर के अडान मोहल्ले में मोहर्रम का जुलूस निकाला गया। हजारों लोग मोहर्रम के इस जुलूस में शामिल हुए थे। जुलूस के दौरान एक वैन को क्रेन से बांधा गया। वैन ऊपर दो युवक खड़े होकर लाल झंडा लहराते रहे। युवकों ने मुंह पर कपड़ा ढांक रखा था। थोड़ी देर बाद वैन को क्रेन के माध्यम से ऊपर ले जाया गया। जमीन से लगभग 40 फीट की ऊंचाई पर वैन में विस्फोट किया गया।

### आयोजकों से पूछताछ कर जांच की जा रही है

हिंदू जागरण मंच के रितेश माहेश्वरी ने कहा कि सकल हिंदू समाज की मांग है कि जिला प्रशासन स्पष्ट करे कि इस तरह की गतिविधि की अनुमति दी गई थी या नहीं। मामले को लेकर बड़नगर थाना प्रभारी कमलेश सिंगार ने बताया कि मामले की जानकारी मिल गई है। आयोजकों से पूछताछ कर जांच की जा रही है। जल्द कार्रवाई की जाएगी।

**चार आरोपियों पर नामजद मामला दर्ज-** पुलिस ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इसमें चार आरोपियों पर नामजद मामला दर्ज किया गया है। इसमें आयोजक शोएब खान सहित अन्य आरोपियों को भी शामिल किया गया है। वैन पर झंडे लहराने वाले जाहिद खान और तस्लीम पर भी प्रकरण दर्ज किया गया है। साथ ही वैन मालिक को भी आरोपी बनाया गया है।

---

डिजिटल आस्था... प्रतिमाह 400 से अधिक भक्त ले रहे सुविधा का लाभ

# वीडियो कॉलिंग से करवा रहे मंगलनाथ की भातपूजा

### एक साल पहले तक एक माह में 10-20 लोग ही ऑनलाइन भातपूजा कराते थे

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मंगलनाथ मंदिर में आस्था और तकनीक का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। देश विदेश में रहने वाले श्रद्धालु घर बैठे भगवान मंगलनाथ की भातपूजा करा रहे हैं। डिजिटल माध्यमों के बढ़ते उपयोग ने भक्तों को महामंगल के दरबार से जुड़ने का नया रास्ता दिया है। जिसके चलते ऑनलाइन भातपूजा कराने वाले भक्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रतिमाह औसतन 400 से अधिक श्रद्धालु ऑनलाइन पूजन करा रहे हैं। एक साल पहले तक एक माह में 10-20 लोग ही ऑनलाइन भातपूजा कराते थे।

भारतीय ज्योतिष शास्त्र में मंगलनाथ मंदिर को मंगल ग्रह का जन्मस्थान माना गया है। मंगल दोष निवारण, विवाह में आ रही बाधाओं को दूर करने तथा सुख-समृद्धि की कामना के लिए यहां भात पूजा कराने की परंपरा है। पहले इस पूजा के लिए श्रद्धालुओं को स्वयं उज्जैन आना पड़ता था, लेकिन अब ऑनलाइन सुविधा ने दूर-दराज में रहने वाले भक्तों की राह आसान कर दी है। प्रतिमाह लगभग 400 से अधिक भात पूजा, कालसर्प दोष, पंचागकर्म पूजन आनलाइन माध्यम से संपन्न हो रही हैं। श्रद्धालु मंदिर की वेबसाइट अथवा अन्य अधिकृत माध्यमों से पूजा बुक करवा रहे हैं। इसके बाद मंदिर के पुजारी विधि-विधान से पूजा संपन्न कराते हैं और पूजा का प्रसाद तथा पूजन सामग्री श्रद्धालुओं तक पहुंचाई जाती है।

### वेबसाइट के माध्यम से करते हैं संपर्क

मंदिर प्रशासक कृष्ण कुमार पाठक ने बताया मंगलनाथ मंदिर की शासकीय वेबसाइट है। इसके माध्यम से मंदिर के महत्व तथा पूजन आदि की महत्वपूर्ण जानकारी भक्तों को दी जाती है। फिलहाल गेटवे पैमेंट की सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण वेबसाइट पर भातपूजा की आनलाइन बुकिंग नहीं हो रही है। लेकिन भक्त वेबसाइट पर फ्लेश किए जाने वाले अधिकृत अधिकारियों के नंबर पर फोन कर आनलाइन पूजन की बुकिंग कराते हैं, जिन्हें मंदिर के पुजारियों के माध्यम से विधान पूर्वक आनलाइन पूजन कराई जाती है।

### मंगलनाथ मंदिर में कराई जाने वाली पूजा

- **सामान्य भातपूजा-** 1100 रुपये, शासकीय रसीद- 150 रुपये : कुल राशि-1250
- **नवग्रह पूजा-**2100 रुपये, शासकीय रसीद- 200 रुपये : कुल राशि-2300
- **कालसर्प दोष-** 2100 रुपये, शासकीय रसीद- 150 रुपये : कुल राशि- 2250
- **पंचांग कर्म पूजा-** 5100 रुपये, शासकीय रसीद 500 रुपये : कुल राशि- 5600
- **जप अनुष्ठान पूजा-** 11000 रुपये, शासकीय रसीद 1100 रुपये : कुल 12100

---

# लग रहा ट्रैफिक जाम, बारिश में बह गए प्रशासन के दावे

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में गुरुवार को भी झमाझम बारिश हुई। लगातार चौथे दिन इंदौर में मानसून ने मेहरबानी की और गर्मी उमस से लोगों को राहत मिली। हालांकि शुरूआती तेज बारिश ने ही शहर के करोड़ों रुपए के विकास कार्यों, ड्रेनेज व्यवस्था और प्रशासनिक तैयारियों की पोल खोल दी। पिछले चार दिन से कई प्रमुख चौराहों पर जलभराव और घंटों ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है।

लोग घंटों जाम में फंसे हैं और पुलिस और जिम्मेदार अधिकारी सड़कों से नदारद हैं। मौसम विभाग के अनुसार इस बार मध्य प्रदेश में मानसून ने अरब सागर और बंगाल की खाड़ी दोनों शाखाओं के जरिए एक साथ प्रवेश किया है। ऐसा संयोग करीब बीस साल बाद देखने को मिला है। हालांकि मानसून सामान्य तिथि 18 जून की तुलना में 6 दिन की देरी से प्रदेश में पहुंचा है। मौसम वैज्ञानिक अजय शुक्ला के मुताबिक जबलपुर और मंडला क्षेत्र में बंगाल की खाड़ी से बना सिस्टम सक्रिय है, जबकि मालवा क्षेत्र में अरब सागर का प्रभाव बना हुआ है। दोनों सिस्टम के सक्रिय होने से प्रदेशभर में अगले कुछ दिनों तक अच्छी बारिश की संभावना है।

मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान जताया है। गुरुवार सुबह मौसम साफ रहा, लेकिन दोपहर से बारिश का दौर का शुरू हुआ और रात तक चलता रहा।

---

# शैक्षणिक संस्थानों के मेस-कैंटीनों का सघन निरीक्षण

### गुरु हरिकिशन पब्लिक स्कूल एवं अक्रोपोलिस संस्थान के किचन बंद, 31 खाद्य नमूने लिए गए

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में जिले में संचालित विद्यालयों, छात्रावासों एवं शैक्षणिक संस्थानों के मेस, कैंटीन एवं खाद्य भंडारण स्थलों का खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा सतत निरीक्षण किया जा रहा है। विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों का परीक्षण किया गया तथा विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए।

गुरु हरिकिशन पब्लिक स्कूल के निरीक्षण के दौरान विद्यालय की खाद्य इकाई में वैध खाद्य लाइसेंस उपलब्ध नहीं पाया गया। निरीक्षण के समय कुछ खाद्य सामग्री एक्सपायरी अवस्था में पाई गई, जिसे मौके पर ही नष्ट करवाया गया। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि खाद्य निर्माण एवं उपयोग हेतु टैंकर के पानी का उपयोग किया जा रहा था, जबकि पानी की जांच रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी। आरओ टैंक की साफ-सफाई भी संतोषजनक नहीं पाई गई, जिसे तत्काल साफ करवाने के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं नहीं पाए जाने पर विद्यालय के किचन को तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए गए तथा आवश्यक सुधार के उपरांत ही पुनः संचालन की अनुमति दिए जाने की बात कही गई।

---

उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले खतरे को देखते हुए उठाया कदम

# पहलः मिठाइयों से हटेगा चांदी का वर्क

## कलेक्टर ने निर्देश दिए कि खाद्य पदार्थों की जांच केवल त्योहारों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए

### नकली, मिलावटी और अवमानक खाद्य सामग्री की बिक्री रोकने के लिए सतत नमूना संग्रहण और जांच अभियान चलाया जाए

### धार्मिक-पर्यटन नगरी उज्जैन से चांदी वर्क मुक्त मिठाइयों का अभियान शुरू हो सकता है



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

धार्मिक-पर्यटन नगरी उज्जैन से चांदी वर्क मुक्त मिठाइयों का अभियान शुरू हो सकता है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने नकली और मिलावटी चांदी वर्क से उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले खतरे को देखते हुए इसके उपयोग को समाप्त करने की दिशा में काम करने के निर्देश बुधवार को हुई खाद्य सुरक्षा जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में दिए।

उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारी बसंत दत्त शर्मा से कहा कि वे शीघ्र ही मिठाई विक्रेताओं, नमकीन निमार्ताओं और कैटरिंग व्यवसायियों संग बैठक कर उन्हें खाद्य गुणवत्ता और उपभोक्ता स्वास्थ्य के प्रति उनकी जिम्मेदारी बताएं।

बसंत दत्त शर्मा ने बताया कि वर्ष 2025-26 में निर्धारित 420 नमूनों के लक्ष्य के मुकाबले 513 खाद्य नमूने एकत्र किए गए, जो लक्ष्य का 122 प्रतिशत है। वहीं 1 अप्रैल से 20 जून 2026 तक भी लक्ष्य से अधिक 90 नमूने लिए जा चुके हैं। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत वर्ष 2025-26 में एडीएम न्यायालय में 34 और सीजेएम न्यायालय में तीन प्रकरण दर्ज किए गए।

### वर्षभर सतत जांच अभियान चलाया जाए

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि खाद्य पदार्थों की जांच केवल त्योहारों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। नकली, मिलावटी और अवमानक खाद्य सामग्री की बिक्री रोकने के लिए वर्षभर सतत नमूना संग्रहण और जांच अभियान चलाया जाए। जिला शिक्षा अधिकारी और खाद्य सुरक्षा विभाग को संयुक्त अभियान चलाकर विद्यार्थियों को सुरक्षित भोजन, संतुलित आहार और मिलावटी खाद्य पदार्थों के दुष्प्रभावों की जानकारी देने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कूमठ, होटल एसोसिएशन, मिठाई-नमकीन एसोसिएशन, उपभोक्ता संरक्षण समिति और पोषण विशेषज्ञों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। चर्चा का केंद्र उपभोक्ता स्वास्थ्य, खाद्य गुणवत्ता और मिलावट पर प्रभावी नियंत्रण रहा।

### क्यों अहम है यह पहल

चांदी वर्क का उपयोग लंबे समय से मिठाइयों की सजावट में किया जाता रहा है, लेकिन बाजार में नकली और मिलावटी वर्क की शिकायतें भी सामने आती रही हैं।

---

उज्जैन में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के साथ बढ़ा धन का प्रवाह

# उज्जैन में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के साथ बढ़ा धन का प्रवाह

## इस वर्ष मंदिर की आय का आंकड़ा 142 करोड़ रुपये तक पहुंच गया



- इस आय में दान के रूप में 78 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।
- लड्डू प्रसादी के विक्रय से 65 करोड़ रुपये की आय हुई

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

श्री महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या के साथ ही मंदिर को होने वाली आय में भी बेतहाशा वृद्धि हुई है। इस वर्ष ये आंकड़ा 142 करोड़ तक पहुंच गया। यानी डेढ़ अरब से कुछ कम। इस आय में दान के रूप में 78 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। लड्डू प्रसादी के विक्रय से 65 करोड़ रुपये की आय हुई। श्रद्धालुओं ने कई बहुमूल्य वस्तुएं भी मंदिर समिति को दान की। वर्ष 2022 में अक्टूबर माह में श्री महाकाल लोक के लोकार्पण के बाद से महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या में अकल्पनीय वृद्धि हुई है। जहां किसी समय प्रतिदिन अधिक से अधिक 50 हजार तक श्रद्धालु पहुंचते थे और शाही सवारी व महाशिवरात्रि जैसे पर्वों पर अधिक से अधिक 2 या ढाई लाख तक ही श्रद्धालु मंदिर में आते थे, वहीं अब यह आंकड़ा प्रतिदिन लगभग 2 लाख तक पहुंच गया। विशेष पर्वों पर यह आंकड़ा 6-7 लाख से ऊपर पहुंच जाता है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के साथ ही श्री महाकाल मंदिर प्रबंध समिति को होने वाली आय में भी बेतहाशा वृद्धि हुई है।

### दान के रूप में आए 78 करोड़ रुपये

वित्तीय वर्ष 2025-26 में मंदिर समिति को अब तक सर्वाधिक 142 करोड़ रुपये की आय हुई। यह अपने आप में एक रिकार्ड है। बीते वर्षों में एक वर्ष में इतनी आय मंदिर समिति को कभी नहीं हुई। इस आय में दान के रूप में 78 करोड़ रुपये आए व लड्डू प्रसादी के विक्रय से 65 करोड़ रुपये आए। मंदिर समिति ने बताया कि दान पेटियों में से 62 करोड़ रु., नकद काउंटर पर 5 करोड़ 50 लाख, मनी आर्डर से 1.30 लाख, आनलाइन माध्यम से 3 करोड़ 60 लाख, अन्न क्षेत्र से 3 करोड़ 38 लाख व गुप्त दान के रूप में 4 करोड़ 65 लाख रुपये की आय प्राप्त हुई। इसके अलावा श्रद्धालुओं ने कई बहुमूल्य सामग्रियां भी भेंट की। इसमें अधिकतर सोने-चांदी के करोड़ रुपये मूल्य के आभूषण है।

### आय के साथ खर्च भी बढ़ा

मंदिर समिति में जिस तरह श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी, उसी के अनुरूप मंदिर समिति की आय में भी वृद्धि हुई। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के साथ ही मंदिर समिति के खर्चों में भी वृद्धि हुई है। मंदिर के विस्तार के साथ ही यहां वर्तमान में 306 कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। इन कर्मचारियों के वेतन के साथ ही मंदिर की सुरक्षा, रखरखाव, साफ-सफाई सहित अन्य प्रकल्पों पर भी नियमित खर्च जारी है। कुल मिलाकर वर्तमान में 5 करोड़ रुपये से अधिक का खर्च मंदिर समिति प्रतिमाह कर रही है।

## न्यूज कालम



## अब गांव-गांव पहुंचकर साइबर ठगी से बचाव के तरीके बताएगी पुलिस

**मंडलेश्वर।** बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश पुलिस ने 24 जून से ८ जुलाई तक चलने वाला १५ दिवसीय जन-जागरूकता अभियान च्सेफ क्लिक २.०ज शुरू किया है। अभियान का शुभारंभ थाना परिसर में किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया साइबर अपराधी कम जानकारी रखने वाले लोगों को फोन कॉल, मैसेज और ऑनलाइन प्रलोभनों के माध्यम से अपना शिकार बना रहे हैं। ऐसे मामलों को रोकने के लिए पुलिस अब गांवों और दूरस्थ बस्तियों तक पहुंचकर साइबर चौपाल आयोजित करेगी। इन चौपालों में लोगों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव, सुरक्षित डिजिटल लेन-देन और संदिग्ध गतिविधियों की पहचान के बारे में जानकारी दी जाएगी।एसडीओपी श्वेता शुक्ला ने कहा साइबर ठग अक्सर पुलिस, सीबीआई या अन्य जांच एजेंसियों का नाम लेकर लोगों को डराने का प्रयास करते हैं। कई बार वे लालच देकर भी लोगों को ठगी का शिकार बनाते हैं। ऐसी स्थिति में घबराने के बजाय सतर्क रहना और पुलिस को सूचना देना सबसे बेहतर उपाय है।उन्होंने नागरिकों से अपील की कि यदि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जांच एजेंसी या पुलिस अधिकारी बनकर फोन किया जाए, तो उसकी बातों में न आएं और तत्काल नजदीकी थाना या साइबर हेल्पलाइन पर संपर्क करें। अभियान के दौरान पुलिस द्वारा स्कूलों, पंचायतों और सार्वजनिक स्थानों पर भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक साइबर सुरक्षा का संदेश पहुंच सके।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि का वितरण किया



**आलीराजपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आज मंत्रालय से सिंगल क्लिक के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों को जून 2026 माह की पेंशन राशि का वितरण किया गया जिसका सीधा प्रसारण कलेक्टर परिसर के वीसी रूम में देखा एवं सुना गया । मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा जिले के 20063 हितग्राहीयों सहित प्रदेश के 33 लाख से अधिक हितग्राहियों को 203.56 करोड़ रुपये की पेंशन राशि हस्तांतरित की । इस दौरान जिले कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर, जिला पंचायत सीईओं श्रीमती संघमित्रा गौतम, डिप्टी कलेक्टर सुश्री निर्मला कलमे सहित जिले के हितग्राही उपस्थित थे ।

## एक दिन छोड़कर पानी, उखड़ी सड़क से माली कॉलोनी परेशान

**सनावद।** वार्ड क्रमांक-17 स्थित माली कॉलोनी के रहवासी पिछले एक वर्ष से पेयजल और बदहाल सड़कों की समस्या से जूझ रहे हैं। रहवासियों का आरोप है कि सीवरेज परियोजना के लिए सड़क खोदने के बाद मरम्मत नहीं की गई। करीब १५ दिन पहले अमृत योजना के तहत दोबारा पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क खोदी गई, लेकिन रिपेयरिंग अब तक नहीं हुई। इससे गलियों में गड्ढे और कीचड़ से आवागमन मुश्किल हो गया है। स्थानीय महिला रानू चौहान ने बताया कि पिछले एक वर्ष से वार्ड में एक दिन छोड़कर पानी की सप्लाई हो रही है। नलों के अलावा पानी का कोई अन्य स्रोत नहीं होने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं कविता जोशी ने आरोप लगाया कि कचरा वाहन नियमित नहीं आता और वाहन का कर्मचारी कचरा उठाने के बजाय अभद्र व्यवहार करता है। रहवासियों ने नगर पालिका सीएमओ एवं अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र से आठ दिन के भीतर सड़क निर्माण, नियमित जलापूर्ति और सफाई व्यवस्था सुधारने की मांग की है। चेतावनी दी है कि समस्याओं का समाधान नहीं होने पर ओंकारेश्वर रोड पर चक्का जाम किया जाएगा। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि सुनील माली, एल्डरमैन दिलीप सकरोदिया, दुर्गेश परिहार, मीना कर्मा, रानी पटेल, संजू बाई, अनिता माली, सेवंती बाई, सुनीता माली, सारिका मालाकार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## बाबा बफार्नी अमरनाथ यात्रा रविवार से होगी रवाना



**मंडलेश्वर।** धार्मिक आस्था, श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक बाबा बफार्नी अमरनाथ यात्रा इस वर्ष 28 जून रविवार से मंडलेश्वर से प्रारंभ होगी। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और उल्लास का वातावरण बना हुआ है। नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस पावन यात्रा की तैयारियों में जुटे हुए हैं। यात्रा संयोजक समाजसेवी मनोज शर्मा, नितिन पाटीदार ने जानकारी देते हुए बताया कि अमरनाथ यात्रा का यह लगातार चौथा वर्ष है। यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व रविवार सुबह मंडलेश्वर के पवित्र नर्मदा तट स्थित श्रीराम घाट पर मां नर्मदा का विधि-विधान से पूजन, अभिषेक एवं आरती की जाएगी। इसके पश्चात सुबह 9 बजे श्रद्धालुओं का जत्था बाबा बफार्नी के जयकारों के साथ यात्रा के लिए रवाना होगा।उन्होंने बताया कि इस वर्ष यात्रा में लगभग 35 से 40 श्रद्धालु शामिल होंगे। यात्रा केवल अमरनाथ धाम तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि देश के अनेक प्रमुख धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन भी श्रद्धालु करेंगे। यात्रा के दौरान श्रद्धालु मथुरा-वृंदावन, माता वैष्णो देवी धाम, अमृतसर, वाघा बॉर्डर, मेहंदीपुर बालाजी, खाटू श्याम जी, सांवलिया सेठ, उज्जैन महाकालेश्वर तथा ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।

# प्रदेशव्यापी सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान का शुभारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित राज्यव्यापी साइबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 के अंतर्गत आज जिला आलीराजपुर में अभियान का ुभारंभ पुलिस अधीक्षक श्री रघुवां सिंह द्वारा किया गया। उक्त प्रदेशव्यापी "सेफ क्लिक 2.0" अभियान दिनांक 24 जून 2026 से 8 जुलाई 2026 तक आयोजित होगा। शुभारंभ कार्यक्रम के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री संतोष मक्कु परवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री रिंको तवर, सांसद प्रतिनिधि श्री गोविंद गुप्ता, सम्मानित पत्रकारगण तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष श्री संतोष मक्कु परवाल द्वारा जिला पुलिस द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम एवं जन-जागरूकता हेतु चलाए जा रहे "सेफ क्लिक 2.0" अभियान की सराहना की गई। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते समय सतर्कता बरतें तथा साइबर सुरक्षा संबंधी सावधानियों का पालन करें।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री रघुवां सिंह द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए बताया गया कि पूर्व में भी "सेफ क्लिक" अभियान का सफलता पूर्वक संचालन किया गया था तथा "सेफ क्लिक 2.0 उसी अभियान का उन्नत एवं विस्तारित संस्करण है। उन्होंने कहा कि




वर्तमान समय में साइबर अपराधों के लगातार बदलते स्वरूप को देखते हुए विषो रूप से युवाओं एवं नई पीढ़ी को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, डिजिटल सुरक्षा तथा साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जागरूक किया जाना आवयक है।

आज दिनांक को सेफ क्लिक 2.0 अभियान का जिलास्तरीय मुख्य कार्यक्रम पुलिस नियंत्रण कक्ष आलीराजपुर मे हुआ, साथही जिले के थाना आजादनगर, कटिठवाडा, उदयगढ मे भी थानास्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उपस्थित नागरिकों को साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपायों, फर्जी लिंक, डिजिटल अरेस्ट, सोाल मीडिया फ्रॉड एवं वित्तीय साइबर अपराधों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री रघुवां सिंह द्वारा उपस्थित सभी नागरिकों को *साइबर सुरक्षा ापथ* दिलाई गई तथा अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जन-जागरूकता हेतु सायबर जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

जिला पुलिस आलीराजपुर द्वारा "सेफ क्लिक 2.0" अभियान के माध्यम से आगामी दिनों में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों, ग्राम पंचायतों एवं नगरीय क्षेत्रों में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया जा सके।

आयोजित कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति उमठ बघेल, उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा श्री त्रिलोक सिंह पंवार, अअपु आलीराजपुर श्री अविनी कुमार, रक्षित निरीक्षक इनोद रंधावा, थाना प्रभारी आलीराजपुर सोनू सिटोले एवं सॉयबर टीम उपस्थित रही।

### सेफ क्लिक 0 .2 अभियान के तहत

## बुरहानपुर में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



मध्य प्रदेश पुलिस के च्सेफ क्लिक 0.2अभियान के तहत बुरहानपुर में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। गुरुवार को बुरहानपुर पुलिस ने जिले के विभिन्न स्कूल और कॉलेजों में ये कार्यक्रम चलाए, जहां छात्र-छात्राओं को साइबर खतरों के प्रति सचेत किया गया और उन्हें सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने माइक्रो विजन स्कूल में विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने बढ़ते साइबर अपराधों और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी। आशुतोष बागरी ने छात्रों को इंटरनेट और सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सदैव सतर्क रहने की सलाह दी।

**अनजान लिंक पर क्लिक न करने की सलाह**

आशुतोष बागरी ने विशेष रूप से आगाह किया कि किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजी गई लिंक, संदिग्ध ईमेल, फर्जी वेबसाइट या मोबाइल एप्लिकेशन पर बिना सत्यापन के क्लिक न करें। उन्होंने विद्यार्थियों को ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी, पासवर्ड, यूपीआई पिन और अन्य व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करने की हिदायत दी।

कार्यक्रम में डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन जॉब फ्रॉड, निवेश धोखाधड़ी, फर्जी कस्टमर केयर कॉल और ऑनलाइन गेमिंग जैसे विभिन्न साइबर अपराधों के नए तरीकों से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया।

**टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन के बारे में बताया**

सीएसपी गौरव पाटिल ने छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर गोपनीयता सेटिंग्स का सही उपयोग करने, मजबूत पासवर्ड रखने और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन अपनाने के बारे में बताया। उन्होंने साइबर बुलिंग और फेक प्रोफाइल से सावधान रहने की भी जानकारी दी। इस दौरान एक विशेष साइबर सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

इस अवसर पर माइक्रो विजन स्कूल के संचालक आनंद चौकसे और कबीर चौकसे, रक्षित निरीक्षक सुनील दीक्षित, थाना प्रभारी लालबाग अमित जादौन, थाना प्रभारी कोतवाली नीता देयरवाल, थाना प्रभारी शिकारपुरा संदीप चौरसिया, साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मनीष दीक्षित सहित स्कूल स्टाफ और पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## स्पर्श पोर्टल के माध्यम से होगा आवेदन और स्वीकृति की पूरी प्रक्रिया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की मुख्यमंत्री दिव्यांगजन शिक्षा प्रोत्साहन योजना का वित्तीय वर्ष 2026-27 में ऑनलाइन आवेदन 31 अगस्त तक किये जा सकेंगे। योजना के प्रभावी संचालन के लिए एनआईसी मध्यप्रदेश के सहयोग से स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन प्रणाली विकसित की गई है, जिसके माध्यम से पात्र दिव्यांग छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकेंगे। योजना के अंतर्गत अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थी पात्रतानुसार स्वयं स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके साथ ही जिला कार्यालयों में प्राप्त ऑफलाइन आवेदनों को भी संयुक्त अथवा उप संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण द्वारा पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा। ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों का परीक्षण जिला स्तर पर किया जाएगा। पात्रता एवं नियमानुसार आवेदनों को स्वीकृत किया जाएगा तथा अपात्र पाए जाने वाले आवेदनों को अस्वीकृत किया जाएगा। विद्यार्थियों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण एवं स्वीकृति-अस्वीकृति की प्रक्रिया 15 सितम्बर 2026 तक पूर्ण की जाएगी। योजना के तहत स्वीकृत हितग्राहियों को उनकी पात्रतानुसार सामग्री का वितरण विश्व दिव्यांग दिवस ३ दिसम्बर 2026 के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रमों में किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने सभी पात्र दिव्यांग छात्र-छात्राओं से निर्धारित समय-सीमा में आवेदन करने का आग्रह किया।



## पेपर लीक और शिक्षा नीतियों पर कांग्रेस ने किया संवाद

**खकनार, बुरहानपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रविंद्र महाजन द्वारा च्छात्रों की गूंजज अभियान के तहत छात्र संवाद कार्यक्रम ग्राम खकनार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा, छात्र-छात्राएं और शिक्षाविद उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रविंद्र महाजन ने छात्रों से संवाद करते हुए वर्तमान में हुए पेपर लीक घोटाले, शिक्षा के व्यवसायीकरण और वर्तमान सरकार की शिक्षा नीतियों की कमियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह देश युवाओं का है और युवाओं के साथ हो रहा छल सहन नहीं किया जाएगा। पेपर लीक मामले पर देश के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा लिया जाएगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सार्वजनिक रूप से देश के युवाओं एवं छात्रों से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता निखिल खंडेलवाल ने छात्रों से चर्चा कर शिक्षा के क्षेत्र में आ रही कठिनाइयों को समझा। हाल ही में हुए नीट पेपर लीक के मामले पर छात्रों से उनकी प्रतिक्रिया ली और विश्वास दिलाया कि देश के युवाओं एवं छात्रों को मनोबल खोने नहीं दिया जाएगा। जरूरत पड़ने पर कांग्रेस पार्टी का हर कार्यकर्ता उनके साथ खड़ा रहेगा।

## फसलों के लिए फायदेमंद है सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक का उपयोग

**बड़वानी ।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी में जिले में उर्वरक वितरण व्यवस्था की समीक्षा हेतु कृषि, सहकारिता एवं मार्कफेड के अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में उर्वरक की आपूर्ति और वितरण सुचारू रूप से होना चाहिए। इसके लिए उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियो को अपने-अपने क्षेत्रों में समान एवं सुचारू उर्वरक वितरण व्यवस्था की कड़ाई से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। उर्वरक वितरण में एक्सेप्शनल हैंडलिंग तत्परता से की जाए। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पिछले वर्ष खाद की माँग का आकलन करें और माँग के आधार पर ही उर्वरक की नई डिमांड रेज करना सुनिश्चित करें, ताकि जिले में खाद की कोई कमी न हो।

## आदिम जाति कल्याण विभाग के दो अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच




जिले के आदिम जाति कल्याण विभाग में पिछले 12 वर्षों से भ्रष्टाचार के खेल का खुलासा हूआ है। विभाग मे एक दशक से अधिक समय से कुर्सी पर जमे हुए अधिकारी और कर्मचारी , राकेश राठौर और हरीश चौहान को १ लाख की रिश्वत मामले में लोकायुक्त में पकड़ा हैद्य यहां अभी विभाग में रिश्वतखोरी का लंबे समय से खेल करने के गंभीर आरोप लगे हैं।

सूत्रों के अनुसार, इन दोनों की सांठगांठ से विभाग में विभिन्न कार्यों के लिए लंबे समय से अवैध वसूली की जा रही थी। दोनों अधिकारी आरोपी राकेश राठौर और हरीश चौहान ने पिछले एक दशक से अधिक समय से विभाग में अपनी पैठ जमा रखी थी। इस दौरान, शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने, फाइलों को आगे बढ़ाने और अन्य विभागीय कार्यों के बदले में हितग्राहियों व अन्य लोगों से खुलेआम रिश्वत की मांग की जाती थी। विभागीय संरक्षण मिलने के कारण इन दोनों का काम जारी रहा। जागरूक लोगो का आरोप है कि इतने लंबे समय तक इस भ्रस्टाचार के चलने से यह स्पष्ट होता है कि इन्हें ऊपर से भी कहीं न कहीं संरक्षण मिलता था। इस रिश्वत के खेल ने न केवल विभाग की छवि धूमिल की है, बल्कि कई पात्र हितग्राही भी सरकारी मदद से वंचित रहे और उन तक लाभ नहीं पंहुचा होगा ।

कार्यकाल की गहन जांच होनी चाहिएऔर दोषी पाए जाने पर विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ आपराधिक मामला दर्ज कर सख्त सजा दी जानी चाहिए ताकि भविष्य में कोई और ऐसा न कर सके। फिलहाल, विभाग के उच्च अधिकारियों पर भी यह दबाव है।

## जवाहर मार्ग पर 8 दिन से खड़ी क्षतिग्रस्त बाइक, रहवासी परेशान

**सनावद।** नगर के व्यस्ततम जवाहर मार्ग पर शिवानी गारमेंट्स के सामने पिछले करीब आठ दिनों से एक क्षतिग्रस्त बाइक लावारिस हालत में खड़ी है। लंबे समय से वाहन नहीं हटाए जाने से रहवासियों और व्यापारियों में नाराजगी है। उनका कहना है कि बाइक सड़क किनारे अव्यवस्थित तरीके से खड़ी होने के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है और दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार बाइक किसी दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हुई प्रतीत होती है। वाहन के कई हिस्से टूटे हुए हैं, लेकिन अब तक उसे हटाने या जब्त करने की कार्रवाई नहीं की गई। रहवासियों का कहना है कि मामले की सूचना पुलिस को भी दी जा चुकी है, इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। रामनारायण बिरला, दिलीप बिरला, श्रीराम राठौर, गोविंद सिंह गौड़, अरविंद गुप्ता, पंकज कुमरावत एवं संजय शुक्ला ने पुलिस और नगर प्रशासन से लावारिस वाहन को तत्काल हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो यह वाहन किसी भी समय हादसे का कारण बन सकता है। रहवासियों ने प्रशासन से वाहन को जब्त कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने तथा भविष्य में ऐसी स्थितियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की।



## स्नान पूर्णिमा पर पवित्र तीर्थों के जल से होगा भगवान जगन्नाथ का महाअभिषेक

**उज्जैन।** इस्कॉन मंदिर में आगामी 29 जून को भगवान श्री जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा महारानी का दिव्य स्नान पूर्णिमा महोत्सव अत्यंत भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इस वर्ष यह धार्मिक उत्सव मध्यप्रदेश शासन के 'जलगंगा संवर्द्धन अभियान' के समापन समारोह के रूप में भी आयोजित हो रहा है। इस बार का विशेष आकर्षण यह है कि प्रदेशभर में जल संरक्षण अभियान के तहत जिन पवित्र नदियों, तीर्थों और सरोवरों का जल सहेजा गया है, उसी पावन जल से भगवान जगन्नाथ का महाअभिषेक संपन्न होगा। इस्कॉन उज्जैन के कम्यूनिकेशन डायरेक्टर राघव पंडित दास ने बताया कि स्नान यात्रा महोत्सव का शुभारंभ 29 जून को प्रातः 7.30 बजे पांडु-विजय कीर्तन के साथ होगा। भगवान को स्नान वेदी पर विराजमान कर मंगल आरती की जाएगी और फिर दिव्य अभिषेक प्रारंभ होगा। महोत्सव में सभी श्रद्धालुओं को अपने हाथों से भगवान जगन्नाथ का अभिषेक करने का दुर्लभ अवसर प्राप्त होगा। अभिषेक के पश्चात श्रद्धालु भगवान के दिव्य गजवेश के दर्शन कर सकेंगे और महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। महोत्सव में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके साथ ही इस्कॉन भारत के उपाध्यक्ष महामन महाराज, इस्कॉन उज्जैन के अध्यक्ष भक्ति प्रेम स्वामी महाराज सहित कई साधु-संत और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। प्रदर्शनी में दिखेंगे 108 रथ, शाम को मनेगी संन्यास वर्षगांठ महोत्सव के दौरान समूचे मध्यप्रदेश में निकलने वाली 108 रथ यात्राओं के रथों और स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए बनाए।

## सिविल अस्पताल में 10 बिस्तरीय पोषण पुनर्वास केंद्र का शुभारंभ हुआ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद/बड़वाह

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के कुपोषित बच्चों की चिकित्सा और देखभाल के लिए सिविल अस्पताल में 10 बिस्तरीय पोषण पुनर्वास केंद्र का शुभारंभ किया गया।विधायक सचिन बिरला,नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता एवं जनप्रतिनिधियों ने पोषण पुनर्वास केंद्र का शुभारंभ किया।विधायक ने कहा कि बहुप्रतीक्षित पोषण पुनर्वास केंद्र की स्थापना से क्षेत्र के कुपोषित बच्चों को त्वरित चिकित्सा मिल सकेगी। पोषण पुनर्वास केंद्र की क्षमता को जल्दी ही 10 से बढ़ाकर 20 बिस्तरीय किया जाएगा। केंद्र में 6 माह से 5 वर्ष तक के कुपोषित बच्चों को वजन बढ़ाने एवं स्वस्थ करने के लिए पौष्टिक दलिया,दूध



और निःशुल्क औषधियाँ दी जाएंगी।

चिकित्सा के दौरान बच्चे की माता अथवा एक परिजन को 14 दिनों तक शासन की ओर से प्रतिदिन 120 रुपये पारिश्रमिक के रूप में दिए जाएंगे।विधायक ने कहा कि सनावद के शासकीय अस्पताल को सौ एवं बेड़िया के शासकीय अस्पताल को ५० बिस्तरीय करने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश की डॉ.मोहन यादव सरकार बच्चों के कुपोषण की समस्या के समूल उन्मूलन और शासकीय अस्पतालों में चिकित्साएं सुविधाएं बढ़ाने के लिए संकल्पबद्ध है। नपाध्यक्ष ने कहा कि पोषण पुनर्वास केंद्र की स्थापना से सुदूरवर्ती ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों के कुपोषित बच्चों को समय पर समुचित चिकित्सा मिल सकेगी। भाजपा नेता जितेंद्र सुराणा ने कहा कि बच्चों में कुपोषण की समस्या के समाधान के लिए प्रदेश सरकार अनेक उपाय कर रही है। भाजपा नेता महिम ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र के कुपोषित बच्चों की चिकित्सा एवं देखरेख के लिए नवस्थापित पोषण पुनर्वास केंद्र वरदान सिद्ध होगा।

इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकित गुप्ता,भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष खुमानसिंह जाट,सांसद प्रतिनिधि निशांत सोनी,ब्रजेंद्र जोशी,बिट्टा भाटिया,अमरसिंह चौहान,गणेश पटेल, मिड्डू भटिया,अशोक तिवारी, महेंद्रसिंह भाटिया,दीपक ठाकुर,रवि एरन, निखिलेश खंडेलवाल,संजय जैन,लखन गड़गोती, दिनेश कोठिया, एल्डरमैन विक्रांत कोठारी,अर्जुन केवट,गुलबीरसिंह भाटिया, कैलाश साहू,एसडीएम सत्य नारायण दर्रो,बीएमओ डॉ. राजेंद्र मिमरोट, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी अनिल जैन, हॉस्पिटल प्रभारी डॉ.यशवंत इंगला, डॉ.राजेश मेड़ा, डॉ.मनोज निराले, डॉ.रोहित मंडलोई,डॉ. सूर्यप्रकाश उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थीं।

## न्यूज -कॉलम

### हरसिद्धि चौराहा पर रोती मिली साढ़े तीन साल की बालिका



**उज्जैन।** अलीराजपुर से महाकाल दर्शन करने आया परिवार गुरूवार सुबह मंदिर से कर्कराज पार्किंग के आगे रहने वाले परिचित के यहां मिलने पहुंचा था। इस दौरान परिवार की साढ़े तीन वर्षीय बालिका अचानक लापता हो गई। परिवार ने आधे घंटे तक तलाश की, नहीं मिलने पर डायल 112 पर कॉल किया। बालिका के लापता होने पर थाना प्रभारी गगन बादल ने टीम को अलर्ट किया और बालिका की तलाश शुरू की गई। करीब 45 मिनट बाद हरसिद्धी चौराहा पर महाकाल मंदिर सुरक्षाकर्मी सतीश प्रजापति को एक बालिका रोती हुई दिखाई दी। उसने तत्काल हरसिद्धी चौराहा पाइंट पर डायल 112 को जानकारी दी। प्रधान आरक्षक मुनेन्द्रसिंह भदौरिया और पायलेट सतीश बैरागी बालिका को थाने लेकर पहुंचे। उक्त बालिका को पुलिस पूर्व से तलाश कर रही थी। बालिका के मिलने पर परिवार को सूचना दी गई और सकुशल मिली बालिका को सौंपा गया। बालिका खेलते समय अकेली निकल गई थी। उसके मिलने पर परिवार ने पुलिस और महाकाल मंदिर सुरक्षाकर्मी का आभार माना।

### खेत को लेकर 2 परिवारों में चले पत्थर और लात-घूंसे

**उज्जैन।** महिदुपर के ग्राम महू रामलाल पिता जोगीचंद्र 60 साल और भीमा पिता धन्ना डाबी 60 साल के बीच खेत को लेकर विवाद हो गया। दोनों के परिवार में पत्थर और लात-घूंसे चले। मामला महिदपुर थाना पुलिस के पास पहुंचा तो दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि दोनों पक्ष एक ही परिवार के है और खेत अपना होना बता रहे है। रामलाल का कहना था कि अपनी पत्नी, पुत्री, जमाई और मामा सुसर के साथ खेत में पत्थर बीनने का काम कर रहे थे। तभी भीमा डाबी और उसकी पत्नी ने आकर खेत अपना बताते हुए लात-घूंसों से मारपीट की। वहीं भीमा डाबी का आरोप था कि खेत उसका है, रामलाल से खेत में आने का कारण पूछा तो सभी ने पथराव कर दिया। पुलिस के अनुसार मामला जांच में है। तहसील कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर खेत किसका है, इस बात का पता लगाया जायेगा।

### राज्य साइबर सेल टीम ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**उज्जैन।** सेफ क्लिक 2.0 अभियान 24 जून से 8 जुलाई तक चलाया जा रहा है। जिसमें साइबर सुरक्षा को लेकर बच्चों से लेकर बुजुर्गो को जागरूक करने के लिये राज्य साइबर सेल के साथ पुलिस मैदान में उतर चुकी है। गुरूवार को राज्य साइबर सेल की टीम उपपुलिस अधीक्षक लीना मारोठ के मार्गदर्शन में तराना स्थित सांदीपनी हायर सेकेंडरी स्कूल और सरस्वती शिशु मंदिर पहुंची। जहां 700 से अधिक छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि सोशल मीडिया का उपयोग करते समय प्रोफाइल लॉक, टू स्टेप वेरिफिकेशन का ध्यान रखना है। आर्थिक साइबर अपराधों के संबंध में एटीएम का उपयोग करते समय सावधानी, वन टाइम पासवर्ड किसे से शेयर नहीं करने, एपीके फाइल इंस्टॉल नहीं करने, फर्जी स्टॉक मार्केट में निवेश, डिजिटल अरेस्ट, आनलाइन पार्ट टाइम जॉब और ऑनलाइन टॉस्क के नाम पर होने वाली ठगी को लेकर जागरूक किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं के सवालों का जवाब निरीक्षक अमित परिहार, एसआई सत्येन्द्रसिंह, एएसआई प्रवीणसिंह पंवार, महिला आरक्षक रजनी निगवाल, तप्ती लोधी द्वारा दिये गये। राज्य साइबर सेल की टीम ने बुधवार को पुलिस प्रशिक्षण शाला और केन्द्रीय विद्यालय में जागरूकता अभियान का आयोजन किया था।

### स्कूटी सवार दंपति को थार गाड़ी ने मारी टक्कर

**उज्जैन।** अब्दालपुरा आरएमडी मार्ग पर रहने वाला सब्बीर पिता नूर मेव 55 साल पत्नी अकीला बी के साथ स्कूटी पर सवार होकर घट्टिया से उज्जैन लौट रहा था। उसी दौरान रास्ते में पीछे से आई अज्ञात थार गाड़ी ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दंपति घायल हो गये। घट्टिया थाना पुलिस ने घायल दंपति को अस्पताल पहुंचाया और अज्ञात थार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया। दुर्घटना का एक मामला घट्टिया थाना क्षेत्र के सत्रह मील मार्ग पर हुआ। बाइक सवार अर्जुन पिता बाबूलाल चौहान निवासी तेजाजी चौक घट्टिया को ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचएफ 9850 ने टक्कर मार दी। पुलिस ट्रक नम्बर के आधार पर चालक का पता लगा रही है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | 228-2 | | 588-1 |
| मेन बाजार | 460-0 | | 125-8 |
| कल्याण नाइट | | | |
| मिलन डे | 670-3 | | 146-1 |
| मिलन नाइट | 590-4 | | 115-7 |
| मधुर डे | 880-6 | | 159-5 |
| मधुर नाइट | 569-0 | | 189-8 |
| शुभांक | 6 | 8 | 2 |

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुई पुष्टि, हिरासत में मारपीट करने वाला...


# सीने पर लगी चोंट से हुई थी गंगेश्वरगिरी की मौत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

समाधि खोदकर निकाले गये साधु गंगेश्वरगिरी की लाश का मामला हत्या में तब्दील हो गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सीने पर लगी चोंट से मौत होना सामने आया है। पुलिस ने मारपीट करने वाले को हिरासत में लिया है। अब साक्ष्य छुपाकर समाधि देने वालों का पता लगाया जा रहा है।

चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि 17 जून को जावरा के रहने वाले अनिल कुमार जोशी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके भाई सुनील ने 2010 में सन्यास ग्रहण कर लिया था और गंगेश्वरगिरी बन गया था। वर्तमान में वह मंगलनाथ मंदिर के सामने कुटिया में डेढ़ वर्ष से निवासरत था। 10 जून से संपर्क नहीं हो रहा है। आखिरी बार मोबाइल पर हुई बातचीत के दौरान विवाद की आवाज सुनाई दी थी। मामले में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की थी। मंगलनाथ मंदिर के सामने कुटिया पहुंचने पर पता चला था कि 10 जून की रात गंगेश्वरगिरी की मृत्यु हो गई थी। जिसे कुटिया के पीछे समाधि दी गई है। मामला संगीन होने पर प्रशासनिक अनुमति के बाद 18 जून को समाधि खोदकर शव निकाला गया था और पोस्टमार्टम कराया गया था। 6 दिन बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने पर पता चला कि सीने में लगी चोंट के चलते मौत हुई है। रिपोर्ट के आधार पर मृतक गंगेश्वरगिरी की मोबाइल डिटेल खंगाली गई। उसने 10 जून को डायल 112 पर कॉल किया था और बताया था कि मामूली विवाद होने पर उसके साथ कौशिक पिता शशि भूषण सोनी निवासी शिवांश पैराडाइज द्वारा पानी की केन से मारपीट की गई है, सीने में दर्द हो रहा है। कॉल के दौरान गंगेश्वरगिरी को थाने आकर शिकायत दर्ज कराने की बात कहीं गई थी लेकिन वह नहीं आया था।

कॉल डिटेल के आधार पर कौशिक सोनी को हिरासत में लिया गाा है। जिससे पूछताछ में विवाद होने पर पानी की केन से मारपीट करना कबूल किया। मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपित को गुरूवार दोपहर न्यायालय में पेश किया जायेगा।



### शराब नहीं लाने पर चिमटे से मारा था

हिरासत में लिये गये कौशिक सोनी ने पूछताछ में बताया कि वह बाबा की कुटिया पर आता-जाता था। घटना वाले दिन दूध और घी लेकर पहुंचा था। बाबा ने शराब लाने के लिये कहा। जिसके चलते विवाद होने पर बाबा ने पहले चिमटे से मार दिया था। गुस्से में उसने पानी की केन फेंककर मारा था। थाना प्रभारी के अनुसार सीने में लगी चोंट से हुई मौत के बाद गंगेश्वरगिरी के संबंध में पुलिस को सूचना ना देकर साक्ष्य छुपाते हुए समाधि देने वालों की जानकारी जुटाई जा रही है उनके खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। कुटिया में शराब और नशा किया जाना भी सामने आया है।

### नीमच के महाराज पर लगा था आरोप

गंगेश्वरगिरी से संपर्क नहीं और गुमशुदा होने पर उज्जैन आये भाई अनिल जोशी ने हत्या का आरोप नीमच के महाराज भास्करानंद और उसके चेलो पर लगाया था। अनिल जोशी का कहना था कि भास्करानंद ने भाई को दीक्षा दी थी, कुछ साल बाद दोनों के रिश्ते में दरार आ गई थी। गंगेश्वरगिरी प्रयागराज कुंभ के बाद उज्जैन मलानी बाबा के कुटिया में रहने आ गया था। भास्करानंद हत्या में शामिल हो सकता है।

## मोहर्रम मनाने आया था 7 साल से फरार स्थाई वारंटी

### हत्या के प्रयास की झूठी साजिश का था आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

गोलीकांड को अंजाम देकर हत्या के प्रयास की झूठी साजिश रचने के मामले में सात सालों से फरार चल रहा स्थाई वारंटी मोहर्रम मनाने घर आया था। पुलिस ने खबर मिलने पर उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा है।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि वर्ष 2018 में अजहर पिता अफजल निवासी दिलदारपुरा को गोली लगने के मामले में धारा 307, 341, 506, 34 का प्रकरण दर्ज किया गया था। घायल अजहर ने बताया था कि बाइक से रिक्शा टकराने की बात पर युनूस, युसफ और शरीफ ने रास्ता रोक देशी कट्टे से हमला किया है। पुलिस जांच में हत्या के प्रयास का मामला साजिश होना सामने आया था। जिन पर गोली चलाने का आरोप लगाया गया था, वह घटना में शामिल नहीं थे। जिसके चलते गोली लगाने पर घायल अजहर के साथ जाकीर पिता गुल्लु अली कोठार निवासी दिलदारपुरा और अन्य साक्षियों के खिलाफ धारा 120 बी, 182, 211 भादवि के साथ 25/27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया था।





अजहर और उसके साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। लेकिन जाकीर अली कोठार लगातार फरार चल रहा था। उसके खिलाफ न्यायालय से स्थाई वारंट जारी हो चुका था। बुधवार रात खबर मिली कि फरार स्थाई वारंटी मोहर्रम मनाने के लिये घर आया हुआ है। जिसकी गिरफ्तारी के लिये एसआई सुखसेन अरियाम, प्रधान आरक्षक विजयसिंह, आरक्षक आदिराम, प्रवीण, राघव, समरथ पाटीदार को रवाना किया। कस्बे में तलाश कर उसे हिरासत में लिया गया। जिसे गुरूवार दोपहर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

## रात 12 बजे दुर्घटना, ई-रिक्शा यात्री की मौत

**उज्जैन।** ई-रिक्शा में यात्रा कर रहे यात्री की बुधवार-गुरूवार रात 12 बजे हुई दुर्घटना में मौत हो गई। चालक घायल हुआ है। मृतक की पहचान उसके पास मिले दस्तावेजों से की गई। परिवार के आने पर गुरूवार को पोस्टमार्टम कराया गया।

माधवनगर थाना पुलिस को बुधवार-गुरूवार रात 12.30 बजे खबर मिली थी कि मक्सीरोड सब्जी मंडी गेट के सामने ई-रिक्शा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी है। दुर्घटना में रिक्शा चालक लीलाधर पिता कनीराम सोलंकी निवासी कोठी लाइन घायल हुआ है। रिक्शा में सवार एक व्यक्ति की मौत हुई है। पुलिस ने दोनों को चरक अस्पताल पहुंचाया और घायल रिक्शा चालक की शिकायत पर टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। वहीं मामले में मृतक की पहचान करने के लिये तलाशी ली गई। दस्तावेज मिलने पर पता चला कि मृतक सुमेर पिता रामेश 35 साल निवासी ग्राम नलखेड़ा झारडा का रहने वाला है। रिक्शा चालक लीलाधर ने बताया कि आगररोड नाके से बैठाया था। उसे गणेशपुरा जाना था। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दी। गुरूवार सुबह परिजन उज्जैन पहुंचे। इस दौरान सामने आया कि सुमेर उपचार करने के लिये उज्जैन आया था और गणेशपुरा में परिचित के यहां रात रूकने के लिये जा रहा था। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरू की गई है। रिक्शा चालक ने पीछे से हुई टक्कर के चलते वाहन नहीं देखा था, जो मौके से भाग निकला था

## कारतूस लगी रिवाल्वर के साथ हिरासत में आया बदमाश



**उज्जैन।** रिवाल्वर लेकर घूम रहे बदमाश की खबर मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी की और उसे हिरासत में लिया। रिवाल्वर में कारतूस लगा मिला। बदमाश को पूछताछ के लिये न्यायालय से एक दिन की रिमांड पर लिया गया है।

नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि बुधवार रात खबर मिली थी कि देवास बायपास फोरलेन अंडरपास मार्ग पर एक बदमाश रिवाल्वर लेकर घूम रहा है, जो गंभीर वारदात को अंजाम दे सकता है। बदमाश की धरपकड़ के लिये एसआई हेमंत जादौन, एएसआई राजेश जाट, प्रधान आरक्षक अनिल आर्य, धर्मेन्द्र सूर्यवंशी को रवाना किया गया। घेराबंदी में संदिग्ध को पकड़ा गया और तलाशी ली गई तो उसके पास से रिवाल्वर बरामद हो गई। जिसमें एक जिंदा कारतूस लगा हुआ था। रिवाल्वर के वैध दस्तावेजों की जानकारी मांगने पर नहीं मिले। थाने लाकर पूछताछ करने पर ग्राम गोंदिया का रहने वाला प्यारसिंह पिता कन्हैयालाल मोंगिया होना सामने आया। जिसके खिलाफ पूर्व में 6 मामले दर्ज होना पाये गये। रिवाल्वर मिलने पर आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर गुरूवार को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से एक दिन की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। बताया जा रहा है कि बदमाश प्यारसिंह का भाई रूपकिशोर पर अपराधिक प्रवृति का था, जिसके खिलाफ 3 दर्जन से अधिक मामले दर्ज थे। लेकिन कुछ साल पहले उसकी मौत हो चुकी है। फिलहाल बदमाश से रिवाल्वर के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

## 20 माह बाद दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की सजा

**उज्जैन।** नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 माह बाद न्यायालय ने 20 साल सलाखों में रहने की सजा सुनाई है। बालिका के दस्तयाब होने पर उसने मर्जी के खिलाफ गलत काम होना बताया था।

मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया कि मामला बड़नगर तहसील का है। 14 अक्टूबर 2024 को तहसील में रहने वाली बालिका घर से मामी के यहां जाने का बोलकर निकली थी और लापता हो गई थी। परिवार से सभी जगह तलाश करने के बाद दूसरे दिन अज्ञात युवक द्वारा बहला-फुसला कर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर तलाश शुरू की थी। कुछ दिन बाद बालिका पुलिस ने खोज लिया था। बालिका के बयान दर्ज करने पर उसने बताया था कि अंकुश पिता शंकरलाल खराडी निवासी ग्राम खेड़ा बदनावर उसे शादी का झांसा देकर सातरूंडा माता मंदिर ले गया था और शादी कर उसे गुजरात ले गया था। जहां उसकी मर्जी के खिलाफ 3 से 4 बार गलत काम किया। बालिका के बयान पर पुलिस ने धाराओं का इजाफा कर अंकुश को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। 20 माह तक चली सुनवाई के बाद विशेष न्यायाधीश राम बिलास गुप्ता (पास्को एक्ट) बड़नगर द्वारा फैसला सुनाते हुए आरोपी को 20 साल की सजा और 11 हजार अर्थदंड से दंडित किया गया। प्रकरण में प्रभारी उपनिदेशक अभियोजन राजेन्द्र कुमार खांडेगर के मार्गदर्शन में भारती उज्जालिया विशेष लोक अभियोजक द्वारा पैरवी की गई।

## कार-आटो से आये 8 लोगों ने चाकू-डंडे से किया हमला

**उज्जैन।** मकान निर्माण का कार्य कर लौट रहे ठेकेदार, मिस्त्री और मजदूरों का रास्ता रोक कार और आटो से आये 7-8 लोगों ने चाकू-डंडे से हमला कर दिया। विवाद में 7 घायल हो गये। पुलिस ने 2 नामजद और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

घट्टिया तहसील के दुर्गा कालोनी में रहने वाले अनिस पिता राधेश्याम गेहलोत की शिकायत पर राजस्थानी ढाबे के आगे आगररोड पर हुए हमले के मामले में शिव दायमा निवासी पुरीखेड़ा भैरवगढ़ और अजय गरासिया निवासी पानबडोदिया सहित 5-6 अन्यों के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 118 (1), 351 (3), 324 (4), 3(5) का मामला दर्ज किया है। अनिस ने बताया कि हमले में उसके साथ राकेश पिता रामप्रवेश, विकास चावड़ा निवासी घट्टिया, विशाल कछावा, निलेश चौहान निवासी निपानिया गोयल और पिंटू कछावा घायल है। पुलिस ने घायल राकेश के बयान दर्ज किये। उसने बताया कि आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के पास मकान का निर्माण कार्य कर रहे है। काम खत्म होने के बाद ठेकेदार राहुल के साथ बाइक से वापस लौट रहे थे। तभी अर्टिका कार और आटो में सवार होकर आये 7-8 लोगों ने रास्ता रोका और पूछा बंजारा समाज के हो। बंजारा समाज से होना बताया तो उन्होने चाकू-डंडे से हमला किया। बताया जा रहा है कि एक दिन पहले हमलावरों का बंजारा समाज के कुछ लोगों से विवाद हुआ था। उसी विवाद की शंका में हमला किया गया है। चिमनगंज थाना एसआई लक्ष्मण उईके ने बताया कि आटो और कार का नम्बर ट्रेस आरोपियों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। गिरफ्त में आने पर मारपीट का सही कारण सामने आ पायेगा।


### जाहिर सूचना का खंडन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण (1) श्रीमती सुगनबाई पत्नी स्व. रघुनाथ सिंह आंजना, (2) श्रीमती हंसकुंवर पति श्री करणसिंह निवासीगण ग्राम कुवारिया, तहसील एवं जिला उज्जैन तथा (3) श्रीमती मंजू पति श्री प्रतापसिंह निवासी ग्राम बोरखेड़ा भल्ला, तहसील एवं जिला उज्जैन ने मुझे श्री योगेश शर्मा एडवोकेट द्वारा दिनांक 22.06.2026 को दैनिक अवंतिका समाचार पत्र में प्रकाशित जाहीर सूचना का खंडन करने हेतु अधिकृत किया है तद्रुसार मेरे पक्षकारगण से प्राप्त निर्देशों के आधार पर उक्त जाहिर सूचना का निम्नानुसार खंडन प्रकाशित किया जाता है-उक्त जाहिर सूचना में ग्राम जवासिया कुमार, तहसील एवं जिला उज्जैन स्थित कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 98/2/2, 99/2, 258/1/1, 258/1/2, 412/1/1, 420, 425/2 एवं 426/3, कुल रकबा 2.5200 हेक्टेयर, के संबंध में संजय सिंग द्वारा विक्रय का उल्लेख किया गया है, जबकि उक्त भूमि स्वर्गीय रघुनाथ सिंह आंजना की पैतृक एवं संयुक्त पारिवारिक संपत्ति है जिसमे उनका भवन भी निर्मित हैं। स्वर्गीय रघुनाथ सिंह के निधन के उपरांत उक्त संपत्ति में समस्त वैधानिक उत्तराधिकारियों, जिनमें मेरे पक्षकारगण भी सम्मिलित हैं, का वैधानिक अधिकार एवं हिस्सा उत्पन्न हो चुका है। मात्र राजस्व अभिलेखों में विद्यमान नामांतरण/प्रविष्टियों का दुरुपयोग कर स्वयं को एकमात्र स्वामी प्रदर्शित करते हुए संपूर्ण भूमि का विक्रय करने का प्रयास पूर्णतः विधि-विरुद्ध एवं मेरे पक्षकारगण के अधिकारों के प्रतिकूल है। मेरे पक्षकारगण द्वारा श्री संजय सिंह को उक्त भूमि के विक्रय हेतु कभी कोई सहमति, अधिकार अथवा अनापत्ति प्रदान नहीं की गई है नाही कोई हक त्याग किया हैं, अतः उनके द्वारा किया गया अथवा किया जाने वाला कोई भी सौदा, अनुबंध या विक्रय पत्र मेरे पक्षकारगण के अधिकारों पर बाध्यकारी नहीं होगा। इसलिए सर्वसाधारण एवं प्रस्तावित क्रेताओं को सूचित एवं सचेत किया जाता है कि उक्त भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय अथवा लेन-देन नहीं करे, अन्यथा मेरे पक्षकारगण को उचित न्यायालयीन एवं दंडात्मक कार्यवाही करना आवश्यक होवेगी जिसमे होने वाले व्यय एवं हानियो कि ज़िम्मेदारी आप महोदय के पक्षकार कि होवेगी 7 यह सूचित हो।

**अधिवक्ता अर्पित जैन**
**कार्यालय-94 संत नगर सांवेर रोड उज्जैन ( म.प्र. )**
**मो. 9424892418**

### ज़ाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार राकेश कुमार शर्मा पिता स्व. उमेशचंद्र शर्मा निवासी 115. सतीगेट, गोपाल मंदिर मार्ग, उज्जैन ने भवन स्वामी प्रतीक बंसल पिता स्व. पदम बंसल, निवासी 21 ओल्ड अग्रवाल नगर, नवलखा, इंदौर, जिला इंदौर (म.प्र.) के एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य के भवन क्रमांक 118, जो कि सती दरवाज़ा, गोपाल मंदिर मार्ग, उज्जैन में स्थित है, जिसके भूखंड का कुल क्षेत्रफल 812 वर्गफीट है एवं जो वर्तमान में तीन (जी+2) मंज़िला गार्डर फर्शी की छत का बना हुआ है, को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया है तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी है। यदि उक्त भवन को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात् उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र को पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक 26.06.2026

**आदेश शिंदे, सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट**
**कार्यालय- 34, आदित्य नगर, उत्कृष्ट विद्यालय के पास, उज्जैन**
**मो. 9265035097,7803941577**


### जाहिर सूचना

**बाबत् भूखण्ड क्रमांक 169 स्थित तिरूपति क्रिस्टल ब्लॉक ए कॉलोनी, ग्राम जीवनखेडी तहसील व जिला उज्जैन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री योगेश पंडया पिता श्री चंद्रशेखर पंडया, निवासी-110, ग्राम सोहड, पोस्ट पीरझलार, उज्जैन म.प्र. से इनके मालिकाना स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 169 स्थित तिरूपति क्रिस्टल ब्लॉक ए कॉलोनी, ग्राम जीवनखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 65.03 वर्गमीटर या 700.00 वर्गफीट है जिसकी चर्तुसीमा के पूर्व दिशा में रास्ता कॉलोनी का, पश्चिम में भूखण्ड क्रमांक 157, उत्तर में- भूखण्ड क्रमांक 170, दक्षिण में भूखण्ड क्रमांक 168 स्थित है को मय तल जमीन व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर सौदा चिट्ठी संपादित कर संपत्ति स्वामी को टोकन राशि दे दी गई है तथा अब उक्त संपत्ति स्वामी को शेष विक्रय मूल्य राशि अदा कर उनसे विक्रय-पत्र का संपादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है, यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था, शासन, इति आदि का भार, बोझा, गिरवी, हित, अधिकार, डिक्री, अटैचमेंट हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो व इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिनों में मय लेखी प्रमाण सहित अपनी आपत्ति पंजीकृत डाक से मेरे कार्यालय में प्रेषित करें, अवधि पश्चात उक्त संपत्ति की शेष विक्रय मूल्य की राशि का भुगतान संपत्ति स्वामी को मेरे पक्षकार द्वारा कर सदर संपत्ति के विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में करवा लिया जायेगा एवं अवधि पश्चात उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही रहेगी। सूचित हो इति दिनांक 26-06-2026

**महेन्द्र मालवीय ( एड्व्होकेट )**
**कार्यालयः ऑफिस नंबर 143 फर्स्ट फ्लोर, सी-21 रेस-कॉम,नानाखेडा, उज्जैन**

# इस तरह मदद करने पर मिलती है कामयाबी, सौ गुना होकर लौटती है



एक बार बेंजामिन फ्रैंकलिन ने एक धनी व्यक्ति की मेज पर बीस डॉलर की सोने की गिन्नियां रखते हुए कहा, सर, आपने बुरे वक्त में मेरी सहायता की थी, मैं उसका बहुत आभारी हूं। अब मैं इतना सक्षम हो गया हूं कि आपका वह कर्ज लौटा सकूं। मैं उसे लौटाने आया हूं। बेंजामिन फ्रैंकलिन की बात सुनकर वह व्यक्ति उन्हें गौर से देखते हुए बोला, क्षमा कीजिए, मैंने आपको पहचाना नहीं। न ही मुझे यह याद है कि मैंने किसी को बीस डॉलर उधार दिए थे। बेंजामिन बोले, मैं उन दिनों एक मुद्रणालय में समाचारपत्र छापने का काम करता था। एक दिन मेरी तबीयत खराब हो गई थी, तब मैंने आपसे बीस डॉलर लिए थे। उस व्यक्ति को अपने बीते दिनों की बात याद हो आई। वह बोला, हां मुझे याद आ गया। लेकिन दोस्त, यह तो मानव का सहज धर्म है कि वह आपत्तिग्रस्त व्यक्ति की यथाशक्ति सहायता करे। इन्हें आप अपने पास ही रखें और कभी कोई जरूरतमंद व्यक्ति आपको मिल तो उसे दे दें, जिस तरह मैंने एक दिन आपको दी थी।

बेंजामिन उस व्यक्ति से बहुत प्रभावित हुए और उन्हें नमस्कार कर उन गिन्नियों को अपने साथ ले आए। उसके बाद एक जरूरतमंद व्यक्ति को उन गिन्नियों को दे दिया। जब उस व्यक्ति ने बेंजामिन से उन गिन्नियों को लौटाने की बात कही तो उन्होंने भी उस युवक से किसी जरूरतमंद को उन गिन्नियों को देने की बात कही। बेंजामिन ने कहा, मैं समझूंगा कि मेरी गिन्नियां मुझे मिल गईं।

युवक बेंजामिन से बोला, सर, मैं ऐसा ही करूंगा। इसके बाद बेंजामिन उस युवक के कंधे पर हाथ रखते हुए बोले, किसी जरूरतमंद की वक्त पर मदद करना ही सबसे बड़ी मदद है। अगर हम किसी की मदद करते हैं तो वह मदद सौ गुना अधिक होकर हमारे पास लौटती है और हमें कामयाब बनाती है। युवक उनकी बातों से सहमत था।



सम्पादकीय

## भारी पड़ेगा मानसून का रूठना

मानसून की महत्ता को इसी बात से समझ सकते हैं कि कहावतों में इसे 'भारत का वास्तविक वित्त मंत्री' कहा गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए मानसून की मेहरबानी बहुत मायने रखती है। चूंकि मानसून एक मौसमी परिघटना है, इसलिए उसकी दशा-दिशा भी कई जलवायविक पहलुओं पर निर्भर करती है। ऐसा ही एक पहलू है अल नीनो। इस साल अल नीनो की आशंकाओं ने नीति-नियंताओं की चिंताएं बढ़ा दी हैं। यह बहुत स्वाभाविक भी है, क्योंकि कई प्रकार की अनिश्चितताओं से उपजी अस्थिरता में कमजोर मानसून वर्तमान स्थितियों को और बिगाड़ने का ही काम करेगा।

विश्व मौसम विज्ञान संगठन यानी डब्ल्यूएमओ के अनुसार जून से अगस्त 2026 के बीच अल नीनो के सक्रिय होने की आशंका 80 प्रतिशत तक है, जो नवंबर तक 90 प्रतिशत तक हो सकती है। अमेरिकी मौसम विज्ञानियों का अनुमान है कि अल नीनो के वर्ष 2026-27 की पूरी सर्दियों तक बने रहने के 96 प्रतिशत तक आसार हैं, जबकि नवंबर से जनवरी के बीच इसके चरम रूप धारण करने की आशंका 63 प्रतिशत तक है। हालात यही संकेत करते हैं कि 1950 के बाद यह अल नीनो का सबसे प्रचंड असर होने जा रहा है। यह किसी मौसमी अनुमान से अधिक रोजगार, खाद्य सुरक्षा, महंगाई और आर्थिक विकास दर पर मंडराते संकट की एक पूर्व चेतावनी है। इसकी अनदेखी करना बहुत भारी पड़ सकता है। अल नीनो के पीछे के विज्ञान को समझें तो गर्म पानी को पश्चिमी प्रशांत महासागर की ओर धकेलने वाली ट्रेड विंड्स कुछ वर्षों के अंतराल पर कमजोर पड़ जाती हैं। इस स्थिति में वह गर्म पानी वापस पूर्व की ओर फैलता जाता है, जिससे वायुमंडल में ऊष्मा का एक विशाल भंडार उत्सर्जित होता है। यही कारण है कि इतिहास के अब तक के सबसे गर्म साल आमतौर पर अल नीनो के वर्ष ही रहे हैं। पिछली बार वर्ष 2023-24 में इसके प्रचंड रूप ने ही वर्ष 2024 को वैश्विक तापमान के मामले में एक नया रिकार्ड बनाने की दिशा में उन्मुख किया था। यह गर्मी सिर्फ प्रशांत महासागर के ऊपर ही सिमटकर नहीं रहती। विज्ञान की भाषा में यह टेलीकनेक्शंस यानी दूरगामी मौसमी संबंधी परिघटना होती है, जो विश्व भर में वर्षा के रुझान को प्रभावित करती है। इसका एक निश्चित असर भारत में वर्षा के लिए प्रमुख रूप से उत्तरदायी मानसून पर पड़ता है। इससे न केवल मानसूनी वर्षा में देरी होती है, बल्कि उसकी मात्रा भी संकुचित हो जाती है। इस तरह एक दूरस्थ महासागर में घटित होने वाली परिघटना घरेलू समस्या का रूप धारण कर लेती है।

भय का कृत्रिम आभामण्डन

# संघ, हिंदुत्व व सनातन पर सुनियोजित हमले





मृत्युंजय दीक्षित
(दैनिक अवन्तिका)

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 100 वर्ष पुराना सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन है। यदि केरल के तीन विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने संघ की किसी व्याख्यान माला, बौद्धिक चर्चा या सार्वजनिक कार्यक्रम में श्रोता के रूप में भाग ले लिया तो इसे अपराध या पद की गरिमा के विरुद्ध कैसे माना जा सकता है? इसके लिए उन्हें माफी मांगने को क्यों कहा जा रहा है? बंगाल विधानसभा चुनाव परिणाम देखने के बाद संघ, हिंदू तथा सनातन विरोधी ताकतें पुनः पूरी आक्रामकता के साथ सक्रिय हो गयी हैं। जिन जिन राज्यों में विरोधी दलों की सरकारें हैं, उन-उन राज्यों संघ, हिंदुत्व व सनातन के विरुद्ध षड्यंत्र प्रारंभ हो गए हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर बड़ा हमला कर्नाटक से आया जहां कांग्रेसी गृहमंत्री प्रियांक खरगे ने संघ के पंजीकरण व फंडिग पर प्रश्न उठाते हुए, इन प्रश्नों का उत्तर नहीं मिलने पर संघ पर प्रतिबंध लगाने की धमकी दी। केरल के नए-नवेले मुख्यमंत्री वी. डी. सतीशन ने केरल के तीन कुलपतियों द्वारा संघ के कार्यक्रम में भाग लेने पर घोर आपत्ति जताते हुए उन्हे नोटिस थमा दी है और तीनों कुलपतियों से माफी मांगने को कहा जा रहा है। इसी बीच सपा के राज्यसभा सांसद जावेद अली ने बयान दिया कि देश का बहुसंख्यक समाज काफी हद तक जहरीला हो गया है। जावेद अली ने कहा कि बीजेपी की वजह से हिंदुओं और मुस्लिमों के बीच दूरी बढ़ी है। धर्म के आधार पर लोगों का एक दूसरे पर भरोसा टूट गया है। उत्तर प्रदेश में बकरीद के अवसर पर दोस्ती के बहाने असद ने सूर्या को बुलाया और पूरे परिवार ने मिलकर उसकी नृशंस हत्या कर दी तब ये लोग चुप्पी बांधे सूर्या के हत्यारे असद के साथ खड़े हो गए। जब असद का एनकाउंटर हुआ था तब ये मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए असद के लिए फातिहा पढ़ रहे थे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 100 वर्ष पुराना सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन है। यदि केरल के तीन विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने संघ की किसी व्याख्यान माला, बौद्धिक चर्चा या सार्वजनिक कार्यक्रम में श्रोता के रूप में भाग ले लिया तो इसे अपराध या पद की गरिमा के विरुद्ध कैसे माना जा सकता है? इसके लिए उन्हें माफी मांगने को क्यों कहा जा रहा है? जब कुलपति वामपंथी विचारकों, गांधीवादी या अम्बेडकरवादी कार्यक्रमों में भाग लेते हैं या अन्य सामाजिक संगठनों के कार्यक्रम में भाग लेते हैं तो उसे ₹बौद्धिक संवाद₹ कहा जाता है किन्तु यदि वही कुलपति संघ प्रमुख का व्याख्यान सुन ले तो उससे माफी मांगने को कहा जाता है। यह दोहरा मापदंड है।

विश्वविद्यालय ज्ञान, संवाद और विचार-विमर्श के केंद्र होते हैं, वैचारिक बहिष्कार के नहीं। यदि किसी कुलपति ने मंच से कोई राजनीतिक घोषणा नहीं की, किसी दल का प्रचार नहीं किया, किसी प्रशासनिक निर्णय को प्रभावित नहीं किया, वरन मात्र एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लिया, तो उसे ₹संघ कार्यकर्ता के स्तर तक गिर जाना₹ कहना उच्च शिक्षा संस्थानों और कुलपति की गरिमा का अपमान है। लोकतंत्र में असहमति का अधिकार है, लेकिन विचारों से असहमति और व्यक्तियों के बहिष्कार में अंतर होता है। यदि संघ से वैचारिक मतभेद हैं, तो उसका उत्तर विचार से दिया जाना चाहिए, न कि लोगों को कार्यक्रम में जाने से रोककर प्रताड़ित करके। विडंबना यह है कि जो लोग अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और वैचारिक बहुलता की बात करते हैं, वही आज यह तय करना चाहते हैं कि कुलपति किसका व्याख्यान सुन सकते हैं और किसका नहीं। क्या भारत में अब किसी शिक्षाविद् को कोई व्याख्यान सुनने के लिए राजनीतिक अनुमति लेनी होगी?

सर्वविदित है कि संघ सौ साल से काम कर रहा है। सब जानते हैं कि संघ क्या करता है। जो सोया है उसे जगाया जा सकता है जो सोने का नाटक करता है उसे नहीं जगाया जा सकता है। संघ की समाज में निश्चित छवि है। संघ अपनी छवि सुधारने के लिए नहीं अपितु समाज के हित में काम करता है। आरोपों का उत्तर देने में संघ समय नहीं व्यर्थ करता है। संघ के स्वयंसेवक समाज में काम करते हैं। संघ बढ़ रहा है तो हर जगह दिख रहा है। संघ की छवि बिगाड़ने वालों का प्रयास करने वालों की अपनी कोई विश्वसनीयता नहीं है। समाज के हर वर्ग के लोग संघ को प्रेम दे रहे हैं। संघ के काम को समाज आशीर्वाद देता है।

वर्तमान कांग्रेस जो आज संघ व भाजपा पर प्रतिबंध लगाने का सपना देख रही है उसको ध्यान रखना चाहिए कि यही काम नेहरू जी से लेकर इंदिरा जी और सोनिया जी तक करने का प्रयास करती रही हैं। प्रियांक जैसा दुस्साहस नेहरू जी ने किया था। वो अपने पत्रों में संघ को खतरा बताते थे और जिन्ना की मुस्लिम लीग को क्लीन चिट देते थे। कांग्रेस की मुस्लिम लीग के प्रति मोहब्बत की यह दुकान केरल में केरल में आज भी चल रही है। केरल के सीएम नाराज हैं कि तीन कुलपति संघ के कार्यक्रम में चले गए थे। इसी प्रकार एक बार नेहरू जी सर्वपल्ली राधाकृष्णन से नाराज हो गए थे क्योकि वह संघ की शाखा में चले गए थे। उस समय नेहरू जी के लिए संघ, पाकिस्तान से भी खतरनाक था।

नेहरू तो गांधी की हत्या के पहले से ही संघ के खिलाफ योजना बना रहे थे। गाँधी की हत्या हुई तो अवसर मिल गया और प्रतिबंध लगा दिया गया लेकिन उसके विरुद्ध साबित कुछ नहीं हुआ। कांग्रेसी आज तक संघ को समाप्त करने का सपना देख रहे हैं और संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। इनके नेताओं के मन में संघ, भाजपा व हिंदुत्व के प्रति जो घृणा है उसका मूल कारण यही है कि आज संघ व हिंदुत्व सर्वव्यापी हो चुका है। अगर हिंदू समाज का अपमान होता है तो वह उसका करारा जवाब देना सीख गया है। संघ के शताब्दी वर्ष में भाजपा व उसके सहयोगी दलों की विजय यात्रा 22 राज्यों तक पहुंच चुकी है। केरल में भी संघ का विस्तार हो रहा है और यही कारण है कि वी डी सतीशन को संघ से डर लग रहा है।

## महानता और संपन्नता परस्पर

दूसरे वे हैं जो किसान, माली, विद्यार्थी। व्यवसायी की तरह अपनी श्रम-साधना सत्प्रयोजन के लिए लगाते और अंततः बहुमूल्य फसल से अपने कोठे भरते हैं वैयक्तिक आकांक्षाओं को सीमित करें : सादा जीवन उच्च विचार का राजमार्ग हर किसी। लिए श्रेयस्कर है। उसमें आवश्यकताओं और सुविधाओं इतना अंकुश लगाना पड़ता है जिसमें शरीर के लिए मा औसत नागरिक जितनी व्यवस्था जुट सके। वैयक्तिक आकांक्षा को इतना ही स्वल्प एवं सीमित रखना चाहिए ताकि संसार जितने साधन हैं उन्हें मिल बाँटकर खाया जा सके। हर किसी के हिस्से में गुजारे जितना आ सके। ऊँची दीवार उठाने लिए कहीं न कहीं गड्ढा करना पड़ता है। अमीर बनने विलास-वैभव जुटाने में जिस संपदा की आवश्यकता पड़ती उसका संचय बिना दूसरों का रक्त पिए अपनी कोठी तिजोरी की शोभा बढ़ाने के लिए हो ही नहीं सकता। अधिक उपार्जन करने योग्य हैं, उनके ऊपर एक अतिरिक्त उत्तरदायित्व यह आता है कि सादगी से गुजारा करने उपरांत जो बचता है, उसे सत्प्रयोजनों के लिए हाथों-हाथ दें। वरिष्ठता के बदले श्रेय मिलने का सौभाग्य ही प्राप्त है उपार्जन, अभिवर्द्धन के कौशल, व्यवस्था और सूझबूझ विशेषता का प्रतिफल इतना ही हो सकता है कि उन्हें सरा। सम्मानित किया और श्रेय दिया जाए। इसके बदले अधिक संपदा-सुविधाओं जैसे लाभों की न तो माँग ही कर चाहिए और न वैसा कुछ उन पर लाद कर गरिमा का अपहर ही होना चाहिए। घर के बड़े या कमाऊ लोग मात्र अधिक पाकर संतुष्ट हो जाते हैं। व्यक्तिगत उपभोग के लिए अधिक संपत्ति उड़ाते रहने की छूट नहीं माँगते। वे जानते हैं कि संयुक्त परिवार में सभी का समान हक है। कमाऊ हीरे मोतियों लदे और बिना कमाऊ चिथड़े लपेट कर घूमें तो यह संयुक्त परिवार कहाँ रहा ? यह समूचा समाज एक परिवार है।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 26 जून 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 05:47 सूर्यास्त 19:12
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - द्वादशी 22:22 उपरांत त्रयोदशी
नक्षत्र - विशाखा 19:16 उपरांत अनुराधा
योग - सिद्ध 11:39 साध्य
करण - बव
चन्द्रमा - तुला में है। 12:33 पर वृश्चिक में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - मोहर्रम मास 10 तारिख

**मेष-** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। जरा सी लापरवाही से अधिक हानि हो सकती है।

**वृषभ-** पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मिथुन-** अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**कर्क-** पार्टनरों से मतभेद संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। समय नेष्ट है।

**सिंह-** नए कार्य में लाभ मिलेगा। नौकरी और व्यापार के लिए समय अच्छा रहेगा।

**कन्या-** पुराने किए गए प्रयासों का लाभ मिलना प्रारंभ होगा। मित्रों की सहायता कर पाएंगे।

**तुला-** सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न

**वृश्चिक-** रहेंगे। किसी बड़े काम करने की योजना बनेगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**धनु-** भाइयों का सहयोग मिलेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मन में उत्साह रहेगा, जिससे कार्य की गति बढ़ेगी।

**मकर-** कोई बड़ी बाधा आ सकती है। राजभय रहेगा। जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे।

**कुंभ-** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रसन्नता रहेगी।

**मीन-** किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को चोट पहुंच सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

समसामयिक

## कॉकरोच बनो, खुद जान जाओ



कमलेश कंवल
(दैनिक अवन्तिका)

फुरसतिया को आखिरकार फुरसत मिल ही गई। जो काम गिरता रुपया नहीं कर सका, वो एक अदने से कॉकरोच ने कर दिखाया।

वो मेरे सामने था – कुछ-कुछ फुरसतिया, कुछ-कुछ तिलचट्टा।

अबे फुरसतिया! ये क्या रूप बना रखा है? कुछ लेते क्यों नहीं?

तिलचट्टे बनो, खुद जान जाओ।

कहाँ सत्ता, कहाँ तिलचट्टा...

सत्ता तिलचट्टे से डरती होगी। वैसे भी दोनों में गहरा नाता है – एक कीचड़ में पैदा होता है, दूसरा कीचड़ पैदा करता है।

तो इसमें नया क्या?

कीचड़ है तो कमल खिलेगा।

कीचड़ है तो कॉकरोच भी होगा।

यहीं तो अद्वैत है'

चलो माना, किसी ने किसी को कुछ कह दिया तो कह दिया। लेकिन तुम क्यों तिलचट्टा बनकर घूम रहे हो?

भईया, बात ये है कि औरत और सत्ता – दोनों के पास ढेर सारे लोग होते हैं उन्हें तिलचट्टा से बचाने के लिए।

पर कॉकरोच के पास क्या है?

सिर्फ. जीवटता, सहभागिता की भावना, और अपमान सह-सह कर भी कहीं भी घुस जाने की अप्रतिम क्षमता।

तिलचट्टे के सामने घुसपैठिए भी पानी मांगने लगते है। पर जहां न तिलचट्टा पहुँचे , वहां सत्ता पहुँच जाती है – मोबाइल में, जीमेल में, खाने की थाली में.....'

वाह बाबा कॉकरोचानंद!

काया-कल्प हो गया, विद्वान भी बन गए। क्या कहने!

अभी सुनो तुम – शाह के अंदाज में फुरसतिया बोलाः

₹हे अतीत के जीवियो! सत्य को जानो।

पति को तिलचट्टों का मुरीद हो जाना चाहिए।

जिस औरत को देखकर पति के प्राण हलक में आ जाते हैं, वही औरत तिलचट्टों को देखकर खुद पानी-पानी हो जाती हैं...

कहीं पति परमेश्वर इस बित्ते भर के तिलचट्टे में अपना प्रतिस्पर्धी तो नहीं देख रहे?₹

अब बस भी करो तिलचट्टे भिया!

बड़े लोग हैं, बड़ी बातें उनकी।

बड़ी बातें ही तोड़ी-मरोड़ी जाती हैं।

क्या टीवी ऐंकर हुए जा रहे हो...

याद है, एक बार तो कई माई-बाप खुद ही कॉकरोच हो गए थे।

निकले थे आम जनता के बीच ।

कुछ सत्ता में घुल गए, कुछ भजन गाने लगे, कुछ व्यापारी बन गए।

अब क्या कहूँ...

क्यों न आदमी कॉकरोच बन जाए?

आखिर परमाणु बम तक जिसके ठेंगे पर हो, उससे बेहतर क्या होगा?

अपमान सहना,

हर परिस्थिति में अपना संगठन खड़ा करना – और नाली से मंच तक पहुँचना '

ये तो आज की सबसे बड़ी जरूरत है।

ये काम कॉकरोच ही कर सकते हैं।

मी लॉर्ड, आप तो जामवंत हो...

आपको कोटि-कोटि नमन।

नए कॉकरोचों को चेतावनी दे सकता था, सो दे दी।

# नाड़ी शोधन प्राणायाम दिल को रखता है दुरुस्त



आज की इस भागदौड़ भरी और तनावयुक्त जीवनशैली की वजह से मनुष्य का सबसे अधिक कुप्रभावित अंग हृदय है। यही कारण है कि आज हृदय संबंधी समस्याएं छोटे-छोटे बच्चों, युवाओं तक को अपनी चपेट में ले रही हैं। हृदय संबंधी समस्याएं जैसे उच्च रक्तचाप, निम्न रक्तचाप, हृदय शूल, हृदय की धड़कन का असामान्य होना, हृदय की वॉल्व संबंधी समस्याएं, हृदय की मांसपेशियों का कमजोर होना आदि आज बेतहाशा बढ़ रही हैं। इनका कारण आनुवंशिक भी हो सकता है, किन्तु इनका प्रतिशत कम है। इसका मूल कारण मानसिक तथा भावनात्मक असंतुलन है। आधुनिक पाश्चात्य चिकित्सा विज्ञान हृदयाघात जैसी समस्याओं के तात्कालिक निदान में मदद कर जीवन की रक्षा करता है, किन्तु वह इसके मूल कारणों को दूर नहीं करता। योग ही एकमात्र ऐसा उपाय है, जो मानसिक तथा भावनात्मक असंतुलन का स्थायी निदान प्रस्तुत करता है। योग उनके लिए भी लाभप्रद है, जो किसी भी तरह के हृदय रोग से पीड़ित हैं। इसके लिए नाड़ी शोधन प्राणायाम काफी लाभदायक साबित होता है। इस योगासन को अनुलोम विलोम प्राणायाम के रूप में भी जाना जाता है।

### नाड़ी शोधन प्राणायाम की अभ्यास विधि

पद्मासन, सिद्धासन, सुखासन या कुर्सी पर रीढ़, गला व सिर को सीधा कर बैठ जाएं। दोनों हाथों को घुटनों पर स्थिरतापूर्वक रख लें। अब अपने दाएं हाथ को उठाकर इसके अंगूठे को दाईं नासिका तथा अनामिका को बाईं नासिका पर रखें। तर्जनी तथा माध्यमिका अंगुलियों को माथे पर या हथेलियों की ओर मोड़ लें। कनिष्ठिका अंगुली को सीधा छोड़ दें। इसके पश्चात बाईं नासिका से एक लम्बी, धीमी तथा गहरी श्वास अंदर लें। पूरी श्वास भर लेने के बाद बाईं नासिका को बंद कर दाईं नासिका से लम्बी गहरी तथा धीमी प्रश्वास बाहर(रेचक) निकालें। रेचक के तुरंत बाद दाईं नासिका से पूरक तथा बाईं नासिका से रेचक करें। यह नाड़ीशोधन प्राणायाम का एक चक्र है। प्रारम्भ में इसके छह चक्रों का अभ्यास करें। धीरे-धीरे इसके चक्रों का अभ्यास छह के गुणांक में बढ़ाते जाना चाहिए।

### आहार


सभी प्रकार के रोगों से बचने के लिए आहार नियमित तथा सात्विक रखें।

धर्म-आस्था

# योग के तीन भाग, पूरा करने पर आत्मा से होता है परिचय

अध्यात्म का अर्थ है- आत्म विकास। जीवन का, महाजीवन का, परमजीवन का विकास। जीवन है- जन्म और मृत्य के बीच की गति। महाजीवन है, जन्म और मृत्यु की अनंत श्रृंखलाओं की महागति। परमजीवन है- परमात्मा में परमगति अर्थात पूर्ण विश्राम। जीवन और महाजीवन प्रकृति का हिस्सा है। परमजीवन हमारा चुनाव है, हमारी स्वतंत्रता है, हमारी संभावना है, हमारी धन्यता है, मनुष्य होने की गरिमा है। परमजीवन ही सही अर्थों में आध्यात्मिक जीवन है। मगर परमजीवन की साधना जीवन में ही संभव है। कह सकते हैं कि परमजीवन की साधना का ही दूसरा नाम है-अध्यात्म।

योग है अध्यात्म का विज्ञान, समाधि का विज्ञान, स्व-स्थित होने का विज्ञान। कबीर कहते हैं, ह्यकोठरे महि कोठरी परम कोठरी बीचारिह्न अर्थात शरीर है, शरीर के भीतर मन है, मन के भीतर आत्मा है। शरीर से आत्मा तक की दूरी कैसे तय करें, इसी का नाम है- योग। योग के अनेक मार्ग हैं, अनेक पगडंडियां हैं। अलग-अलग चक्रों से हम अपने केंद्र तक यात्रा कर सकते हैं। मूलाधार सबसे नीचे है और सबसे ऊपर है- सहस्त्रार चक्र। स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनाहत, विशुद्धि और आज्ञाचक्र इनके बीच में हैं। इन्हीं चक्रों से गुजरकर जब हम अपने केंद्र यानी आत्मा की ओर चलते हैं, तो उसी का नाम है- योग। ये सभी चक्र चेतना के अलग-अलग तलों का नियमन करते हैं। आप जिस भी चक्र से चलेंगे,



उसके अनुसार योग की विधि बदल जाएगी। जैसे, मूलाधार से आत्मा की ओर चलने का नाम है- कर्मयोग। स्वाधिष्ठान से आत्मा तक की यात्रा का नाम है- तन्त्र योग। स्वाधिष्ठान चक्र का गुणधर्म है- भोग। इसी प्रकार, मणिपुर का गुणधर्म है- श्वास और रक्षाभाव, अनाहत का प्रेम, विशुद्धि का विचार, मैत्री, धारणा और कल्पना। आज्ञाचक्र का ध्यान और सहस्त्रार का गुणधर्म है- समाधि जो पतंजलि के अष्टांगयोग का चरम है।

जर्मन मनोवैज्ञानिक मैस्लो ने मनुष्य की जिन सात आवश्यकताओं का वर्णन किया है, वे सब चेतना के इन्हीं सात केंद्रों से जुड़े हैं। किंतु, चेतना के मुख्य केंद्र आठ हैं और योग के भी मूलतः आठ प्रकार ही हैं- कर्मयोग, तंत्र योग, हठयोग, भक्तियोग, ज्ञानयोग, ध्यानयोग, सांख्ययोग और सहजयोग। ये आठों योग चेतना के आठों केंद्रों से जुड़े हुए हैं। योग के मुख्यतः तीन भाग हैं-पिपीलिका, कपिल और सहज या विहंगम योग। साक्षी की साधना पिपीलिका योग, चैतन्य की साधना कपिल योग और सुमिरन तथा समाधि की साधना सहजयोग है।

सहजयोग दमन और भोग- दोनों के पार सहजता की बात करता है। यह सभी तरह के साधकों के लिए उपयुक्त है। सहजयोग यानी अपने स्वभाव में, अपनी फीलिंग में जीना। लेकिन हमारे जीवन में फीलिंग की जगह थिंकिंग ने ले ली है और हम अपने स्वभाव से बहुत दूर निकल चुके हैं। सहजयोग के नाम पर जो योग चलता है, सहजयोग वह नहीं है। सहजयोग की पहचान मुश्किल है। सगुणमार्ग में अक्सर मंत्र, पूजा-स्थल, धर्मग्रंथ आदि पर अटकने की संभावना बहुत होती है। निर्गुण में निराकार होता है, वहां पकड़ने के लिए कुछ नहीं होता और इसलिए यह भी भटकाव का कारण बन सकता है। सहजयोग इन दोनों के बीच- मौज में, आत्मस्फूर्त होकर जीने का नाम है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6000 से 6050 विशाल, 5950 से 6000 मसूर 6000,महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7500, महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900, कर्नाटक 8100 से 8300 निमाड़ी, डेट तुअर 6500 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी, 7100 से 7300 मूंग बेस्ट बोल्ड, 7500 से 7700 मीडियम बोल्ड, 7200 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8700 से 9000, उड़द गर्मी 8000 से 8400 ग्रेविटी, क्लीन 8600 से 8900 हल्का उड़द, 4000 से 6000 काबुली डॉलर, 7000 से 8400 काबुली रशियन, 5800 बिटकी 5200 से 5300, सरसों निमाड़ी 8000 से 8200, रायडा 6800 से 7000 करंज 5000, से 5200 सोयाबीन 6800 अलसी, 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से, 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800, पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज, 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7450 से 7550, मीडियम 7650 से 7750 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द-7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया-10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेर्ण्ड- 1,43,800 रवा- 1,43,600 चांदी-टंच- 2,25,500 पाट- 2,24,500।

## उज्जैन किराना
### अशोक कुमार भगवानदास
152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## कन्नौद में दो युवक बारिश के दौरान नाले में बहे : बाइक से 10 किलोमीटर दूर मिले शव



**खातेगांव।** कन्नौद-सतवास क्षेत्र में तेज बारिश के दौरान नाले में बहे दो युवकों के शव गुरुवार सुबह बरामद किए गए। दोनों युवक निजी फाइनेंस कंपनी में कार्यरत थे और बुधवार शाम कार्यालय से लौटते समय हादसे का शिकार हो गए। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान कन्नौद निवासी अमित शर्मा (24) और धर्मेंद्र सिंह राठौड़ (26) के रूप में हुई है। दोनों बुधवार को पीपलकोटा स्थित कार्यालय में काम करने के बाद शाम को मोटरसाइकिल से कन्नौद के लिए निकले थे। कन्नौद थाना प्रभारी तहजीब काजी ने बताया कि देर रात तक दोनों युवक घर नहीं पहुंचे तो उनकी तलाश शुरू की गई। इसी दौरान पीपलानी गांव से सूचना मिली कि दो युवक नाले में बह गए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। रातभर चले अभियान के दौरान सबसे पहले युवकों की मोटरसाइकिल बरामद हुई। खोज अभियान के दौरान धर्मेंद्र सिंह राठौड़ का शव घटनास्थल के पास नाले में मिला। वहीं अमित शर्मा का शव बहाव के साथ करीब 10 किलोमीटर दूर गोलपुरा क्षेत्र से बरामद किया गया। दोनों शवों को बाहर निकालकर पंचनामा कार्रवाई की गई और पोस्टमार्टम के लिए सतवास भेजा गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों युवक बारिश के दौरान उफनते नाले को पार करने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान वे पानी के तेज बहाव की चपेट में आ गए। घटना की सूचना मिलने के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सीड बॉल वितरित कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश उड़ान महिला मंच ने किया आयोजन




**शुजालपुर।** शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्था उड़ान महिला मंच द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना तथा वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर लेखन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. राजकुमारी अग्रवाल का सम्मान किया गया। मंच की सदस्यों ने उनके साहित्यिक एवं रचनात्मक योगदान की सराहना करते हुए शाल एवं श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान मंच की महिलाओं ने नीम, जामुन, आम सहित विभिन्न औषधीय पौधों के सीड बॉल तैयार कर उपस्थित जनों को वितरित किए। साथ ही सभी को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन लता राठौर एवं मधु मंडलोई ने किया व आभार चंदा सक्सेना ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण के लिए अपना योगदान देने का संकल्प लिया।

## आरपीएससी में चयनित सहायक प्राध्यापकों का सम्मान दी भावभीनी विदाई



**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अटल भवन कॉन्फ्रेंस हॉल में राजस्थान लोक सेवा आयोग आरपीएससी की सहायक आचार्य भर्ती 2023 में चयनित सहायक प्राध्यापक पूनम राठौड़ एवं पंकज कुमार शर्मा के सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रवीणा धारीवाल ने की। उन्होंने दोनों चयनित शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम, लगन और समर्पण का परिणाम है। उनकी सफ लता महाविद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने दोनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर योगेंद्र चौहान ने दोनों शिक्षकों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें भावी शैक्षणिक जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह में पूनम राठौड़ एवं पंकज कुमार शर्मा का पुष्पहार, पुष्पगुच्छ और स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। दोनों शिक्षकों ने महाविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां प्राप्त सहयोग, मार्गदर्शन और आत्मीयता उनके जीवन की अमूल्य धरोहर रहेगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आनंद कुमार अजनोदिया एवं व्यवस्थाओं का दायित्व प्रीतम सिंह परमार ने संभाला।

**दैनिक अवन्तिका**
**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**
बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।
**सम्पर्क करें**
दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

# जन्मदिन से एक दिन पहले युवक की मौत, नवंबर में होनी थी शादी, कार की टक्कर से हुआ हादसा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास जिले के सिया क्षेत्र में शाम हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवराज सिंह की मौत हो गई। हादसा देवास-मक्सी मार्ग पर सिया के पास स्थित माता मंदिर के सामने हुआ। युवराज सिंह देवास से अपना काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहे थे, तभी पीछे से आ रही एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में युवराज की मौके पर ही मौत हो गई। सबसे दुखद बात यह रही कि गुरुवार को उनका जन्मदिन था और चार महीने बाद नवंबर में उनकी शादी होने वाली थी।



### देवास से घर लौटते समय हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार ग्राम नांदला निवासी युवराज सिंह बेस पिता राजेंद्र सिंह एक निजी फाइनेंस कंपनी में कार्यरत थे। वे रोजाना की तरह बुधवार को भी काम के सिलसिले में देवास गए थे। शाम करीब 7 बजे काम खत्म करने के बाद वे अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान देवास-मक्सी मार्ग पर सिया के पास माता मंदिर के सामने पीछे से तेज गति में आ रही एक कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

### टक्कर लगते ही सड़क पर गिरने पर मौत

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवराज बाइक सहित सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला। आसपास मौजूद लोगों ने मदद की कोशिश की, लेकिन उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### झाड़ियों में घुसी कार

घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि दुर्घटना के बाद कार चालक वाहन लेकर भागने की कोशिश करने लगा। हालांकि कुछ ही दूरी पर उसका वाहन अनियंत्रित हो गया। बताया जा रहा है कि टक्कर मारने के बाद कार करीब 100 मीटर आगे जाकर सड़क किनारे झाड़ियों में घुस गई। इसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों के मुताबिक गुरुवार 25 जून को युवराज सिंह का जन्मदिन था। परिवार में जन्मदिन को लेकर तैयारियां और खुशियों का माहौल था। किसी को अंदाजा नहीं था कि जन्मदिन से ठीक एक दिन पहले ऐसा हादसा हो जाएगा और पूरा परिवार गहरे दुख में डूब जाएगा।

### नवंबर में होनी थी शादी

परिवार के सदस्य विजेंद्र सिंह ने बताया कि युवराज की शादी बड़ी चुरलाय गांव में तय हुई थी। नवंबर माह में विवाह होना था और दोनों परिवार शादी की तैयारियों में लगे हुए थे। घर में शादी की चर्चा और तैयारियां चल रही थीं, लेकिन इस हादसे ने परिवार की सारी खुशियां एक पल में छीन लीं।

### परिवार के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे युवराज

परिजनों ने बताया कि युवराज सिंह परिवार के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवार में माता-पिता और एक छोटा भाई है। युवराज की कमाई से ही परिवार का खर्च चलता था। उनकी अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## आर्यिका डॉ. ज्ञैयश्री माताजी को चातुर्मास के लिए जैन समाज ने भेंट किया श्रीफल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



सकल दिगंबर जैन समाज सुसनेर द्वारा परम पूज्य आर्यिका 105 डॉ. ज्ञैयश्री माताजी ससंघ को आगामी वषाकालीन चातुर्मास सुसनेर नगर में करने हेतु मंगल निवेदन करते हुए भक्तिभाव से श्रीफल भेंट किया गया। इस अवसर पर समाजजनों ने माताजी से सुसनेर में चातुर्मास हेतु निवेदन किया।

चातुर्मास समिति अध्यक्ष कैलाश जैन खजान्ची ने बताया कि माताजी के सुसनेर आगमन और चातुर्मास की मंगल कामना को लेकर समाज जनों में उत्साह है। इसी श्रृंखला में समाज के वरिष्ठ जनों और युवाओं की उपस्थिति में माताजी के चरणों में श्रीफल अर्पित कर सुसनेर की धरा को पावन करने की विनती की गई। माताजी के सुसनेर चातुर्मास की स्वीकृति मिलने से स्थानीय जैन समाज में हर्ष है। चातुर्मास के दौरान नगर में नित्य अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, स्वाध्याय और विशेष धार्मिक प्रवचनों के आयोजन होंगे, जिससे क्षेत्र में धर्म की महती प्रभावना होगी।

आर्यिका संघ के चातुर्मास हेतु सुसनेर जैन समाज के द्वारा तैयारियों की रूपरेखा बनाना शुरू कर दिया है। आवास, आहार चर्या और प्रवचन स्थल की व्यवस्थाओं को लेकर समाज के विभिन्न संगठनों को जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। चातुर्मास के लिए समिति के अध्यक्ष के रूप में कैलाश जैन खजान्ची को सर्वसम्मति से मनोनित किया गया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दिगंबर जैन समाजन उपस्थित थे।

जैन समाज की बैठक में चातुर्मास कार्यकारिणी और चौका व्यवस्था समिति का गठन

सकल दिगंबर जैन समाज की एक बैठक मंगलवार को आयोजित की गई । बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए आगामी चातुर्मास को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए नई कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। इसके साथ ही चातुर्मास के दौरान भोजन व्यवस्था के लिए चौका समिति के सदस्यों की घोषणा भी सर्वसम्मति से की गई। नवगठित समितियों में पदाधिकारियों एवं सदस्य के रूप में अध्यक्ष कैलाश जैन खजान्ची, उपाध्यक्ष रमेश कुमार जैन सारग्याखेडी, राकेश जैन मेडिकल वाले, ललित कुमार जैन सिंघई, राजेश कुमार धंतरावदा, सचिव महेश जैन (डॉक्टर), सहसचिव आशीष कुमार त्यागी कोषाध्यक्ष बसंतीलाल जैन मुनिम मीडिया प्रभारी मनोज जैन को बनाया।

## महिदपुर क्षेत्र के 20 प्रतिशत ग्रामों में फसल की बुवाई शुरू

**महिदपुर।** महिदपुर क्षेत्र के लगभग 20 प्रतिशत ग्रामों में पिछले चार दिनों से रुक-रुक कर हुई वर्षा के कारण खरीफ फसलों की बुवाई प्रारंभ हो गई है। किसानों को विश्वास है कि वर्तमान में हुई वर्षा उनकी फसलों के लिए लाभदायक सिद्ध होगी तथा किसी प्रकार का नुकसान नहीं होगा। क्षेत्र के कई ग्रामों में सोयाबीन फसल का अंकुरण भी दिखाई देने लगा है। लगातार हो रही हल्की वर्षा से नवांकुरित फसलों को पर्याप्त नमी मिल रही है, जिससे उन्हें जीवनदान मिल रहा है। वहीं, क्षेत्र के शेष 80 प्रतिशत ग्रामों में किसान अच्छी वर्षा का इंतजार कर रहे हैं। पर्याप्त वर्षा होने के बाद ही बड़े स्तर पर बुवाई कार्य शुरू किया जाएगा। किसानों के अनुसार देर से बुवाई करने का मुख्य कारण भूमि में नमी की कमी, सोयाबीन बीज की बढ़ती कीमतें तथा महंगी रासायनिक खाद है। इसी वजह से किसान जोखिम लेने के बजाय पर्याप्त वर्षा की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**आगर मालवा।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर बुधवार को भाजपा नगर मंडल द्वारा जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, जिला महामंत्री मयंक राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष नीलेश पटेल एवं मंडल अध्यक्ष भरत प्रजापत सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान रानूराज नारवाल, हरीश गवली, जगदीश गवली, भुरु टांक मौजूद रहे।

## साइबर जागरूकता अभियान शुरू, पुलिस 8 जुलाई तक बताएगी ठगी से बचने के तरीके

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बदनावर

बदनावर में साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने गुरुवार से एक विशेष जन-जागरूकता अभियान शुरू किया है। यह पंद्रह दिवसीय पखवाड़ा 8 जुलाई तक चलेगा, जिसमें लोगों को ऑनलाइन ठगी और अपराधों से बचाव के तरीके बताए जाएंगे।

अभियान के तहत शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों, शैक्षणिक संस्थानों और पुलिस थाना परिसरों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पुलिस थाने आने वाले नागरिकों को भी साइबर सुरक्षा संबंधी आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी जाएगी।

एसडीओपी अरविंदसिंह तोमर और थाना प्रभारी अमितसिंह कुशवाह ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य आम जनता को साइबर खतरों के प्रति सचेत करना है। पुलिसकर्मी नगर के कई इलाकों में जाकर भी लोगों को ठगी के बारे में जागरूक कर रहे हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फर्जी ओटीपी, सोशल मीडिया फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, बैंकिंग धोखाधड़ी, फर्जी लिंक, एपीके फाइल, ऑनलाइन निवेश और पार्सल ठगी जैसे मामलों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। पिछले दो वर्षों में साइबर अपराधों में लगभग 40 गुना बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिसके परिणामस्वरूप देशभर में हजारों करोड़ रुपए की ठगी हुई है।

अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना ओटीपी, बैंकिंग जानकारी या मोबाइल डेटा साझा न करें।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमति कमलाबाई पति स्व.श्री गणेशलाल चौहान उम्र 75 वर्ष, धंधा पेंशनर निवासी-27, महावीर नगर, पीपलीनाका, उज्जैन म.प्र. ने अपनी पुत्र वधु मनीषा ओर दोनो पोतियों को मेरी पक्षकारा के प्रति दुर्व्यवहार, कदाचरण, मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताडित करने तथा मेरी पक्षकारा के स्वामित्व एवं आधिपत्य के मकान जो मेरी पक्षकारा ने स्वकष्टोपार्जित आय से अपने नाम से क्रय किया को अपने नाम से करने हेतु दबाव बनाने तथा मेरी पक्षकारा द्वारा मना करने पर मेरी पक्षकारा ओर मेरी पक्षकारा के पुत्र एवं पुत्रियों को जान से मारने एवं झुठे दहेज प्रताडना आदि के प्रकरण दर्ज करवाने की धमकी देने के कारण तथा अक्सर मेरी पक्षकारा से जबरदस्ती रुपए छीन कर ले जाने के कारण मेरी पक्षकारा ने अपनी पुत्र वधु मनीषा ओर दोनो पोतियों से संबंध समाप्त कर लिये है तथा साथ ही अपने पुत्र धमेन्द्र उर्फ पप्पु चौहान से भी कोई संबंध नही रखना चाहती है तथा इन सभी को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। विगत एक माह से पुत्र वधु मनीषा अपनी दोनो पुत्रियों के साथ संयुक्त परिवार से अलग निवास कर रही है, तभी से मेरी पक्षकारा का अपनी पुत्र वधु मनीषा ओर दोनो पोतियों एवं पुत्र धमेन्द्र से कोई संबंध या सारोकार नही रहा है तथा कोई भी बैक, संस्था या व्यक्ति मेरी पुत्र वधु मनीषा ओर दोनो पोतियों एवं पुत्र धमेन्द्र उर्फ पप्पू चौहान से किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार नही करे यदि किसी व्यक्ति, संस्था द्वारा कोई संव्यवहार किया जाता है तो उसमें उनकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी तथा उसमें मेरी पक्षकारा का या मेरी पक्षकारा की पुत्रियों का कोई उत्तरदायित्व नही होगा। इसी प्रकार से मेरी पक्षकारा की पुत्र वधु मनिषा ओर दोनो पोतियो द्वारा किये गये कृत्य या संव्यवहार एवं पुत्र द्वारा किये संव्यवहार के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगे। इसमें मेरी पक्षकारा का कोई हित या लेना देना नही होगा। सूचित हो। इति दिनांक 25/6/2026

**नारायण राव पावसे एडवोकेट हायकोर्ट एडवोकेट**
**66, नाकोडा धाम कालोनी, देवास रोड, उज्जैन**
**मो 7000750488**

**कार्यालय नगर पालिक निगम देवास (म.प्र.)**
**चतुर्थ निविदा आमंत्रण सूचना**

**सूचना क्र./68/स्व.भा.वि./2026** **देवास, दिनांकः- 19.06.2026**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| क्र. | टेण्डर जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_516616_1 19/06/2026 | स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-2026 के अन्तर्गत उज्जैन रोड स्थित गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन जीटीएस के संचालन एवं संधारण करने के कार्य हेतु ऑनलाईन ई-निविदा प्रपत्र। | 12 माह 65,00,000/- | 10,000/- 1,95,000/- | 03.07.2026 06 .00 पीएम |

निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जावेगा।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, देवास**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी श्यामूबाई पति मांगीलाल, निवासी-ग्राम जयवंतपुरखेड़ा जिला उज्जैन के एकांकी स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे कमांक 14/1 रकबा 0.21 हैक्टर भूमि ग्राम चकजयरामपुर तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है, को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा तय कर टोकन राशि अदा करके सोदा चिट्ठी का संपादन कर लिया है।

अतः उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूमि में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 03 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूमि का अनुबंध या विधिवत विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक : 26-06-2026 स्थान उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडव्होकेट**
**दुकान नंबर - सीएफ-7, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मोबाईल नंबर- 99264 66157**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता मोहम्मद आरिफ पिता मोहम्मद साबिरजी छीपा, निवासी आगर मालवा जिला आगर मालवा के स्वामित्व स्वत्व एवं प्रत्यक्ष आधिपत्य का भूखण्ड नम्बर 02, वार्ड नम्बर 01, गांधी मार्ग, महिदपुर जिला उज्जैन का भाग जिसकी पूर्व-पश्चिम लम्बाई 55 फीट एवं उत्तर-दक्षिण चौडाई 12.5 फीट कुल 687.5 वर्गफीट जिसकी चतुसीर्मा पूर्व में- गांधी मार्ग का आम रास्ता, पश्चिम में स्वामी सालमनाथ जिनींग फेक्ट्री (सारड़ा जी का परिसर), उत्तर में इसी भूखण्ड कमांक 2 का भाग (अपना स्टोर) एवं दक्षिण में- महारानी चन्द्रावती वाचनालय महिदपुर स्थित है, को क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है, तथा सौदा चिटठी निष्पादित करवा ली है तथा शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूखण्ड के सम्बंध में कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूखण्ड पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, सहुकारी या किसी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे सम्बंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में आकर प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद अवधि मेरा पक्षकार उक्त विक्रेता से उक्त भूखण्ड का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लेवेगा, तथा कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांकः-25-06-2026

**दीपक लश्करी एडव्होकेट**
**कार्यालय 9, लक्ष्मीबाई पथ, छीपा बाखल, महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश**
**मो.न. 90093-20805**

## पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत : भाभी-भतीजी घायल

**आगर।** आगर-सारंगपुर मार्ग पर बुधवार रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। बागरीखेड़ा के पास घटना में बाइक सवार भाभी-भतीजी गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें उज्जैन रेफर किया गया है। हादसा रात करीब 10 बजे एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मारने से हुआ। जानकारी के अनुसार, डूंगर निवासी दरबार (29) पिता लक्ष्मण सिंह बाइक से जा रहे थे। उनके साथ भाभी कंकूबाई और भतीजी अनुष्का भी बाइक पर सवार थीं। बागरीखेड़ा के पास पहुंचते ही पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद दरबार को मृत घोषित कर दिया। घायल भाभी-भतीजी को प्राथमिक इलाज के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उज्जैन रेफर कर दिया गया है। सुबह करीब 10 बजे जिला अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने हादसे का मामला दर्ज कर पिकअप वाहन को जब्त कर लिया है। पुलिस चालक की जानकारी जुटाने के साथ मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## घर के सामने खेलते समय बिजली का करंट लगने से बच्ची की मौत

**आगर मालवा।** जिले के ग्राम सेमली में बुधवार शाम 4 साल की बच्ची अनामिका पिता राकेश मालवीय की करंट लगने से मौत हो गई। परिजन उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, सेमली निवासी बच्ची बुधवार शाम करीब 6 बजे अपने घर के सामने खेल रही थी। इसी दौरान वह बिजली के खंभे से लटक रहे एक तार के संपर्क में आ गई। तार में करंट प्रवाहित होने से उसे जोरदार झटका लगा और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन और आसपास के लोग तुरंत उसे जिला अस्पताल आगर ले गए। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। गुरुवार सुबह करीब 9 बजे जिला अस्पताल में बच्ची का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण करंट लगना बताया गया है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि बिजली के तार में करंट कैसे प्रवाहित हुआ और विद्युत व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही तो नहीं थी। ग्रामवासियों ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए बिजली कंपनी से गांव में बिजली लाइनों और खंभों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

## तेज आवाज वाले लाउड हेलरों पर पुलिस की कार्रवाई, 11 लोगों पर प्रकरण दर्ज

**महिदपुर।** नगर में सार्वजनिक स्थानों पर हाथ ठेलों के माध्यम से व्यापार करते हुए तेज आवाज में लाउड हेलर (माइक) का उपयोग करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। इस दौरान 11 लोगों के विरुद्ध पुलिस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया तथा 7 लाउड हेलर (माइक) जब्त किए गए। पुलिस के अनुसार, नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कुछ हाथ ठेला संचालक सार्वजनिक सड़कों पर सामान बेच रहे थे, जिससे आमजन के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी। साथ ही ठेलों पर लगाए गए लाउड हेलरों के माध्यम से अत्यधिक तेज आवाज में प्रचार-प्रसार किया जा रहा था, जिससे ध्वनि प्रदूषण और लोक व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। 23 जून 2026 को थाना महिदपुर पुलिस द्वारा नगर भ्रमण के दौरान ऐसे ठेला संचालकों को समझाइश दी गई।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै मो. सिकंदर पिता शफी मोहम्मद, निवासी दुर्गा कॉलोनी, आगर नाका, उज्जैन का हूं तथा मेरी कृषि भूमि सर्वे नंबर 272 रकबा 1.541 में से रकबा 0.26 हे. ग्राम बनड़ा, तहसील घटिया जिला उज्जैन में स्थित है जिसे मेरे पिता शफी मोहम्मद पिता इस्माईल द्वारा दिनांक 21-1-1997 को हनीफ पिता सिद्धू खां द्वारा रुपए 27,000/-में खरीदी थी। उक्त भूमि को खरीदने के बाद से ही मेरे स्वत्व एवं आधिपत्य में है तथा मेरे द्वारा ही उक्त भूमि पर कृषि कार्य किया जा रहा है। उक्त भूमि की रजिस्ट्री कार्यवाही हेतु न्यायालयीन कार्यवाही मेरे व्दारा की जा रही है। इस कारण से उक्त भूमि को किसी भी व्यक्ति के द्वारा क्रय विक्रय नहीं किया जावे, ना ही रहन, बय, दान, हिबा गिरवी अन्य प्रकार से अंतरण व हस्तांतरण करने का प्रयास नहीं किया जावे। यदि उक्त भूमि के संबंध में कोई कार्यवाही की जाती है, तो मेरी सहमति के बिना नहीं की जावे। यदि कोई कार्यवाही उक्त भूमि के संबंध में की जाती है तो उसे इस जाहिर सूचना के प्रकाश में शून्य मानी जावेगी तथा मेरे उपर बंधनकारी नहीं होगी। सूचित हो।

**सूचनादाता**
**मो. सिकंदर पिता शफी मोहम्मद**
**निवासी दुर्गा कॉलोनी, आगर नाका, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो.नं. 98272 23625**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने रामेश्वर मीणा पिता श्री नानूराम जी मीणा निवासी आगर रोड तहसील व जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 476/2/1/2 रकबा 0.20 हैक्टर, एवं सर्वे नंबर 476/2/1/1/1 रकबा 0.30 हैक्टर कुल किता 2 कुल संयुक्त रकबा 0.50 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम रूदाहेडा तहसील घटिया व जिला उज्जैन में है, को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा कर दिनांक 25/06/2026 को लिखित सौदा चिठठी का संपादन कर दिया गया है तथा टोकन राशि अदा कर दी है। अब विक्रय पत्र का संपादन कराना शेष है ।

अतः उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूमि में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद म्याद गुजरने मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूमि का विधिवत अनुबंध पत्र एवं विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेंगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक- 25-06-2026 स्थान- उज्जैन

**श्याम गुप्ता एडवोकेट**
**दुकान नंबर - सीएफ-8, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मोबाईल नंबर- 99264 66157**

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत



**शुजालपुर।** क्षेत्र के इकलेरा-कमालपुर मार्ग पर गुरुवार सुबह हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 30 वर्षीय युवक की जान चली गई। मृतक की पहचान ग्राम कमालपुर निवासी दिनेश मीना पिता बद्री प्रसाद मीना के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दिनेश मीना कृषि कार्य के लिए आवश्यक सामग्री खरीदने बाइक से इकलेरा जा रहे थे। सुबह करीब 10 बजे रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल शुजालपुर सिविल अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि दिनेश मीना विवाहित थे और उनके परिवार में पत्नी के अलावा ढाई साल का एक बेटा है। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया है। साथ ही परिजनों के बयान दर्ज कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## आपातकाल के काले अध्याय को किया याद

**शुजालपुर।** संविधान हत्या दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल शुजालपुर द्वारा गुरुवार को विधायक कार्यालय पर लोकतंत्र सेनानियों के परिजनों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले सेनानियों के परिवारजनों का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि आपातकाल के दौर में अन्याय और दमन के विरुद्ध उठी हर आवाज लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक थी। उन्होंने लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष और बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। पार्षद संजय शर्मा ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाया गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला और अलोकतांत्रिक अध्याय था। उस समय अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया गया तथा विपक्षी नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रताड़नाओं का सामना करना पड़ा। लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले सेनानियों का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। भाजपा जिला महामंत्री विजय बैस ने जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक की वैचारिक यात्रा और संगठन के संघर्षपूर्ण इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्हें मजबूत बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के मामले में दो आरोपियों को आजीवन कारावास

### कुख्यात आरोपी जूड़ो कराटे सिखाने के बहाने करता था यौन शोषण, विदेश में भी किया घिनौना कृत्य

**गुना।** गुना स्थित विशेष न्यायालय (पॉक्सो) ने नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म और सामूहिक यौन शोषण के चर्चित मामले में दो आरोपियों को दोषी ठहराते हुए कड़ी सजा सुनाई है। जिनमें से एक कुख्यात आरोपी जुड़ो कराटे का कोच रहा है जिसने विदेश मलेशिया के होटल में जाकर यह घिनौना अपराध किया है। इतना ही नहीं, आरोपियों ने पैसों के खातिर एक अन्य व्यक्ति से भी पीड़िता का शोषण कराया। खेल जगत और गुरु-शिष्य की पवित्र परंपरा को शर्मसार करने वाले इस बेहद संवेदनशील मामले में विशेष न्यायालय ने यह ऐतिहासिक फैसला सुनाया है।



इस मामले में विशेष न्यायालय ने प्रकरण क्रमांक एससी-70/2022 में फैसला सुनाते हुए आरोपी जगवीर जाटव (40) पुत्र हरिराम जाटव निवासी गोपालपुरा और सचिन भटनागर (30) पुत्र शैलेंद्र भटनागर निवासी नई बस्ती गुना को भारतीय दंड संहिता तथा पॉक्सो अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दोषसिद्ध पाया। न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत साक्ष्यों, गवाहों के बयान और अनुसंधान के आधार पर यह सिद्ध हुआ कि आरोपियों ने एक नाबालिग छात्रा के साथ गंभीर लैंगिक अपराध किया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष (डीपीओ हजारीलाल बैरवा, एडीपीओ ममता दीक्षित) ने घटना से जुड़े पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिन्हें न्यायालय ने विश्वसनीय मानते हुए दोषसिद्धि का आधार बनाया। फैसले में न्यायालय ने कहा कि आरोपियों ने गुरु-शिष्य जैसे पवित्र संबंधों का दुरुपयोग करते हुए पीड़िता के विश्वास को ठेस पहुंचाई तथा उसके शारीरिक और मानसिक जीवन पर गंभीर प्रभाव डाला। न्यायालय ने इसे अत्यंत गंभीर अपराध मानते हुए कठोर दंड आवश्यक बताया।

**शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक कारावास रहेगा-** दोषी सचिन भटनागर और जगवीर जाटव को भारतीय दंड संहिता की धारा 376(2)(एन) एवं 376(डी) के तहत 20-20 वर्ष के कठोर कारावास तथा अर्थदंड से दंडित किया गया। वहीं धारा 376(डीए) के अंतर्गत दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई, जिसका अर्थ उनके शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक कारावास रहेगा। विभिन्न धाराओं के तहत लगाए गए अर्थदंड का भुगतान नहीं करने पर अतिरिक्त सश्रम कारावास भी भुगतना होगा। न्यायालय ने आदेश दिया कि सभी मूल कारावास की सजाएं साथ-साथ चलेंगी। साथ ही पीड़िता को मानसिक आघात और अपराध से हुए नुकसान की भरपाई के लिए प्रतिकर (मुआवजा) प्रदान किए जाने संबंधी प्रावधानों का पालन करने के निर्देश भी दिए गए।

**जेल भेजने के आदेश दिए-** फैसले के बाद न्यायालय ने दोनों दोषियों के विरुद्ध सजा वारंट जारी करने तथा नियमानुसार जेल भेजने के आदेश दिए। न्यायालय ने यह भी निर्देशित किया कि पीड़िता की पहचान गोपनीय रखी जाए और उससे संबंधित किसी भी जानकारी का प्रकाशन न किया जाए।

**बाल संरक्षण और लैंगिक अपराधों के विरुद्ध न्यायिक सख्ती**

इस निर्णय को बाल संरक्षण और लैंगिक अपराधों के विरुद्ध न्यायिक सख्ती का महत्वपूर्ण उदाहरण माना जा रहा है। न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि नाबालिगों के साथ होने वाले यौन अपराध समाज के नैतिक मूल्यों पर गंभीर आघात हैं और ऐसे मामलों में कठोर दंड ही न्याय के उद्देश्य की पूर्ति कर सकता है।

## 28 जून को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, ट्रांजिट व मोबाइल टीम भी बनाई

**शुजालपुर।** भारत शासन द्वारा इस वर्ष भी राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत 28 जून रविवार को 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पोलियो बूथ पर पिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कमल आर्य ने बताया कि उक्त अभियान के लिए शाजापुर जिले में 0 से 5 तक के कुल 1,31,086 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित है, इसके लिये कुल 1053 बूथ टीम बनाई गई हैं। 36 ट्रांजिट टीम एवं 19 मोबाईल टीम व 138 सुपरवाईजर नियुक्त किये गये हैं। अभियान में लगभग 2349 कर्मचारी कार्यरत रहेंगे। 28 जून रविवार को प्रत्येक स्वास्थ्य संस्था, आंगनवाड़ी केन्द्र एवं अन्य चिन्हित स्थान पर पोलियो बूथ बनाकर प्रातः 8 बजे से शाम 5 बजे तक पोलियो रोधक दवा पिलाई जाएगी। सीएमएचओ डॉ. आर्य ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे 28 जून को 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की दवा अवश्य पिलायें और पोलियो मुक्त भारत बनाए।

## प्रदेश कार्यक्रम समिति सदस्य बनने पर नायक का स्वागत

**शुजालपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक नायक को मध्यप्रदेश भाजपा की प्रदेश कार्यक्रम समिति का सदस्य मनोनीत किए जाने पर नगर मंडल भाजपा द्वारा टिमटिम चौराहे पर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाएं पहनाकर उनका सम्मान किया और प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए अशोक नायक ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे वे पूरी निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में नगर मंडल के पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं भाजपा समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## म.प्र का प्रतिनिधित्व करेगा देहली स्मार्ट पब्लिक स्कूल का विद्यार्थी

**शाजापुर।** बायपास स्थित देहली स्मार्ट पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी केशव जाटव ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए एक और उपलब्धि अपने नाम की है। केशव का चयन नेशनल लेवल जुनियर कराते चैंपियनशिप के लिए हुआ है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने पूर्व में भी विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक एवं दो रजत पदक प्राप्त किए हैं, जिससे विद्यालय का नाम गौरवान्वित हुआ है। यह प्रतियोगिता 7 से 9 अगस्त तक कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में आयोजित की जाएगी, जिसमें देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में केशव मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगा। विद्यालय के संचालक मनीष शर्मा एवं प्राचार्या श्रीमती मनप्रीत कौर ने केशव तथा विद्यालय के कराते कोच माजिद खान को इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाऐं दीं।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 01 हितेश जैन पिता सुरेशचन्द्र जैन निवासी-विकमादित्य क्लॉथ मार्केट फाजलपुरा उज्जैन जिला उज्जैन म.प्र. 02 सुरेश जैथलिया पिता मुरलीधर जैथलिया निवासी शंकुमार्ग फिगंज उज्जैन के सयुक्त स्वामित्व की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 104/1 रकबा 1.1250 हे व सर्वे क्रमांक 104/2 रकबा 1.1250 हे कुल किता 2 कुल रकबा 2.2500 हेक्टेयर स्थित ग्राम तुमडावदा पटवारी हल्का नम्बर- 78, तहसील घटिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं, को क्रय करने का अनुबंध-पत्र मेरे पक्षकार ने विधिवत कर लिया है तथा विक्रय-पत्र का निष्पादन भी अपने हित में करवा लिया जावेगा । इसलिए हर खास एवं आम तथा संबंधित व्यक्ति को इस जाहिर सूचना पत्र के द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त कृषि भूमि के संबंध में अगर किसी पक्ष को या संस्था को इस विक्रय के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो एवं कृषि भूमि कहीं पर रहन, बय, दान, गिरवी, बंधक की हुई हो एवं कोई भी व्यक्ति उक्त कृषि भूमि पर किसी प्रकार का कोई विधिसम्मत हित रखता हो जो कि कृषि भूमि के विकय से प्रभावित हो रहा हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय द्वितीय मंजिल 442, गीरीराज हेरिटेज, तीन बत्ती, उज्जैन में सुबह 10.30 से शाम 6 बजे तक मय लिखित प्रमाण के प्रस्तुत करें तथा अपनी आपत्ति एवं दस्तावेज का अवलोकन करवाएं अन्यथा बाद अवधि मियाद समाप्त होने पर किसी प्रकार का कोई दावा, आपत्ति व वाद स्वीकार नहीं की जावेगा एवं आपत्ति करने का कोई अधिकार संबंधित पक्ष को नहीं रहेगा। सो सूचित हो। इति दिनांक 26.06.2026

**दीपक प्रजापत ( एडव्होकेट )**
**मो. 9617631819**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार बंधन बैंक लिमिटेड शाखा आफिस क्रमांक एफ -8 प्रथम मंजिल सिटी सेंटर छावनी नाका आगर मालवा म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड जो भूमि सर्वे क्रमांक 2040/2/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/2/1 का भाग स्थित वार्ड न. 12 कस्बा सुसनेर प.ह.न. 38 तहसील सुसनेर जिला आगर में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 240 वर्गफीट है। तथा चर्तुसीमा इस प्रकार है- पूर्व में - भूमि गुड्डी बाई माली व अन्य कि, पश्चिम में - 20 फीट चौडा आमरास्ता, उत्तर में- भूखण्ड दीपिका जैन, दक्षिण में -शेष भूखण्ड पुष्पा जैन का स्थित है। उक्त सम्पत्ति दीपिका जैन पति कमलेष जैन ने इसके पूर्वस्वामी पुष्पाबाई पति पारस कुमार से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP20IGR16642025A101101623 दिनांक 03/12/2025 के माध्यम से क्रय कि एवं दीपिका जैन ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु बंधन बैंक लिमिटेड आगर में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक करने जा रहे हैं, तथा पक्षकार की जानकारी के अनुसार पूर्व का विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 512842020ए1840834 दिनांक 14/12/2020 का कही गुम हो गया है अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र कहीं बंधक हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर बंधन बैंक लिमिटेड आगर द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार बंधन बैंक लिमिटेड आगर का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्तिमान्य नहीं होगी। सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर**
**चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352**

### जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती मुन्नीबाई चौहान पति श्री शेखर चौहान निवासी 34, जयसिंहपुरा ध्रुवनगर उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य का भवन म्यु. सर्वे क्रमांक 3453 व 3454 ध्रुवनगर जयसिंहपुरा उज्जैन में स्थित है जिसकी पैमाईश लम्बाई- पूर्व से पश्चिम बतरफउत्तर व दक्षिण 35 फीट या 10.66 मीटर चौडाई- उत्तर से दक्षिण बतरफपूर्व व पश्चिम 15 फीट या 04.57 मीटर कुल क्षेत्रफल 48.72 वर्गमीटर अर्थात 525 वर्गफीट जिसके चर्तु:सीमा पूर्व दिषा में- रास्ता, पश्चिम में-गली उत्तर में- भवंरसिंह का मकान व दक्षिण में- भूमि विक्रेता की वर्तमान में बंद गली मिली है के मध्य स्थित भवन को उस पर किये हुये दो मंजिला निर्माण उसमें लगे मटेरियल फिटिंग फिक्कर्स मय तला व हवाई हक एवं नल व बिजली कनेक्षन मय मीटर डिपाजिट सहित क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन राशि अदा कर सौदा चिट्ठी का सम्पादन करवा लिया है तथा अनुबंध पत्र का सम्पादन करवाया जाना है और अनुबंध पत्र अनुसार शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भवन में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भवन पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक,अथवा सरकारी,साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।
इति दिनांक:- 25-06-2026 उज्जैन

**श्रीमती नीलम अग्रवाल ( एडवोकेट )**
**एम.ए.एल.एल.बी.**
**ऑफिस क्रमांक डी-5, भरतपुरी कॉम्पलेक्स, पुराना**
**आर.टी.ओ. ऑफिस के पीछे उज्जैन मो. 98264-44002**

### जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अक्षय गोयल पिता श्री सतीश कुमार जी गोयल निवासी विष्णु कॉलोनी उज्जैन ने आर. के. डेलवपर्स कार्यालय उज्जैन (म.प्र.) द्वारा आर.के, गोल्ड कॉलोनी उज्जैन म.प्र. से भूखण्ड क्रमांक 26 बुक कराया था उक्त भूखण्ड की मूल रसीद क्रमांक 970 दिनंक 22-10-2024 की प्रदान की गई थी उक्त रसीद मेरे पक्षकार से कहीं गुम हो गई है जो कि काफी तलाशने के बाद भी नहीं मिल पा रही है। उक्त रसीद मेरे द्वारा कहीं रहन, बय, दान, हस्तांतरण आदि की हुई नही है यदि उक्त रसीद किसी व्यक्ति, संस्था आदि को मिले और उनके द्वारा उक्त रसीद का किसी प्रकार से दुरूपयोग नहीं किया जावे इस संबंध में मेरे द्वारा यह जाहिर सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है अतः सूचित हो । इति दिनांक 26-06-2026

**संजय शर्मा एडवोकेट**
**11/1 घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज उज्जैन**
**मोबाईल नंबर 9827392230**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी जगदीश पिता श्री रामसिंह जी जाति काछी निवासी ग्राम बलेडी तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. में उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एंव आधिपत्य की एकल कृषि भूमि जो कि ग्राम बलेडी तहसील बडनगर, जिला उज्जैन में स्थित होकर पटवारी हल्का क्रमांक 154 में स्थित उक्त कृषि भूमि जिसका सर्वे क्रमांक 944/1 रकबा 0.3400 हेक्टर, का विक्रय किया जा रहा हैं उक्त कृषि भूमि ग्राम बलेडी में मुख्य मार्ग से अन्दर की ओर स्थित होकर उनके स्वत्व स्वामित्व, आधिपत्य की भूमि का सौदा कर विक्रय अनुबंध मेरे पक्षकार के हित में विधिवत कर दिया गया है। मेरे पक्षकार द्वारा बयाना राशि अदाकर दी गयी है, तत्पश्चात शेष बची विक्रय मूल्य की राशि अदा करके अपने हित में उक्त भूमि का विक्रय पत्र का निष्पादन एंव पंजीयन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के स्वत्व स्वामित्व बावत किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा उक्त भूमि बावत् किसी निजी व्यक्ति, सस्था, बैंक, पंचायत, पेढी शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था या स्थानीय शासन का कोई ऋण, भार हित, अधिकार हो या किसी भी न्यायालय में कोई प्रकरण विचराधीन हो अथवा इस विक्रय सम्व्यवहार बावत् हो तो सूचना प्रकाशन की दिनांक से (7 दिवस) के अन्दर सप्रमाण मेरे निम्नलिखित कार्यालय पर आकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे। अन्यथा बाद मियाद उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में निष्पादित एंव पंजीकृत करवा लेवेंगे एवं इसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। और न ही मेरे पक्षकार के हितों पर बधंकारक होगी। यह सूचित हो।
इति दिनांक 25.06.2026

**श्रीमती शिंवागिनी निलेश धाकड.**
**( सर्विस प्रोवाईडर )**
**कार्यालय डीएफ 12 प्रथम मंजिल**
**भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र देवास रोड उज्जैन**
**मो. 9074220501**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार रोहा हाउसिंग फायनेन्स प्राइवेट लिमिटेड कार्यालय 301, तृतीय मंजिल पाटीदार टॉवर फ्रीगंज, उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 110 स्थित वार्ड न. 29 बेगमपुरा मार्ग उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 113.84 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व में-भवन मैनाबाई का, पश्चिम में - तुलसीराम नामदेव का भवन्, उत्तर में - गली सुरजकुण्ड़, दक्षिण में-रोड बेगमपुरा स्थित है। उक्त सम्पत्ति बसंतीलाल पिता तानाजी से नोट्राइज्ड वसीयत पत्र दिनांक 31/07/1989 को लक्ष्मीबाई पति बंसतीलाल खत्री एवं ओमप्रकाश पिता जगन्नाथ खत्री ने प्राप्त कि। एवं बंसतीलाल तथा ओमप्रकाश खत्री का स्वर्गवास हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति के स्वामी लक्ष्मीबाई तथा गोपाल खत्री पिता ओमप्रकाश खत्री, ममता पति सुरज, वर्षा पति कमल उक्त संपत्ति के स्वामी हुए तथा लक्ष्मीबाई खत्री आदि द्वारा उक्त संपत्ति का दान पत्र पुष्पा खत्री पति गोपाल के हित में किया जाना प्रस्तावित है। तथा पुष्पा खत्री ने उक्त सपंत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु रोहा हाउसिंग फायनेन्स प्रा.लि. उज्जैन में आवेदन किया हैं, तथा मेरे पक्षकार रोहा हाउसिंग फायनेन्स प्रा.लि. उज्जैन का उक्त संपत्ति पर बंधक ऋण प्रस्तावित है। अतः सूचित किया जाता हैं कि उक्त संपत्ति में अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त संपत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर रोहा हाउसिंग फायनेन्स प्रा. लि. उज्जैन द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण भार रोहा हाउसिंग फायनेन्स प्रा.लि. उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स**
**विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352**

### जाहिर सूचना

**ग्राम मोहनपुरा तहसील उज्जैन नगर व जिला उज्जैन ( म.प्र. ) के सर्वे क्रमांक 530 पैकी रकबा 0.209 हैक्टेयर कृषि भूमि के संबंध में।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने (1) श्री दीपक मेहता पिता श्री बाबूलालजी मेहता निवासी - 20-21, तुलसीनगर, हीरा मील, आगर रोड़, उज्जैन (म.प्र.) (2) श्री जितेन्द्र जैन पिता श्री विमलकुमार जैन निवासी ए-14/3, महानंदा नगर, उज्जैन (म.प्र) (3) श्रीमती पूर्णिमा जैन पति श्री अजय जैन निवासी 23, तुलसीनगर, हीरामील, आगर रोड़, उज्जैन (म.प्र.) से इनके क्रय अनुबंध अधिकारों की उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को सर्वभार मुक्त स्थिति में क्रय करने का सौदा करते हुवे बयाने की आंशिक धनराशि अदा कर दी है। (यह कृषि भूमि उपरोक्त विक्रेतापक्ष ने (1) श्री राधेश्याम (2) श्री गोविन्दराम (3) श्री मुरलीधर (4) श्री लक्ष्मीनारायण (5) कंचनदेवी (6) राधा, सभी के पिता स्व.श्री मोहनलाल, एवं (7) श्री सतीश (8) श्री ललित (9) श्री मनीष (10) लक्ष्मी, सभी के पिता श्री गोपालकृष्ण पता - ग्राम मोहनपुरा तहसील उज्जैन नगर व जिला उज्जैन (म.प्र.) से क्रय अनुबंधित की हुई है।) यदि उक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निकाय आदि की किसी भी प्रकार की आपत्ति, भार अथवा बोझा हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिन में मय लेखी प्रमाण सहित अपनी लिखित आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद मेरे पक्षकार द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति का विक्रय-पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में करवा लिया जावेगा व किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार व उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय पर बंधनकारक नहीं रहेगी। सो विदित होवे।

**यशवन्त नागर ( एडवोकेट )**
**ऑफिस-205, फारच्यून औरा, 1 गुरमीत नगर, भंवरकुंआ**
**मेनरोड़, इन्दौर**
**मोबाईल नंबर 99269-77002**

### जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती आबिदा बानो पति भूरेखां निवासी ग्राम हामूखेड़ी तहसील व जिला इन्दौर (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 136/3/2 रकबा 0.1400 हेक्टर ,सर्वे क्रमांक 222/1 रकबा 0.9500 हेक्टर,सर्वे क्रमांक 222/2 रकबा 0.7600 हेक्टर,सर्वे क्रमांक 222/3 रकबा 0.3200 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 223/1 रकबा 0.2000 हेक्टर,सर्वे क्रमांक 223/2 रकबा 0.6400 हेक्टर कुल किता 6 कुल रकबा 3.0100 हेक्टर ग्राम पिपलौदा द्वारकाधीष प.ह.न.0046 तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन राशि अदा कर सौदा चिट्ठी का सम्पादन करवा लिया है तथा अनुबंध पत्र का सम्पादन करवाया जाना है और अनुबंध पत्र अनुसार शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूमियों में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमियों पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक,अथवा सरकारी,साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।
इति दिनांक:- 25-06-2026 उज्जैन

**श्रीमती नीलम अग्रवाल ( एडवोकेट )**
**एम.ए.एल.एल.बी.**
**ऑफिस क्रमांक डी-5, भरतपुरी कॉम्पलेक्स, पुराना**
**आर.टी.ओ. ऑफिस के पीछे उज्जैन**
**मो. 98264-44002**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि तोलाराम पांचाल पिता श्री चम्पालाल जी निवासी- ग्राम नवेली तहसील घटिया जिला उज्जैन के स्वामीत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 371/1 रकबा 0.370 है. में से रकबा 0.200 है. ग्राम नवेली तहसील घटिया जिला उज्जैन मे स्थित है। उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि को क्रय किये जाने का सर्वोक्त ऋण भार से मुक्त मालिकाना अधिकारो सहित लिखित सौदा मेरे पक्षकार के द्वारा किया गया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी गई है तथा सौदा चिठ्ठी अनुसार मेरे पक्षकार के हित मे नियत अवधि में विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार बकाया हो या उक्त कृषि भूमि पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय मे कार्यालयीन समय सायं 04 से 06 के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हीत मे करवा लिया जावेगा तथा अवधि समाप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 25/06/2026

**यशपाल गेहलोत, सर्विस प्रोवाईडर**
**कार्यालय- सी एफ3 भरतपुरी शापिंग**
**कॉमप्लेक्स उज्जैन**
**मो. 8839742938**

## न्यूज-कॉलम

### सैलाना विधायक सहित 4 नेताओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**रतलाम।** शहर में बीते दिन भारत आदिवासी पार्टी के बैनर तले हुए प्रदर्शन के बाद पुलिस ने सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष केशु निनामा समेत चार नामजद व्यक्तियों और अन्य समर्थकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। नेताओ पर आरोप है कि उन्होंने बिना अनुमति के कलेक्ट्रेट के बाहर धरना-प्रदर्शन कर सड़क जाम की और प्रशासनिक आदेशों का उल्लंघन किया।उल्लेखनीय है कि विधायक कमलेश्वर डोडियार ने बुधवार को खाद, बीज, बिजली और ग्रामीण क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था।इस दौरान बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर 47 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा था ।

### बाउण्ड ओव्हर की शर्तो का उल्लंघन करने वालों को जेल भेजा

**रतलाम।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अमित कुमार (भा.पु.से.) द्वारा आदतन अपराधियों व गुण्डो को बाउण्ड ओव्हर करवाने के लगातार निर्देश दिये जा रहे है जो निर्देशो के पालन मे श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय, श्री विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी महोदय श्रीमती पल्लवी गौर के निर्देशन मे ग्राम खेताखेडी थाना ताल के गुण्डे जुवानसिंह पिता रामचन्द्र डांगी उम्र 48 साल को धारा 126, 135 (3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर दिनांक 11.02.2026 से 11.08.2026 तक कुल 6 माह की अवधि के लिए फाईनल बाउण्ड ओव्हर करवाया गया था जो गुण्डे जुवानसिंह द्वारा दिनांक 05.05.2026 को पुनः अपराध घटित किया जिस पर से थाना ताल पर अपराध क्र. 238/26 धारा 296 (बी), 351(2) बीएनएस का पंजीबध्द किया गया।

# सिंहस्थ मेले की तैयारियों का जायजा के साथ ही मंडल रेल प्रबंधक ने किया उज्जैन - बाकानियां भौरी खंड का संरक्षा निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



आगामी सिंहस्थ मेले के दौरान यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं रेलवे व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री अश्विन कुमार ने मंडल के सभी शाखा अधिकारियों के साथ बाकनिया-भौंरी से उज्जैन तक विंडो ट्रेलिंग एवं संरक्षा निरीक्षण किया।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार निरीक्षण के दौरान सीहोर, शुजालपुर, मक्सी, स्टेशनों पर अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत किये जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण के साथ ही पिंगलेश्वर, पवासा, नईखेड़ी तथा उज्जैन स्टेशनों पर सिंहस्थ मेले के लिए की जा रही तैयारियों एवं विभिन्न व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने निरीक्षण के दौरान यात्री सुविधाओं, भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था तथा अधोसंरचना विकास से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर सीहोर, शुजालपुर एवं मक्सी स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे विकास एवं उन्नयन कार्यों का भी मूल्यांकन किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सीहोर स्टेशन पर निमार्णाधीन क्राउड होल्डिंग एरिया (भीड़-रोकथाम क्षेत्र), जिसका निर्माण क्रद्धछ्रश्वरू द्वारा किया जा रहा है, का भी निरीक्षण किया गया इसके साथ ही सीहोर स्टेशन पर निमार्णाधीन 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज का निरीक्षण कर समयबद्ध रूप से शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को सिंहस्थ मेले के मद्देनजर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने तथा यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) श्री अक्षय कुमार भी उपस्थित रहे।

## नई पीढ़ी को आपातकाल के संघर्ष से अवगत कराना हमारा दायित्व- कैलाश चावला

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



जिला भाजपा द्वारा आपातकाल की विभीषिका की 51वीं बरसी के अवसर पर मीसाबंदियों एवं उनके परिवारजनों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें मुख्य वक्ता प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री कैलाश चावला ने कहा कि 25 जून 1975 का दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय है, जब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने आपातकाल थोपकर नागरिक अधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दमन किया था। उन्होंने देश के वर्तमान परिदृश्य का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक सशक्त बना रहा है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि इस संघर्ष की गाथा को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता बचाने के लिए संविधान का दुरुपयोग किया था, इसलिए हमें लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए।

मंच पर पूर्व विधायक व प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह सिसौदिया, वरिष्ठ नेता मदनलाल राठौर, भोपालसिंह सिसौदिया, निहालचंद मालवीय, जिला महामंत्री शिवराजसिंह राणा, महेश जूनवाल सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानी सुरेंद्रसिंह खेजड़िया, हंसराज कबाड़ी, गोपाल पटवा और मीसाबंदी परिवार से चंद्रशेखर तिवारी का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के जितेंद्रसिंह चौहान, गौरव अग्रवाल, जीवन शर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी, मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत, नेपालसिंह सिसौदिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष सुनील जैन ने किया और आभार राजेश नामदेव ने माना।




## स्वामी सत्यमित्रानंद जी गिरि की सप्तम पुण्यतिथि अपना घर में श्रद्धापूर्वक मनाई

**मन्दसौर।** समन्वय परिवार ने पद्मभूषण और भारतमाता मंदिर हरिद्वार के अधिष्ठाता ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी श्री सत्यमित्रानंद जी गिरि महाराज की सप्तम पुण्यतिथि मंदसौर के निराश्रित बालिका गृह अपना घर में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस दौरान मुख्य वक्ता समन्वय सेवा ट्रस्ट हरिद्वार के सदस्य पं. दिवाकर उपाध्याय च्भास्कर पूजनज् ने कहा कि स्वामी जी महाराज समाज में एकता और परस्पर समरसता के श्रेष्ठ उदाहरण थे, जिन्होंने कमजोर वर्गों, वनवासियों और वाल्मीकि समाज को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए जीवनपर्यंत कार्य किया। उन्होंने कुंभ और सिंहस्थ जैसे पावन पर्वों पर संत मंडल के साथ इन वंचित समाजों को शाही स्नान का सहभागी बनाकर एक ऐतिहासिक पहल की थी।धर्मसभा को समाजसेवी कारूलाल सोनी, डॉ. प्रवीण मंडलोई, कन्हैयालाल सोनगरा, राव विजय सिंह, ब्रजेश जोशी, डॉ. रवींद्र पांडेय, अजीजुल्लाह खालिद, राजाराम तंवर, डॉ. दिनेश तिवारी और डॉ. किशोर शर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने स्वामी जी के चित्र का पाद पूजन और आरती की, तथा अपना घर की बालिकाओं ने भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में सामूहिक प्रार्थना पं. राजेंद्र तिवारी ने कराई, संचालन डॉ. घनश्याम बटवाल ने किया और आभार सचिव दिलीप कुमार गौड़ ने माना।

## न्यूज कालम




### सक्षम संस्था का स्थापना दिवस पर लगभग 50 प्रबुद्धजनों ने सहभागिता की

**मन्दसौर।** दिव्यांगजन सेवा और उनके सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्यरत संस्था सक्षम का स्थापना दिवस पर प्रसिद्ध गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. कमला जैन के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के लगभग 50 प्रबुद्धजनों ने सहभागिता की, जिनमें विशेष रूप से 35 दिव्यांगजन शामिल हुए। कार्यक्रम में संगठन की जिला अध्यक्ष निवेदिता नाहर, उपाध्यक्ष सुनीता गोधा, सचिव अनिल राठौर, कोषाध्यक्ष दीपक मोहनिया और अस्थिबाधित प्रकोष्ठ प्रभारी निलेश माली सहित संस्था के कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. कमला जैन ने सक्षम संगठन की विभिन्न सेवाभावी गतिविधियों और भविष्य के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी साझा की, जबकि डॉ. रवींद्र पांडे ने संस्था की विकास यात्रा और उसकी रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान उपस्थित दिव्यांगजनों को पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया, जिसके माध्यम से समाज को पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का एक सुंदर संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन दीपक मोहनिया ने किया व आभार हरीश खिंचावत ने व्यक्त किया।

### वरिष्ठ पत्रकार श्री झलोया को मिला लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड



**मन्दसौर।** अ.भा. जांगिड़ ब्राह्मण महासभा नई दिल्ली द्वारा समाज की उल्लेखनीय और जीवनभर की सक्रिय सेवाओं के लिए प्रांतीय उपाध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार अशोक झलोया को च्लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्डज् से सम्मानित किया गया है। उल्लेखनीय है कि श्री झलोया पिछले छह महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे और पुणे व मुंबई में अपना इलाज करवा रहे थे। अस्वस्थता के कारण वे पूर्व में आयोजित प्रदेश कार्य समिति और जिला सम्मेलन में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सके थे, जिसके चलते अब उनके स्वस्थ होकर मंदसौर लौटने पर महासभा के राष्ट्रीय उपप्रधान शिवकुमार शर्मा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री सत्यनारायण शर्मा, जिलाध्यक्ष अनिल तिवारी आदि ने उनके निवास स्थान पहुंचकर उन्हें इस गौरवशाली सम्मान से नवाजा गया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाई माँ गायत्री जयंती, वैदिक ऋचाओं का हुआ उदघोष

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



गायत्री शक्तिपीठ डोंगरे धाम शंकरगढ़ पर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ माँ गायत्री की जयंती मनाई गई। अखिल विश्व गायत्री परिवार की रतलाम शाखा के परिजनों ने वैदिक ऋचाओं के संगीतमय उद्घोष के साथ

समस्त देवताओं को आव्हान करते हुए पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न किया। यज्ञ में याजकों ने गायत्री महामंत्र, महामृत्युंजय मंत्र एवं नवग्रह देवताओं के मंत्रों के साथ विश्व कल्याण की भावना के साथ यज्ञाहुतियाँ दी। गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी पं. शिवपाल छप्री ने बताया की गायत्री परिवार नगर ट्रस्ट के अध्यक्ष पं. पातीराम शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर वेदमाता गायत्री का पूजन किया और यज्ञ अनुष्ठान प्रारंभ कराया। पर्व पूजन एवं यज्ञ संचालन आचार्य नरेन्द्र पाठक तथा पं. शिवपाल छप्री ने किया। जबकि आचार्य जवाहरलाल राणा ने प्रज्ञा गीतों की प्रस्तुति के साथ यज्ञ को

संगीतमय रूप प्रदान किया। प्रज्ञा गीतों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को गायत्री भक्ति रस मे डुबो दिया।

गायत्री परिवार द्वारा चलाए जा रहें संस्कार परम्परा के पुनर्जीवन अभियान में बिटिया समीक्षा सैनी का जन्मदिन संस्कार तथा अग्रज परिजन पं. पातीराम शर्मा - लक्ष्मी देवी शर्मा एवं युवा कार्यकर्ता अनिल सैनी - ऋतु सैनी का विवाह वर्षगाँठ मनाया गया। सभी परिजनों का मंत्रोच्चार एवं स्वस्तिवाचन करते हुए पुष्पवर्षा से अभिनंदन किया गया। मिशन के समयदानी अग्रज कार्यकर्ता गोपाल सिंह तोमर को संस्था में समर्पित सेवाओं के लिए, और शान्तिकुञ्ज से गायत्री शक्तिपीठ पर नियुक्त किए गये परिव्राजक हुकमचन्द भारव्दाज का स्वागत, अभिनंदन, सम्मान किया गया। गायत्री जयंती के पूर्व दिवस मंगलवार को गायत्री शक्तिपीठ पर सुबह से शाम तक 12 घंटे का अखण्ड जाप रखा गया था आयोजन का सफल बनाने में युवा प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी विवेक चौधरी का सहयोग रहा।

### मां बाणेश्वरी मंदिर स्थापना दिवस की प्रथम वर्षगांठ हर्षोल्लाह से मनाई

**पिपलिया मंडी।** समीप ठिकाना निनोरा में रावला परिवार द्वारा स्थापित कुलदेवी मां बाणेश्वरी के मंदिर के स्थापना दिवस की प्रथम वर्षगांठ हर्षोल्लाह से मनाई गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ठिकाना निनोरा के राजपुरोहित पंडित भरत शर्मा एवं पंडित अरविंद शर्मा के आचार्यत्व में तथा रावला प्रमुख ठा भारत सिंह जी शक्तावत के मार्गदर्शन में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिन 23 जून मंगलवार को कुलदेवी मांबणेश्वरी का पूजन अभिषेक कार्यक्रम सपन्न हुआ। दूसरे दिन दिनांक 24 जून बुधवार को यज्ञ पूणार्हुति व महाप्रसादी के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## प्राचीन नरसिंह मंदिर परिसर में श्री लक्ष्मी-नरसिंह व दादी रानी सती धाम की प्राण प्रतिष्ठा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



स्थानीय नरसिंहपुरा क्षेत्र में स्थित अति प्राचीन श्री नरसिंह मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य के साथ ही कुलदेवी मां महालक्ष्मी मंदिर एवं दादी रानी सती धाम मंदिर का पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पूरी भव्यता के साथ आयोजित किया जा रहा है। विद्वान प्रतिष्ठाचार्य डॉ. प्रभाकर त्रिपाठी (मुंबई) के सानिध्य में 22 जून से लगातार हवन, पूजन और धार्मिक अनुष्ठान चल रहे हैं। अग्रवाल समाज नरसिंह मंदिर ट्रस्ट द्वारा इस अति प्राचीन मंदिर का निर्माण करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से मकराना के सफेद संगमरमर पत्थरों से करवाया गया है, जहां स्थापित भगवान नरसिंह की प्रतिमा अत्यंत अद्भुत और चमत्कारिक है। इसी परिसर में नवनिर्मित माता लक्ष्मी और दादी रानी सती का मंदिर पूरे शहर के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जिसकी भव्य प्राण प्रतिष्ठा आगामी २७ जून शनिवार को विधि-विधान से संपन्न होगी।

इस पांच दिवसीय महोत्सव को लेकर अग्रवाल समाज में अभूतपूर्व उत्साह का माहौल है। उत्सव के तहत गुरुवार 25 जून को नरसिंहपुरा स्थित अग्रसेन मांगलिक भवन परिसर में रतलाम की मंडली द्वारा दादी रानी सती के भव्य मंगल पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें समाज की मातृशक्ति और श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर भजनों का आनंद लिया। इसी श्रृंखला में शुक्रवार २६ जून को दोपहर २ज्३० बजे जनकपुरा गणपति चौक स्थित नरसिंह मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।


नरसिंह मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रदीप गनेड़ीवाल, उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता व मुरलीधर एरन, सचिव ओमप्रकाश मित्तल, सहसचिव सुनील बंसल, कोषाध्यक्ष विश्व मोहन अग्रवाल सहित ट्रस्टीगण ने बताया कि इस ऐतिहासिक महोत्सव के लिए भगवान श्री लक्ष्मी-नरसिंह एवं दादी रानी सती धाम को आकर्षक विद्युत सज्जा, नोटों की मालाओं और सुंदर फूलों से भव्य रूप से सजाया जा रहा है। समाज जन इस पावन घड़ी को लेकर पूरी तरह से तैयारियों में जुटे हैं।

### विधायक श्री राहुल भैय्या का पिपलिया मंडी में हुआ भव्य स्वागत



**पिपलिया मंडी।** 24 जून 2026 बुधवार को चुरहट विधायक क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष आदरणीय अजय सिंह जी (राहुल भैया) का असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्यप्रदेश अध्यक्ष कुंवर सिंह शक्तावत के निज निवास रमा हवेली मुदेडी हाउस पिपलिया मंडी पर आगमन हुआ। इस अवसर पर कुं शक्तावत परिवार सहित उपस्थित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओ साथियों ने आतिशबाजी एवं ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। इसी तरह वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहनलाल जी गुप्ता के निवास पर जिला कांग्रेस के नव नियुक्त महासचिव अनिल शर्मा के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार से किसान, गरीब,मजदूर,व्यापारी सभी परेशान होचुके है जनता ने सत्ता बदलाव का मन बना लिया है कांग्रेसजन बूथ स्तर तक कांग्रेस को मजबूत करने में जुट जाय।प्रदेश में जब तक कांग्रेस की सरकार नही बनेगी तब तक मे माला नही पहनुगा ओर नही साफा ही बन्धवाऊंगा।आपके साथ जिला कांग्रेस के अध्यक्ष महेंद्रसिंह गुर्जर,प्रदेश कांग्रेस के सचिव सोमिल नाहटा भी थे।

### श्री पंवार 43 वर्ष की सराहनीय सेवा उपरांत 30 जून को होंगे सेवानिवृत्ति



**पिपलिया मंडी।** मप्र प.क्षै.वि.वि.कं. लिमिटेड के पिपलिया मंडी कार्यालय से अपनी 43 वर्ष की पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं सराहनीय सेवा प्रदान कर 30 जून 2026 मंगलवार को सेवानिवृत्ति होंगे। सभी स्नेही जनों ने एवं परिजनों ने आपके कार्य की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### मनासा न.प. की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिये

**नीमच।** जिले की मनासा नगर पालिका परिषद की बैठक गुरुवार को नगर पंचायत सभागृह में आयोजित हुई। जिसमें नगर के समग्र विकास, सौंदर्यीकरण और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक नप अध्यक्ष डॉ. सीमा अजय तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में देवनारायण क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही नगर के प्रमुख चौराहों के सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता से लेने का निर्णय लिया गया। साथ ही नई मशीनों की खरीदी तथा विभिन्न निर्माण कार्यों एवं योजनाओं की स्वीकृति मिली। चर्चा कर उन्हें मंजूरी मिली।

पीएचई व जल निगम के अधिकारियों के साथ

## फिल्टर मीडिया का नपा अध्यक्ष व सीएमओ ने किया निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच



शहर में मिल रही गंदे पानी की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका परिषद नीमच की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया गुरुवार 25 जून को पीएचई व जल निगम बोर्ड के अधिकारियों तथा नगर पालिका के जलकल विभाग के अधिकारियों के साथ हिंगोरिया स्थित फिल्टर प्लांट पर पहुंचे और वहां चल रहे फिल्टर मीडिया बदलने के कार्य का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पीएचई व जल निगम के अधिकारियों ने फिल्टर मीडिया के कार्य में तकनीकी खामी बताई जिस पर नपा अध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा ने फिल्टर मीडिया का कार्य कर रही कंपनी के अधिकारियों को तत्काल खामियां दूर करने के निर्देश देते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिए की अगर खामियां दूर नहीं होती है तो कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने का नोटिस जारी किया जावे।

नीमच शहर में पेयजल वितरण में आ रही गंदे पानी की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा व मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया गुरुवार २५ जून को पीएचई विभाग के श्री पाटीदार जी व जल निगमबोर्ड के जीएम श्री धीरेंद्र कुमार बिजोरिया, इंजीनियर श्री विभोर सोनी तथा नपा के जलकल विभाग की प्रभारी उप यंत्री श्रीमती अनु सोलंकी आदि के साथ हिंगोरिया स्थित फिल्टर प्लांट पर पहुंचे और वहां चल रहे फिल्टर मीडिया के कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पीएचई व जल निगम के अधिकारियों ने फिल्टर मीडिया के कार्य में दो लेयर का कार्य संतोषजनक पाया जबकि टॉप लेयर के कार्य में सामग्री के साथ डस्ट मिली होने से शहर में गंदे पानी की शिकायत होना बताया। उपरोक्त खामी सामने आने पर श्रीमती चोपड़ा ने फिल्टर मीडिया बदलने वाली कंपनी मार्टी इंडिया इंजीनियरिंग एंड कंसलटेंसी नागपुर के इंजीनियर श्री चौकर व कुमारी रागीनी को मौके पर ही तत्काल खामी दूर कर गंदे पानी की समस्या को दूर किए जाने के निर्देश देते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी से कहा कि कंपनी अगर पाई गई कमियों को दूर नहीं कर पाती है तो टेंडर नीरस्त कर कंपनी को ब्लैक लिस्टेड घोषित करें और अनुभवी टीम से कार्य करवा कर शहर को शुद्ध पेयजल वितरण की व्यवस्था करें। श्रीमती चोपड़ा ने फिल्टर मीडिया बदलने वाली कंपनी के अधिकारियों को कहा कि विगत 5 दिनों से आपको व्यवस्था सुधारने के लिए कहा जा रहा है किंतु पेयजल जैसी महत्वपूर्ण समस्या को लेकर भी आप गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं, अगर आपके द्वारा कार्य संतुष्टि पूर्वक नहीं किया ।

### श्री गुप्ता ने पश्चिम रेलवे रतलाम में वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता का पदभार लिया

**नीमच।** रतलाम रेल मंडल मे महेश कुमार गुप्ता वरिष्ठ मंडल



विद्युत अभियंता (टीआरडी) रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे का पदाभर ग्रहण किया है । भारतीय रेल विद्युत अभियंता सेवा के 2014 बैच के अधिकारी श्री महेश कुमार गुप्ता ने पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल में वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी) का पदभार ग्रहण कर लिया है।श्री गुप्ता एक अनुभवी एवं दक्ष रेलवे अधिकारी हैं, जिन्हें विद्युत कर्षण वितरण विद्युत अनुरक्षण, परिचालन प्रबंधन तथा प्रशासनिक कार्यों का व्यापक अनुभव प्राप्त है। उन्होंने हरकोर्ट बटलर प्राविधिक संस्थान कानपुर से बी.टेक. की उपाधि प्राप्त की है। भारतीय रेल विद्युत अभियंता सेवा में चयन के पश्चात उन्होंने भारतीय रेलवे विद्युत अभियांत्रिकी संस्थान नासिक में प्रशिक्षण प्राप्त किया।अपने सेवाकाल के दौरान श्री गुप्ता ने भारतीय रेल के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए उत्कृष्ट कार्य निष्पादन का परिचय दिया है।



## इकलौते बेटे को किया भारत माता को समर्पित, विद्यालय परिवार ने किया सम्मान

**बड़नगर।** देश के नाम एक बेटा अपनी जान लुटा देता है, माँ की गोद छोड़कर वह तिरंगे की शान बढ़ा देता है। इन्हीं पंक्तियों को चरितार्थ किया है सेंट मार्टिन विद्यालय के पूर्व छात्र दीपक पिता मुकेश सोयल ने। हाल ही में दीपक का भारतीय सेना में चयन हुआ है। गौरतलब है कि दीपक अपने माता-पिता की एकमात्र संतान हैं। दीपक की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने दीपक और उसके माता-पिता का पुष्पहार पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर दीपक के माता-पिता ने विद्यालय के संस्थापक एंथनी जॉर्ज एवं प्रधानाचार्य जेनेट जॉर्ज को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और विद्यालय के अनुशासन के कारण ही आज उनका बेटा इस मुकाम तक पहुँच पाया है।दीपक ने भी अपनी इस सफलता का पूरा श्रेय सेंट मार्टिन विद्यालय परिवार को दिया। संस्था की प्राचार्य जेनेट जॉर्ज ने दीपक के विद्यालय जीवन के संस्मरण सुनाए, जिससे अन्य विद्यार्थी अत्यंत प्रेरित हुए। संस्था के संस्थापक एंथनी जॉर्ज ने इस अवसर पर दीपक को बधाई देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया एवं उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जानकारी विद्यालय शिक्षिका किरण सुखवाल ने दी।

## जैन सोशल ग्रुप मैत्री द्वारा जीएसटी एवं आयकर सेमिनार का आयोजन

**खाचरोद।** जैन सोशल ग्रुप मैत्री खाचरोद द्वारा जीएसटी एवं आयकर विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन वर्धमान स्कूल में किया गया।इस सेमिनार में नागदा के श्री कमलनयन जी तथा खाचरोद के श्री पुलकित केराफ, सीए अंकुर जी भटेवरा एवं सीए मनाली जैन ने सभा को संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने टैक्स से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए उसकी बारीकियों को सरल भाषा में समझाया, जिससे उपस्थित व्यापारीगण लाभान्वित हुए।सेमिनार के दौरान व्यापारियों ने अपनी-अपनी समस्याओं से जुड़े प्रश्न भी पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा संतोषजनक समाधान प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर मध्य प्रदेश रीजन के उपाध्यक्ष श्री शरद जैन, सह सचिव श्री विजय बरड़िया, रीजन अवार्ड कन्वीनर श्री मनीष चपलोद, संरक्षक श्री चंद्र प्रकाश चौरड़िया, श्री राजेश वनवट एवं श्री विनोद जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महावीर स्वामी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया।सेमिनार में कपड़ा, सराफा, कटलरी एवं स्टील तथा अनाज मंडी सहित विभिन्न व्यापार क्षेत्रों के व्यापारी एवं ग्रुप के अनेक सदस्य उपस्थित रहै कार्यक्रम पश्चात सवल्प आहार का आयोजन रखा गया

## साइबर सुरक्षा तहत शैक्षणिक संस्थान जागरूकता अभियान का आयोजन

**बडौद।** श्री महावीर जैन विद्या मंदिर बड़ौद में मध्य प्रदेश पुलिस साइबर अपराधों के प्रति जन जागरूकता अभियान 2026 के तहत स्कूल में कार्यशाला का आयोजन पुलिस थाना बड़ौद के थाना प्रभारी रूप सिंह जी बैस,रकपी.सी.चौधरी, अरकनिर्मल दास बैरागी , आरक्षक श्रीमती वंदना सेन की उपस्थिति में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम थाना बड़ौद आरक्षक श्रीमती वंदना सेन ने अपने वक्तव्य में भैया /बहिनों को ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, हैकिंग, डाटा चोरी के बारे में सजक रहने की बात कही । रकश्री पी.सी. चौधरी द्वारा भैया/बहिनों को गोपनीयता का उल्लंघन, मोबाइल पर आने वाली लिंक,पीडीएफ आदि के बारे में सावधान रहने की बात कही तथा भैया/बहिनों को थाना प्रभारी रूप सिंह बैस ने ओटीपी फ्रॉड, लोन फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, फिशिंग के बारे में जानकारी दी व प्रश्न मंच के माध्यम से प्रश्न पूछे सही उत्तर देने पर भैया /बहिनों को पुरस्कृत भी किया गया तत्पश्चात थाना प्रभारी महोदय ने सभी भैया/बहिनों को साइबर सुरक्षा हेतु साइबर के नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई । इस अवसर पर विद्यालय के हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी विभाग के सभी भैया/बहिन व शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन पुरुषोत्तम व्यास तथा आभार विद्यालय प्राचार्य श्री एस.एस. राजपूत ने माना।

## आगर रोड़ सुभाष चौराहे पर लगा जाम वाहन चालक और आमजन परेशान



**बडौद।** बडौद के आगर रोड़ और सुभाष चौराहे पर लगा जाम में चार पहिया और दो पहिया वाहन के साथ पैदल आमजन भी जाम में फंसा और सड़क के दोनों खड़े वाहनों की वजह से लगा जाम लेकिन कोई जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचा! इस समस्या को शांति समिति की बैठक में भी समस्या को उठाया गया था और जमींदारों ने आमजन को भी इसमें सहयोग से समस्या का समाधान होगा! आखिर में इस समस्या का हल कैसे होगा समझ से परे है।

## सारंगपुर क्षेत्र में खरीफ फसलों की बोनी शुरू

**सारंगपुर।** क्षेत्र में मानसून की कछुआ चाल और शुरूआती कम बारिश के चलते बोनी की रफ्तार फिलहाल काफी धीमी है, लेकिन आने वाले दिनों में अच्छी बारिश के साथ इसमें तेजी आने की पूरी संभावना है। सारंगपुर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी खण्ड कार्यालय द्वारा खरीफ सीजन 2026-27 के लिए फसलों के प्रस्तावित लक्ष्य और वर्तमान बोनी की स्थिति के आधिकारिक आंकडे जारी कर दिए गए हैं। विभाग से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 24 जूनतक विकासखंड में कुल प्रस्तावित लक्ष्य 81670 हेक्टेयर के मुकाबले अभी तक केवल 997 हेक्टेयर में ही बोनी संपन्ना हो सकी है। सारंगपुर क्षेत्र हमेशा से सोयाबीन की खेती के लिए जाना जाता है, और इस बार भी कृषि विभाग ने सबसे बडा दांव सोयाबीन पर ही लगाया है। चालू खरीफ सीजन के लिए सोयाबीन का प्रस्तावित लक्ष्य 78000 हेक्टेयर निर्धारित किया गया है, जो कि कुल रकबे का लगभग 95 प्रतिशत से अधिक है। आंकडों के मुताबिक गुरूवार तक किसानों ने 987 हेक्टेयर क्षेत्र में सोयाबीन की बुआई पूरी कर ली है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि जैसे ही क्षेत्र में झमाझम बारिश का दौर शुरू होगा, सोयाबीन की बोनी में भारी तेजी देखने को मिलेगी। सोयाबीन के बाद क्षेत्र में मक्का दूसरी ऐसी फसल है जिसमें बोनी की शुरूआत दर्ज की गई है। विभाग ने मक्के की खेती के लिए 3000 हेक्टेयर का लक्ष्य रखा है, जिसके मुकाबले अब तक 10 हेक्टेयर में बोनी की जा चुकी है।

मुआवजा व अनुकंपा नियुक्ति की मांग पर अड़े परिजन, देर रात आश्वासन के बाद उतारा शव

# ट्रांसफार्मर सुधार के दौरान करंट लगने से विद्युत कर्मी की मौत, 5 घंटे तक पोल पर लटका रहा शव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सोयत कला

डोंगरगांव ग्राम बराई में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में ट्रांसफार्मर की मरम्मत कर रहे विद्युत कर्मी की करंट लगने से मौत हो गई। हादसे के बाद मृतक का शव करीब पांच घंटे तक विद्युत पोल पर ही लटका रहा। घटना से गांव में आक्रोश फैल गया और परिजन व ग्रामीणों ने बिजली कंपनी की कार्यप्रणाली पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए मुआवजा, अनुकंपा नियुक्ति और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर शव नीचे उतारने से इंकार कर दिया।

जानकारी के अनुसार ग्राम बराई निवासी चेन सिंह कंडारा बुधवार दोपहर करीब 2:30 बजे ट्रांसफार्मर की मरम्मत का कार्य कर रहे थे। बताया गया कि उन्होंने कार्य शुरू करने से पहले ग्रिड से विधिवत परमिट लेकर विद्युत सप्लाई बंद करवाई थी। इसके बावजूद अचानक लाइन में करंट प्रवाहित हो गया, जिससे उन्हें जोरदार करंट लगा और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद उनका शव बिजली के पोल पर ही फंसा रह गया।

घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही को हादसे का जिम्मेदार ठहराते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर एसडीओपी देवनारायण यादव, सोयत थाना प्रभारी रामगोपाल वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालने का प्रयास किया।

### पहले भी दी थी हादसे की आशंका

ग्रामीण बजरंग गुर्जर, रामकरण गुर्जर, महेश लौहार एवं मंगल लोहार ने बताया कि जनवरी माह में बिजली विभाग के उप सहायक यंत्री को आवेदन देकर गांव की आबादी से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को हटाने की मांग की गई थी। इसके बाद अप्रैल में ग्राम पंचायत ने भी जनहानि की आशंका जताते हुए प्रस्ताव भेजा था, लेकिन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों का आरोप है कि नीचे लटके बिजली के तार लंबे समय से दुर्घटना को न्योता दे रहे थे और विभाग लगातार शिकायतों की अनदेखी करता रहा।

हादसे के बाद परिजन और ग्रामीणों ने मृतक का शव नीचे उतारने से साफ इंकार कर दिया। उनका कहना था कि जब तक बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचकर मृतक के परिवार को उचित मुआवजा और अनुकंपा नियुक्ति का लिखित आश्वासन नहीं देंगे, तब तक शव नहीं उतारा जाएगा। ग्रामीणों ने यह भी मांग की कि दोषी अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

काफी देर तक चली समझाइश और आश्वासन के बाद रात करीब 8 बजे परिजन व ग्रामीण माने, जिसके बाद विद्युत विभाग और पुलिस की मौजूदगी में शव को पोल से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए सोयत अस्पताल भेजा गया। गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया।





### वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे, देर रात बनी सहमति

शाम होते-होते बिजली विभाग के आगर से डीई सिद्धार्थ भमोरिया तथा अधिकारी रतनेश अय्याची घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों एवं ग्रामीणों से चर्चा कर शासन स्तर पर 50 लाख रुपये मुआवजे का प्रस्ताव भेजने तथा विभागीय प्रक्रिया के तहत करीब 9 लाख रुपये की सहायता राशि एक माह के भीतर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। साथ ही अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया नियमानुसार कराने का भरोसा भी दिलाया।

### विधायक ने भी जताई नाराजगी

घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक भेरोसिंह बापू ने दूरभाष पर अधिकारियों से चर्चा कर मामले को गंभीर लापरवाही बताते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई और पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने की बात कही। वहीं भाजपा नेता मोहन सिंह भी मौके पर पहुंचे और परिजनों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

### इनका कहना

यह कोई हादसा नहीं, बल्कि बिजली कंपनी की घोर लापरवाही का नतीजा है। बिना पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था और सुरक्षा उपकरणों के कर्मचारियों से काम कराया जा रहा है, जिससे आए दिन उनकी जान जा रही है। लेकिन मृतकों के परिजनों को समय पर उचित मुआवजा तक नहीं मिलता। हमारी नजर में यह व्यवस्था कर्मचारियों के लिए मौत का अड्डा बन चुकी है। सरकार और बिजली कंपनी को इसकी जवाबदेही तय करनी चाहिए।

**मनोज भार्गव, प्रांतीय संयोजक, बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन भोपाल**

# स्वाध्याय भवन रोड के चौड़ीकरण और याता-यात व्यवस्थित करने को लेकर बैठक संपन्न

**दो माह तक सुबह 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर किया प्रतिबंधित**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



शहर की सबसे प्रमुख मार्ग स्वाध्याय भवन रोड के चौड़ीकरण और यातायात व्यवस्था को लेकर मंगलवार को नगर पालिका सभागृह में महत्वपूर्ण बैठक विधायक जितेंद्र उदयसिंह पंड्या की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सड़क चौड़ीकरण को लेकर स्वाध्याय भवन मार्ग के व्यापारियों और रहवासियों द्वारा अपने विचार जनप्रतिनिधियो एवं अधिकारीगण के समक्ष रखे ।

बैठक की शुरूआत सड़क चौड़ीकरण के प्रस्ताव पर प्रारंभ हुई। बैठक में व्यापारियों और रहवासियों ने बताया की अव्यवस्थित पार्किंग और यातायात व्यवस्था दुरुस्त किये जाने के सम्बन्ध में अपने विचार जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन के समक्ष रखे गए साथ ही चौड़ीकरण के स्थान पर वैकल्पिक मार्ग बनाये जाने की मांग रखी गई साथ ही आपसी सामंजस्य बनाते हुए वर्तमान में कुछ समय के लिए फोर व्हीलर वाहन प्रतिबंधित कर यातायात एवं व्यवस्था में सुधार किये जाने का निवेदन किया गया। जिस पर प्रशासन एवं जनप्रतिनिधिगण की उपस्थिति में आपसी सहमती से उक्त मार्ग पर फोर व्हीलर वाहन प्रतिबंधित किये जाने का निर्णय लिया गया ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी एम आर निंगवाल ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण पर अंतिम निर्णय लेने से पहले यातायात व्यवस्था को सुधारने का एक प्रयोग किया जाएगा। जिसके माध्यम से आगामी दो माह तक प्रतिदिन सुबह 09 बजे से रात्रि 08 बजे तक स्वाध्याय भवन रोड पर चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। प्रतिबंधित क्षेत्र में निर्धारित समय पर फोर व्हीलर वाहन प्रवेश करने पर नगर पालिका द्वारा चालानी कार्यवाही की जायेगी साथ ही अव्यवस्थित खड़े टू व्हीलर वाहन पर भी चालानी कार्यवाही की जायेगी। उक्त बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या, नगर पालिका उपाध्यक्ष अनीता सतीश वर्मा, एसडीएम धीरेन्द्र पाराशर, तहसीलदार रुपाली जैन, विद्युत मंडल अधिकारी रजनीश यादव, थाना प्रभारी कमलेसिंह, नगर अध्यक्ष नवीन राठौड़, पार्षद रितेश जैन, विजयंत सिंह गोसर, नेहा शांतिलाल गोखरु, अजय दोराया सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं स्वाध्याय भवन क्षेत्रवासी मौजूद रहे। अंत में आभार मुख्य नगर पालिका अधिकारी एमआर निंगवाल द्वारा माना गया।



## केंद्रीय मंत्री सिंधिया के दौरे की तैयारियों को लेकर निरीक्षण

**गुना।** अगले सप्ताह केंद्रीय दूरसंचार एवं पूर्वोत्तर राज्य विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रस्तावित जिले के प्रवास की तैयारियों को लेकर पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत केंद्रीय मंत्री सिंधिया बमौरी विधानसभा के ग्राम तिलवाड़ा में आईटीआई कॉलेज एवं छात्रावास का लोकार्पण करेंगे साथ ही ग्राम धनवाड़ी में विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण करेंगे।लोकार्पण कार्यक्रम उपरांत वे विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को लेकर पूर्व मंत्री सिसोदिया ने ग्राम उमरो, मोहनपुर, तारापुर, चैटबरी, जालमपुर, जमडेरा, बांसखेड़ी, सकतपुर, बगोनिया, तिलवाड़ा, पाटई, खुटियावद आदि गाँवों में जनसंपर्क किया। इस अवसर पर सिरसी मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह परमार, ऊमरी मंडल अध्यक्ष मोहन बारेला, म्याना मंडल अध्यक्ष शुभम रघुवंशी जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव, सचिन शर्मा, गिरिराज जाट, तोफान सिंह बारेला, कालूराम पटेलिया आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस गांव-गांव जाकर सिखाएगी साइबर सुरक्षा के तरीके, 15 दिन चलेगा अभियान

**पिछली बार 200 से ज्यादा लोगों को डिजिटल अरेस्ट होने से बचाया**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास पुलिस ने ऑनलाइन ठगी, डिजिटल अरेस्ट और फर्जी निवेश के बढ़ते मामलों से निपटने के लिए एक नया साइबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक-2.0 शुरू किया है। यह अभियान अगले 14 दिनों तक पूरे जिले में चलाया जाएगा। मध्यप्रदेश पुलिस के इस प्रदेशव्यापी अभियान का शुभारंभ देवास स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हुआ।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत और सीएसपी सुमीत अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। यह पहल साइबर अपराधियों के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के पिछले सफल अभियान के बाद की गई है।

### पिछले अभियान में मिली बड़ी सफलता

पुलिस ने बताया कि पिछले सेफ क्लिक अभियान के दौरान जिले में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई थी। शिकायतों की मासिक संख्या 54 से बढ़कर 150 से 200 तक पहुंच गई थी। समय पर मिली शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने लगभग 710 नागरिकों को साइबर धोखाधड़ी में गंवाई गई 3.60 करोड़ रुपये की राशि वापस दिलाने में मदद की।

इसके अतिरिक्त, पिछले अभियान में 230 लोगों को डिजिटल अरेस्ट और अन्य प्रकार की साइबर ठगी का शिकार होने से बचाया गया था। यह सफलता नए अभियान के लिए प्रेरणा बनी है।

### स्कूल, कॉलेज और बाजारों में होंगे कार्यक्रम

सेफ क्लिक-2.0 के तहत स्कूलों, कॉलेजों, बैंकों, पंचायतों, अस्पतालों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें साइबर जागरूकता कार्यशालाएं, सेमिनार, साइबर चौपाल, नुक्कड़ नाटक, रैलियां, मैराथन और साइबर मेले शामिल होंगे।





### 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत की अपील

अभियान के दौरान आमजन को साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल की जानकारी भी दी जाएगी। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक, एपीके फाइल या ऑनलाइन लेन-देन संबंधी संदेश पर बिना सत्यापन भरोसा न करें।

साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में नागरिकों को तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर या राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई है। एसपी पुनीत गहलोत ने इस अभियान की शुरुआत की पुष्टि करते हुए बताया कि इसका उद्देश्य साइबर अपराधों से समाज को सुरक्षित रखना है।



## हफ्ता वसूली करने वाले दो आदतन अपराधी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**महिदपुर।** महिदपुर पुलिस ने हफ्ता वसूली, मारपीट एवं धमकी देने के मामले में दो आदतन अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। मामले में दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना महिदपुर पुलिस द्वारा गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया। घटना 14 जून 2026 की है, जब आरोपी जवाब पिता मुजम्मिल शाह, शाहनवाज उर्फ गोलू पिता कासम शाह, अब्दुल वहाब पिता मुजम्मिल शाह तथा अब्दुल खालिद पिता युसुफ निवासी फकीर मोहल्ला, महिदपुर पर एक व्यक्ति से हफ्ता वसूली करने, गाली-गलौज, मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा। फरियादी की शिकायत पर थाना महिदपुर में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी अब्दुल वहाब तथा शाहनवाज उर्फ गोलू को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त सामग्री जब्त की। दोनों आरोपियों को 23 जून 2026 को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी अब्दुल वहाब के विरुद्ध वर्ष 2016 से 2026 के बीच हत्या के प्रयास, हफ्ता वसूली, बलवा, चोरी, मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी तथा आर्म्स एक्ट सहित कुल 9 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। वहीं आरोपी शाहनवाज उर्फ गोलू के विरुद्ध वर्ष 2017 से 2026 के बीच मारपीट, छेड़छाड़, गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी जैसे अपराधों सहित कुल 7 प्रकरण दर्ज हैं। मामले में फरार दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## अंचल का किसान लगा खेतों में खरीफ फसल की बोवनी के कार्य में



**महिदपुर रोड।** पिछले दो दिनों से महिदपुर रोड नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में प्री-मानसून की बारिश होने से अंचल के किसान अपने खेतों में खरीफ फसल की बोवनी के कार्य में व्यस्त हो गये है। गुरुवार के दोपहर बाद तथा शुक्रवार को आसपास के गांवों में किसानों द्वारा ट्रेक्टरों से बोवनी का कार्य किया जा रहा है। नगर में स्थित तीनों पेट्रोल पंपों के अलावा ग्राम बरुखेडी तथा इसन खेड़ी फंटे पर स्थित पेट्रोल पंपों पर किसानों द्वारा ट्रैक्टरों तथा प्लास्टिक के कनस्तर ले जाकर ट्रैक्टरों के लिए डीजल लेने का कार्य किया जा रहा है पेट्रोल पंप संचालकों के अनुसार इस समय पेट्रोल पंपों पर डीजल की अच्छी खासी डिमांड है।

## बिजली वितरण कंपनी में लाइन मैनों की सेवानिवृति की आयु सात वर्ष बढ़ी



**महिदपुर रोड ।** विद्युत वितरण कंपनी में काम करने वाले संविदा कर्मचारियों के रूप में पदस्थ लाइन मेनों की सेवा निवृति की आयु 55 वर्ष से 7 वर्ष बढ़ाकर मध्य प्रदेश शासन के अन्य विभागों कर्मचारियों अधिकारियों की भांति 62 वर्ष कर दी गई है इस संबंध में विभागीय तौर पर आधिकारिक आदेश नगर के विद्युत मंडल कार्यालय में शीघ्र ही आने वाला हैं। मध्य प्रदेश पश्चिम क्षैत्र विद्युत वितरण (बिजली वितरण) कंपनी की स्थानीय कार्यालय प्रभारी प्रियंका जौहरे से मिली जानकारी के अनुसार उनके कार्यालय में वर्तमान में एक लाइन मेन रेग्यूलर के रूप में कार्यरत है जबकि दो अन्य लाइन मेन संविदा कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं। कंपनी के स्थानीय परिक्षैत्र में ग्रिड ऑपरेटर सहित अन्य कर्मचारी आउट सोर्स के रूप में 30 से अधिक कर्मचारी अपनी सेवायें दे रहे हैं कार्यालय प्रभारी जौहरे ने बताया विभागीय कर्मचारियों अधिकारियों काफी लंबे समय से सेवानिवृति की आयु मध्य प्रदेश शासन के अन्य कर्मचारियों अधिका रियों की भांति 62 वर्ष किये जाने की मांग कर रहे थे सेवानिवृति की आयु बढ़ाने से उनकी कार्य क्षमता तथा उत्साह में वृद्धि होगी।

## नो एंट्री में धड़ल्ले से दौड़ रहे मुरम के डंपर, यातायात व्यवस्था पर उठे सवाल

**गुना।** शहर की सिटी कोतवाली क्षेत्र में नो एंट्री के बावजूद मुरम से भरे भारी डंपर ईदगाह रोड से होकर शहर की घनी आबादी वाले इलाकों में प्रवेश कर रहे हैं। इससे आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस संबंध में स्थानीय लोगों का कहना है कि भारी वाहनों की आवाजाही से हादसे का खतरा लगातार बना हुआ है। गौरतलब है कि शहर में पूर्व में भी भारी वाहनों की वजह से दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, बावजूद इसके नो एंट्री नियमों का पालन नहीं कराया जा रहा है। मामले की जानकारी जब यातायात प्रभारी को दी गई तो उन्होंने पुलिस बल की कमी का हवाला देते हुए कहा कि मेरे पास पर्याप्त पुलिस फोर्स नहीं है। इसके बाद शहरवासियों में नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि पुलिस बल की कमी है तो प्रशासन को वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि नो एंट्री क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई जा सके।

# 'वेलकम टू द जंगल' के 56 हजार टिकट बिके

## एडवांस बुकिंग में 1.34 करोड़ की कमाई, नए गाने 'ओ मेरे बलम' में जमकर नाची स्टारकास्ट

फिल्म वेलकम टू द जंगल का नया गाना ओ मेरे बलम आज रिलीज हो गया है। ट्रेलर में सुनाई दी इसकी धुन ने दर्शकों का ध्यान खींचा था, जिसके बाद इसके पूरे गाने का इंतजार किया जा रहा था। अब मेकर्स ने यह गाना रिलीज कर दिया है। फिल्म के ट्रेलर में एक्शन, कॉमेडी और बड़ी स्टारकास्ट के साथ ओ मेरे बलम की छोटी-सी झलक भी दिखाई गई थी। तेरा पैसा मेरा पैसा जैसे गाने के मुकाबले ओ मेरे बलम एक सॉफ्ट और सुरीला गाना है।

गाने का म्यूजिक आनंद राज आनंद ने दिया है, जबकि इसके बोल फरहाद सामजी ने लिखे हैं। गाने को काव्याकृति और साकेत बी. ने आवाज दी है। आनंद राज आनंद ने कहा कि इस गाने की धुन को सरल और दिल तक पहुंचने वाली बनाने की कोशिश की गई। उन्होंने बताया कि ट्रेलर में मिले रिएक्शन से यह साफ हो गया था कि दर्शकों को इसकी धुन पसंद आई है और अब वे इसे पूरा सुन सकेंगे।

गाने का म्यूजिक प्रोडक्शन और प्रोग्रामिंग अंकित गुप्ता (अंकी) ने की है। मिक्सिंग और मास्टरिंग भास्कर शर्मा ने की है।




### अब तक 56 हजार से ज्यादा टिकट बिक चुके

फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म ने रिलीज से पहले ही शानदार शुरूआत कर दी है। सैकनिल्क के अनुसार, पहले दिन की एडवांस बुकिंग में अब तक 56 हजार से ज्यादा टिकट बिक चुके हैं। फिल्म ने 1.34 करोड़ रुपए की एडवांस कमाई की है। ब्लॉक सीटों के साथ यह आंकड़ा 3.76 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। सबसे ज्यादा एडवांस बुकिंग दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में हुई है। इसके बाद उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और गुजरात में भी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

अहमद खान के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, जैकी श्रॉफ, परेश रावल, रवीना टंडन, लारा दत्ता, फरीदा जलाल, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, राजपाल यादव, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, दलेर मेहंदी, आफताब शिवदासानी, मुकेश तिवारी, यशपाल शर्मा, किरण कुमार, जाकिर हुसैन, विंदू दारा सिंह, उर्वशी रौतेला, हेमंत पांडे, बृजेंद्र काला, फिरोज खान (अर्जुन), दिवंगत पंकज धीर, पुनीत इस्सर, सुदेश बेरी, जीतू वर्मा, वृहि कोडवारा, आदित्य सिंह और भाग्य भानुशाली नजर आएंगे।

फिल्म को ए.ए. नाडियाडवाला, केप ऑफ गुड फिल्म्स और स्टार स्टूडियोज ने सीता फिल्म्स के साथ मिलकर प्रेजेंट किया है। इसका प्रोडक्शन बेस इंडस्ट्रीज ग्रुप के बैनर तले राकेश डांग और वेदांत विकास बाली ने किया है, जबकि प्रोड्यूसर फिरोज ए. नाडियाडवाला हैं।

## व्हीलचेयर पर पद्म अवॉर्ड में पहुंची थीं सिंगर अल्का याग्निक

23 जून को सिंगर अल्का याग्निक को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया है। समारोह से सिंगर की कई तस्वीरें और वीडियोज सामने आए। एक वीडियो में सिंगर व्हीलचेयर पर बैठी नजर आईं, जिससे उनके फैंस चिंतित हो गए। हेल्थ बिगड़ने के कयास लगाए जाने के बीच अब सिंगर ने खुद सफाई देते हुए कहा है कि उनकी रिकवरी चल रही है।

अल्का याग्निक ने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से लिखा है- सभी के प्यार, चिंता और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। समारोह का एक वीडियो देखकर कई लोगों ने मेरी सेहत को लेकर चिंता जताई है। मैं सभी को बताना चाहती हूं कि मैं बिल्कुल ठीक हूं और मेरी रिकवरी अच्छी तरह से चल रही है। पद्म सम्मान समारोह में पूरा दिन व्यस्त और भावुक रहा, जिसकी वजह से मैं काफी थक गई थी। इसलिए जाते समय मैंने व्हीलचेयर की मदद ली थी। आगे सिंगर ने लिखा है, ह्यकृपया चिंता न करें। अब मैं पहले से काफी बेहतर महसूस कर रही हूं। आप सभी की दुआओं और समर्थन के लिए मैं दिल से आभारी हूं, जिन्होंने मुझे हमेशा हिम्मत दी है। इस सम्मान के लिए मैं भारत की माननीय राष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री, गृह मंत्रालय और भारत सरकार का हृदय से धन्यवाद करती हूं।

**मशहूर एक्ट्रेस इंदिरा कृष्णन ने हाल ही में अपने करियर के शुरूआती दिनों का कास्टिंग काउच का अनुभव शेयर किया।**



# सलमान की को-स्टार ने बताया कास्टिंग काउच का अनुभव

## इंदिरा कृष्णन को कहा गया- कंफर्टेबल होना पड़ेगा, तो बोलीं- मैं खुद को क्यों बेचूं?

मशहूर एक्ट्रेस इंदिरा कृष्णन ने हाल ही में अपने करियर के शुरूआती दिनों का कास्टिंग काउच का अनुभव शेयर किया।

टेली मसाला को दिए इंटरव्यू में इंदिरा कृष्णन से जब पूछा गया कि क्या इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच जैसी बातें सच हैं, तो उन्होंने कहा, 'मेरे साथ खुद हुआ है। मैं उन मेकर्स का नाम नहीं लेना चाहती, क्योंकि वे साउथ इंडस्ट्री के बड़े नाम हैं। उन्होंने मुझसे कहा था कि अगर हम आपको इतना बड़ा रोल दे रहे हैं, तो आपको कंफर्टेबल होना पड़ेगा।' एक्ट्रेस ने बताया कि जब उन्होंने कहा, 'कंफर्टेबल का मतलब...?' तो उन्हें जवाब मिला, 'अरे, कंफर्टेबल का मतलब आपको समझ जाना चाहिए।' इस पर एक्ट्रेस ने कहा था, 'जब मैं अपना टैलेंट बेच रही हूं, तो खुद को क्यों बेचूं? मैं एक टैलेंटेड एक्ट्रेस हूं।'

### हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कभी नहीं हुआ ऐसा अनुभव

इंदिरा कृष्णन ने साफ कहा कि उन्होंने कास्टिंग काउच जैसी स्थिति सिर्फ साउथ फिल्म इंडस्ट्री में महसूस की। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उनके साथ ऐसा कभी नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि 'तेरे नाम' जैसी फिल्मों से पहले भी वह कई प्रोड्यूसर्स से मिली थीं, लेकिन अगर उन्हें कोई फिल्म नहीं मिली तो उसकी वजह सिर्फ यह थी कि वह उस किरदार के लिए सही नहीं थीं, न कि किसी तरह का समझौता। उन्होंने कहा कि मुंबई में किसी भी प्रोड्यूसर या कास्टिंग डायरेक्टर ने उनसे कभी गलत तरीके से संपर्क नहीं किया। उनके मुताबिक, मुंबई का माहौल उन्हें हमेशा ज्यादा प्रोफेशनल लगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अब साउथ इंडस्ट्री भी पहले की तुलना में काफी प्रोफेशनल हो चुकी है और वह कई साल पुरानी बात बता रही हैं।

**टीवी इंडस्ट्री को लेकर क्या बोलीं?-** टीवी इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच के सवाल पर इंदिरा कृष्णन ने कहा कि उन्होंने आज तक ऐसा कोई मामला न तो देखा और न ही खुद अनुभव किया है।

**नए कलाकारों को लेकर जताई चिंता-** इंदिरा कृष्णन ने कहा कि मुंबई में स्थापित कलाकारों के साथ इस तरह की घटनाएं कम होती हैं, लेकिन छोटे शहरों से बड़े सपने लेकर आने वाले नए कलाकार कई बार ऐसे लोगों के झांसे में आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि भोपाल, लखनऊ और दूसरे शहरों से आने वाली लड़कियों को फिल्मों में काम दिलाने का सपना दिखाकर कुछ लोग उनका फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनके करियर में न कोई गॉडफादर था और न ही कोई मेंटर। उन्होंने अपने दम और अपने टैलेंट के बल पर इंडस्ट्री में पहचान बनाई है।

# Sport

## विमेंस टी-20 वर्ल्डकप- इंग्लैंड सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम

### वेस्टइंडीज को 38 रन से हराया, कप्तान हेली मैथ्यूज के विकेट पर विवाद

एजेंसी ▶▶ लंदन

इंग्लैंड विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। उसने बुधवार देर रात वेस्टइंडीज को 38 रन से हराया। मैच में विंडीज कप्तान हेली मैथ्यूज के कैच आउट पर विवाद हुआ।

द लॉर्ड्स स्टेडियम में विंडीज ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। इंग्लैंड ने पहले बैटिंग करते हुए 186 रन बनाए। 187 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी वेस्टइंडीज 20 ओवर में 5 विकेट पर 148 रन ही बना सकी। अर्धशतक लगाने वाली डैनी व्याट-हॉज प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। इंग्लैंड की शुरूआत खराब रही। एमी जोन्स 1 और सोफिया डंकली 11 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद डैनी व्याट-हॉज ने एलिस कैपसी (26) के साथ इंग्लिश पारी को संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 65 रन जोड़े। व्याट-हॉज ने 42 गेंद पर 65 रन बनाए। हॉज के बाद कप्तान हीथर नाइट ने 43 रन बनाकर टीम को 7 विकेट पर 186 रन तक पहुंचाया। इस पारी के साथ व्याट-हॉज टूर्नामेंट की टॉप स्कोरर बन गई हैं।




### हेनरी की फिफ्टी, फिर भी वेस्टइंडीज हारी

187 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की शुरूआत अच्छी नहीं रही। डिएंड्रा डॉटिन ने तेजी से रन बनाने की कोशिश की, लेकिन चार्ली डीन ने उन्हें बड़े शॉट के प्रयास में कैच करा दिया। इसके बाद डीन और सोफी एक्लेस्टोन ने नियमित अंतराल पर विकेट लेकर वेस्टइंडीज पर दबाव बनाए रखा। हालांकि, चिनेल हेनरी और जहजारा क्लैक्सटन ने 5वें विकेट के लिए 63 रन जोड़कर टीम को संभालने की कोशिश की। हेनरी ने नाबाद 51 रन बनाए, लेकिन वेस्टइंडीज 20 ओवर में 5 विकेट पर 148 रन ही बना सकी और 38 रन से हार गई।

### रिव्यू से बदला फील्ड अंपायर का फैसला

विंडीज की पारी के चौथे ओवर में हेली मैथ्यूज ने लिंसे स्मिथ की गेंद पर कट शॉट खेलने की कोशिश की। गेंद विकेटकीपर एमी जोन्स के दस्तानों में चली गई। इंग्लिश खिलाड़ियों ने कॉट बिहाइंड की अपील की, लेकिन ऑन-फील्ड अंपायर एन जनानी ने उन्हें नॉटआउट करार दिया।

इंग्लैंड की कप्तान चार्ली डीन ने उम्र लिया। थर्ड अंपायर निमाली परेरा ने रीप्ले में देखा कि गेंद बल्ले के बेहद करीब से गुजरी, लेकिन बैट और बॉल में कोई संपर्क नहीं हुआ। हालांकि, अल्ट्राएज में आवाज का संकेत मिला। परेरा ने यह गैप स्वीकार किया, लेकिन अल्ट्राएज के आधार पर ऑन-फील्ड अंपायर का फैसला पलट दिया। मैथ्यूज 14 रन बनाकर आउट हुईं।

## साई सुदर्शन ने श्रीलंका-ए के खिलाफ शतक बनाया

### पहले अनऑफिशियल टेस्ट में इंडिया-ए का स्कोर 218/4

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिया-ए के ओपनर साई सुदर्शन ने गॉल में श्रीलंका-ए के खिलाफ खेले जा रहे पहले अनऑफिशियल टेस्ट में शतक जड़ दिया। उन्होंने 19 चौके की मदद से 175 गेंद पर 132 रन बनाए। यह उनके फर्स्ट क्लास करियर का नौवां शतक है।

साई के शतक की बदौलत भारत ने पहली पारी में 4 विकेट खोकर 218 रन बना लिए हैं। कप्तान ध्रुव जुरेल और शेख रशीद क्रीज पर हैं। आयुष पांडे 25, देवदत्त पडिक्कल 12 और ऋतुराज गायकवाड ने 22 रन बनाए। इस समय पहले दिन का दूसरा सेशन चल रहा है। इस मैच से पहले तक साई सुदर्शन ने 40 फर्स्ट क्लास मैचों की 68 पारियों में 2672 रन बनाए थे। उन्होंने 8 शतक और 10 अर्धशतकों लगाए थे। उनका औसत 39.29 का रहा है। उनका बेस्ट स्कोर 213 रन रहा है। इंडिया-ए के कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टॉस के दौरान उन्होंने कहा कि हम बड़ा स्कोर बनाकर श्रीलंका-ए पर दबाव बनाना चाहते हैं।



इंडिया-ए को साई सुदर्शन और आयुष पांडे ने अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 138 गेंद में 78 रन जोड़े। इसके बाद साई ने ऋतुराज गायकवाड़ के साथ तीसरे विकेट के लिए 90 रन की साझेदारी की। इससे टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचा। गायकवाड़ 22 रन बनाकर आउट हुए।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

इंडिया-एः साई सुदर्शन, आयुष पांडे, देवदत्त पडिक्कल, ऋतुराज गायकवाड़, ध्रुव जुरेल (कप्तान/विकेटकीपर), शेख रशीद, हर्ष दुबे, सारांश जैन, अंशुल कंबोज, यश ठाकुर, आकिब नबी डार।

श्रीलंका-एः पावंथा वीरसिंघे, निरोशन डिकवेला (विकेटकीपर), नुवानिदु फर्नांडो, आशेन बंडारा, सहान अराचिगे (कप्तान), रविंदु फर्नांडो, अंजलो मैथ्यूज फर्नांडो, कविंदु पथिरत्ने, दुलाज समुधिता, चमिका गुणशेखरा, दिलुम सुदीरा।

**प्रवेश प्रारंभ**
**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय** 10 से 01 बजे तक
**आवेदनः** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बरः-2557390

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क
8717818385

**आवश्यकता है**
स्टॉफ की आवश्यकता है न्यू ओपनिंग रेस्टोरेंट के लिए- 2- कचोरी-समोसा, जलेबी बनाने वाले उस्ताद, 2- रेस्टोरेंट मैनेजर्स, 2- इंडिया शैफ, 2- तंदूर, 2- कैशियर, 5- किचन हेल्पर, 3- पैंट्री वाले, 4- कैप्टन, 6-वेटर, 4- हाउस किपिंग वालों की आवश्यकता है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
9893713817

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**इन्दौर में 2 BHK फ्लेट बेचना है।**
सीता श्री रेसीडेंसी
ऐयर पोर्ट मेनरोड कालानी नगर के पास
ग्राउंड फ्लोर में 4 बैंक व 4 दुकाने है
पास में, मेट्रो स्टेशन निर्माणाधीन मोके की जगह ।
सीधे आनर से संपर्क करें ।
9669578652

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की। कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें
7974817308, 9516848052

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### नशे में कार दौड़ाकर कॉलोनी में कई वाहनों को टक्कर मारने से मची अफरा-तफरी

**इंदौर।** अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र की पाश्वनाथ कॉलोनी में गुरुवार अलसुबह एक युवक ने नशे की हालत में कार चलाते हुए कई वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद कॉलोनी में अफरा-तफरी मच गई। रहवासियों ने युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार घटना सुबह करीब 5 बजे की है। ओरा कार से आए एक युवक ने सड़क किनारे खड़े कई वाहनों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि घरों के बाहर खड़े दोपहिया वाहन भी गिर गए। रहवासियों ने बताया कि अचानक तेज धमाकों जैसी आवाजें सुनाई दीं। आवाज सुनकर लोग घरों से बाहर निकले तो देखा कि एक कार कई वाहनों को टक्कर मार चुकी है। इस दौरान कॉलोनी में हड़कंप मच गया। हादसे में दो कार को काफी नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा अन्य वाहनों को भी क्षति पहुंची है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार चला रहा युवक करीब 20 वर्ष का था और वह नशे में दिखाई दे रहा था।

### शादी का झांसा देकर क्लासमेट ने किया रेप, बाद में खराब कैरेक्टर बताकर कर दिया इनकार

**इंदौर।** लसूड़िया पुलिस ने रेप के एक मामले में एफआईआर दर्ज की है। आरोपी ने दोस्ती के बाद पीड़िता को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस के मुताबिक, छात्रा की शिकायत पर मोहित धाकड़ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। छात्रा ने बताया कि आरोपी उसके साथ पढ़ता था। पिछले दो वर्षों से दोनों के बीच बातचीत हो रही थी। एक साल पहले मोहित ने उसे प्रपोज किया और कहा था कि वह उससे शादी करना चाहता है। 22 जून को मोहित ने पीड़िता को बुलाया और उसे केलोद हाला ले गया। वहां उसने कहा कि वे जल्द ही शादी करने वाले हैं। इसके बाद उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। यह बात पीड़िता ने अपने परिवार को भी बताई। इसके बाद पीड़िता की मां ने मोहित से बात की तो वह पीड़िता के चरित्र पर आरोप लगाने लगा। बाद में उसने शादी करने से भी इंकार कर दिया। पीड़िता ने बुधवार को मामले में एफआईआर दर्ज कराई। इधर, एक अन्य मामले में भंवरकुआ पुलिस ने भी 21 वर्षीय युवती की शिकायत पर धारासिंह राजपूत के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है।

### कोर्ट केस को लेकर युवती पर राजीनामा करने का दबाव बनाया, कहा- सड़क पर दिखी तो हत्या कर दूंगा

**इंदौर।** लसूड़िया में रहने वाली एक युवती को एक आरोपी ने हत्या की धमकी दे दी। पुलिस ने बुधवार को इस मामले में एफआईआर दर्ज की है। जानकारी के मुताबिक, दो माह पहले युवती ने पलासिया थाने में आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। उसी मामले में समझौता करने और प्रकरण वापस लेने के लिए आरोपी उसे धमकी दे रहा था। पुलिस ने बताया कि 23 वर्षीय युवती ने लक्की उर्फ सोहेल खान के खिलाफ हत्या की धमकी देने के मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। युवती ने बताया कि वह एक निजी कंपनी में काम करती है। 29 अप्रैल को उसने लक्की के खिलाफ पलासिया थाने में एक प्रकरण दर्ज कराया था। युवती के मुताबिक, वह घर पर थी, तभी उसके पास एक नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को लक्की बताया। आरोपी ने कहा कि तुमने मेरे खिलाफ केस दर्ज कराया है, इसलिए कोर्ट में उसका राजीनामा कर लो। साथ ही उसने धमकी दी कि सड़क पर मत मिलना, नहीं तो वह उसकी हत्या कर देगा। पीड़िता ने बताया कि धमकी के बाद वह काफी डर गई। इसके बाद उसने अपने परिवार को जानकारी दी और थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

### युवक बिहार की एक युवती को जबरन अपने साथ कोटा ले जाते पकड़ाया

**इंदौर।** आजाद नगर क्षेत्र के युवक को बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोप है कि उसने बिहार की एक युवती को इंदौर बुलाया और उसे जबरन अपने साथ राजस्थान ले जाने की कोशिश कर रहा था। विश्व हिंदू परिषद के नेता तन्नू शर्मा के अनुसार बुधवार रात तीन इमली चौराहे पर खड़ी एक वीडियो कोच बस में इरफान खान निवासी कनावास, जिला चूरू (राजस्थान) एक युवती के साथ संदिग्ध स्थिति में मिला। सूचना मिलने पर बजरंग दल और विहिप के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और दोनों को अलग कर पूछताछ की। पूछताछ में युवती ने बताया कि वह बिहार की रहने वाली है। उसकी इरफान से लंबे समय से मोबाइल पर बातचीत हो रही थी। इरफान ने उसे इंदौर बुलाया था। इसके बाद वह उसे चापड़ा भी लेकर गया और फिर वापस इंदौर लाकर कोटा ले जाने की तैयारी कर रहा था। युवती का आरोप है कि उसने कोटा जाने से मना किया था, लेकिन इरफान जबरदस्ती कर रहा था।

### 7.45 करोड़ के मकान के सौदे को लेकर धोखाधड़ी में महिला सहित 3 पर प्रकरण दर्ज

**इंदौर।** करोड़ों रुपए के संपत्ति सौदे को लेकर कथित धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पलासिया थाना पुलिस ने एक मकान के सौदे में अनियमितता और रकम वापस नहीं करने के आरोपों के आधार पर 20 जून को मिली शिकायत के बाद तीन लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पलासिया पुलिस ने दिलीप वाधवानी की शिकायत पर श्रद्धा खंडेलवाल, पुनीत खंडेलवाल और बालकृष्ण खंडेलवाल के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 318(4) और 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज की है। शिकायत के मुताबिक, साकेत नगर स्थित एक तीन मंजिला मकान का सौदा 7 करोड़ 45 लाख रुपए में तय हुआ था। आरोप है कि संपत्ति पर पहले से एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस का बड़ा ऋण बकाया होने के बावजूद आरोपियों ने ऋण मुक्त कर संपत्ति की रजिस्ट्री कराने का आश्वासन दिया था। फरियादी का कहना है कि सौदे के तहत बैंक आरटीजीएस और नकद भुगतान सहित करीब 1 करोड़ 90 लाख रुपए आरोपियों को दिए गए। इसके बावजूद तय समय-सीमा में न तो ऋण का निराकरण किया गया और न ही संपत्ति की रजिस्ट्री कराई गई।

### बीआईएस के प्रशिक्षण में स्व-सहायता समूहों ने उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने के तरीके सीखे

**इंदौर।** पीथमपुर और बगदून में महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। नगर पालिका परिषद् पीथमपुर की अध्यक्ष सेवंती सुरेश पटेल और मुख्य नगर पालिका अधिकारी आरती गरवाल के मार्गदर्शन में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की भोपाल शाखा ने एक दिवसीय विशेष संवेदीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम को बुधवार सुबह आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न स्व-सहायता समूहों की 90 महिला सदस्यों ने भाग लिया। भोपाल शाखा से आईं मुख्य प्रशिक्षक तृप्ति केलवा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान बाजार में उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विस्तार से बताया कि सरकारी मानकों का पालन करने से न केवल उत्पादों में सुधार होता है, बल्कि उपभोक्ताओं का विश्वास भी बढ़ता है, जिससे स्थानीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता मजबूत होती है।

### हाईकोर्ट की दो टूक, कहा- धर्म छिपाकर शादी की, पत्नी-बेटी का हक नहीं छीन सकते

**इंदौर।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने धार्मिक पहचान छिपाकर विवाह करने और बाद में उत्पीड़न के आरोपों से जुड़े एक मामले में बुधवार को महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने पति को पत्नी और नाबालिग पुत्री के भरण-पोषण के लिए 20 हजार रुपए प्रति माह देने का आदेश दिया है। साथ ही कहा है कि केवल विवाह की वैधता पर सवाल खड़े कर किसी महिला को भरण-पोषण के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता, विशेषकर तब जब उससे संतान भी उत्पन्न हुई हो। याचिकाकर्ता महिला के एडवोकेट राजेश जोशी ने कोर्ट को बताया कि कोरोना काल में 23 फरवरी 2020 को एक मंदिर में विवाह हुआ था। युवक ने स्वयं को हिंदू बताकर उसकी मांग में सिंदूर भरकर विवाह किया। बाद में दस्तावेजों से उसकी वास्तविक पहचान सामने आई। गर्भावस्था के दौरान जून 2020 में महिला को युवक की धार्मिक पहचान की जानकारी मिली। विरोध करने पर मारपीट और धमकी देने जैसी घटनाएं हुईं। धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया गया। मामले में महिला की शिकायत पर इंदौर के द्वारकापुरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भादंवि और मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, 2021 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। बाद में धमकी और दबाव बनाने के आरोपों में दो अन्य एफआईआर भी दर्ज हुईं।

---

इंदौर में मानसून की दस्तक, उमस से मिली राहत : पहली बारिश में ही सड़कों पर भरा पानी


# कई प्रमुख चौराहों पर जलभराव और घंटों ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रही

## खतरे वाले पर्यटन स्थलों पर 22 अगस्त तक रोक

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

बुधवार को मानसून ने आखिरकार दस्तक दे दी। अच्छी बारिश से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली, लेकिन पहली ही तेज बारिश ने शहर के करोड़ों रुपए के विकास कार्यों, ड्रेनेज व्यवस्था और प्रशासनिक तैयारियों की पोल खोल दी। कई प्रमुख चौराहों पर जलभराव और घंटों ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रही।

वहीं दूसरी ओर इंदौर जिले में लगातार हो रही बारिश और संभावित हादसों को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी शिवम वर्मा ने महू क्षेत्र के जोखिम भरे और एकांत पर्यटन स्थलों पर आम लोगों के



प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(1)(2) के तहत जारी आदेश 25 जून से 22 अगस्त 2026 तक प्रभावी रहेगा।

प्रतिबंधित स्थलों में तिंछा फॉल, चोरल फॉल, चोरल डेम, सीतलामाता फॉल, कजलीगढ़, मेहंदी कुण्ड, जामन्या कुण्ड, मोहाडी फॉल, रतबी वाटर फॉल, लोहिया कुण्ड, जूनापानी, चिड़िया भड़क, बामनिया कुण्ड, जोगी भड़क और हत्यारी खो सहित अन्य पर्यटन स्थल शामिल हैं। इन स्थलों के प्रतिबंधित और एकांत क्षेत्रों में आम लोगों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित रहेगा। कलेक्टर ने संबंधित जनपद पंचायतों और नगर परिषदों को पर्यटन स्थलों पर चेतावनी संबंधी सूचना बोर्ड लगाने और आवश्यकतानुसार सीमाएं चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं। संबंधित थाना प्रभारी आदेश का पालन सुनिश्चित करेंगे।

**अच्छी बारिश जरूरी, तभी भरे रहेंगे तालाब और भूजल-** मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इंदौर में बारिश का मुख्य दौर 1 जुलाई से 30 सितंबर तक रहता है। शहर को इस अवधि में 40 इंच से अधिक वर्षा की जरूरत होती है, ताकि भूजल स्तर बना रहे और तालाबों में गर्मी तक जलापूर्ति के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सके।

**पहली बारिश में ही जलभराव और जाम-** मानसून की पहली तेज बारिश के बाद रोबोट चौराहा, बंगाली चौराहा, निपानिया, देवास नाका, रेडिसन, विजय नगर समेत 20 से अधिक प्रमुख स्थानों पर घंटों ट्रैफिक जाम लगा रहा। कई क्षेत्रों में दो से तीन फीट तक पानी भर गया। सड़कें तालाब जैसी नजर आने लगीं और वाहन चालक लंबे समय तक जाम में फंसे रहे।

**करोड़ों की परियोजनाओं की खुली पोल-** शहर में जलभराव रोकने के लिए स्टॉर्म वाटर लाइन, सीवरेज नेटवर्क और ड्रेनेज सुधार के कई काम चल रहे हैं। इसके बावजूद पहली ही बारिश में हालात बिगड़ गए। जहां-जहां सड़कों की खुदाई चल रही थी, वहां की स्थिति सबसे खराब रही। कई जगह कीचड़ फैल गया और लोगों का पैदल निकलना तक मुश्किल हो गया।

### 20 साल बाद दोनों दिशाओं से आया मानसून

मौसम विभाग के अनुसार इस बार मध्य प्रदेश में मानसून ने अरब सागर और बंगाल की खाड़ी दोनों शाखाओं के जरिए एक साथ प्रवेश किया है। ऐसा संयोग करीब 20 साल बाद देखने को मिला है। हालांकि मानसून सामान्य तिथि 18 जून की तुलना में 6 दिन की देरी से प्रदेश में पहुंचा है। मौसम वैज्ञानिक अजय शुक्ला के मुताबिक जबलपुर और मंडला क्षेत्र में बंगाल की खाड़ी से बना सिस्टम सक्रिय है, जबकि मालवा क्षेत्र में अरब सागर का प्रभाव बना हुआ है। दोनों सिस्टम के सक्रिय होने से प्रदेशभर में अगले कुछ दिनों तक अच्छी बारिश की संभावना है।

### चार इंच के करीब पहुंची बारिश

बुधवार रात तक शहर के पूर्वी हिस्सों में डेढ़ इंच से अधिक और पश्चिमी हिस्सों में करीब एक इंच बारिश दर्ज की गई। इसके साथ ही इस सीजन में इंदौर में कुल वर्षा करीब चार इंच तक पहुंच गई है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान जताया है। गुरुवार सुबह मौसम साफ रहा, लेकिन दिनभर बादल छाए रहने की संभावना बनी हुई है।

---

इंदौर गैस पाइप लाइन ब्लास्ट में झुलसी कंटेंट क्रिएटर ने अस्पताल से जारी किया वीडियो

# लोग तमाशा देखते रहे, मैंने पानी में कूदकर जान बचाई

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर के विजय नगर इलाके में गैस पाइप लाइन विस्फोट में झुलसी सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर गिरि राजकुमारी उर्फ जिनी झाला की हिम्मत और जज्बे की कहानी सामने आई है। हादसे में 20 से 25 प्रतिशत तक झुलसी जिनी फिलहाल बॉम्बे हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती हैं।

उनके बाएं हाथ की सर्जरी हो चुकी है, जबकि डॉक्टरों का कहना है कि पूरी तरह स्वस्थ होने में तीन से चार महीने लग सकते हैं। आईसीयू से जारी वीडियो संदेश में जिनी ने बताया कि अगर उस वक्त उन्होंने हिम्मत नहीं दिखाई होती तो शायद उनकी जान बचाना मुश्किल हो जाता।

जिनी बताती हैं- 23 जून की शाम वह टू-व्हीलर से अकेले अपनी नानी के घर जा रही थीं। जैसे ही वह सुमन नगर जैन मंदिर के पास पहुंचीं, अचानक धमाका हुआ। आग की लपटें उठने लगीं। वहां कोई बैरिकेडिंग नहीं थी। देखते ही देखते मैं और मेरी बाइक आग की चपेट में आ गए। मैंने लोगों से कहा- मुझ पर पानी डालो, लेकिन कोई आगे नहीं आया। सभी डरे हुए थे।



सड़क पर बारिश का पानी जमा था। ऐसे में खुद ही कूदकर अपने शरीर पर पानी डालना शुरू कर दिया। कुछ देर बाद एक भैया आए। उन्होंने मुझ पर दो बाल्टी पानी डाला, तब तक मेरा पूरा बायां हाथ जल चुका था।

**तीन और सर्जरी बाकी, हाथ के दो लेयर्स जले-** रजत बताते हैं- जिनी के हाथ की त्वचा की दो लेयर्स पूरी तरह जल चुकी हैं, जबकि तीसरी लेयर भी गंभीर रूप से प्रभावित है। एक सर्जरी हो चुकी है। अभी तीन और सर्जरी होना बाकी हैं। उन्हें पूरी तरह ठीक होने में कम से कम तीन से चार महीने लगेंगे।

**एफआईआर तक नहीं हुई, आखिर किसका दबाव-** रजत प्रताप सिंह ने आरोप लगाया कि लोकल लेवल पर बिना अनुमति बोरिंग का काम कराया जा रहा था, जबकि प्रशासन ने 30 जुलाई तक बोरिंग पर प्रतिबंध लगा रखा है। उन्होंने कहा कि घटना को लेकर तीन बार पुलिस को आवेदन दिया, लेकिन दो दिन बाद भी एफआईआर नहीं हुई। उनका कहना है कि अभी तक नगरीय प्रशासन मंत्री ने भी सुध नहीं ली है।

### अस्पताल पहुंचाने के लिए भी नहीं मिला सहारा

जिनी के मुताबिक, हादसे के बाद मैंने राहगीरों से अस्पताल पहुंचाने की गुहार लगाई, लेकिन कोई तैयार नहीं हुआ। मैं लगातार लोगों से कह रही थी कि अस्पताल पहुंचा दो, लेकिन लोग डर रहे थे। आखिर मैंने एक रैपिडो बाइक सवार को रोका। उनके साथ बॉम्बे हॉस्पिटल पहुंची। अस्पताल पहुंचते ही मैंने हाथ हिलाकर डॉक्टरों से कहा- जल्दी मेरा इलाज शुरू करें।

### मंगेतर बोला- फोन नहीं उठाया तो दूसरे नंबरों से आई सूचना

जिनी के मंगेतर और कंस्ट्रक्शन कारोबारी रजत प्रताप सिंह ने बताया कि घटना के समय वह देहरादून (उत्तराखंड) जा रहे थे। इसी दौरान जिनी का फोन आया, लेकिन कार ड्राइविंग के दौरान वह कॉल नहीं उठा पाए। कुछ देर बाद दूसरे नंबरों से कॉल आए, तब पता चला कि गैस हादसे में एक युवती गंभीर रूप से झुलस गई है। बाद में परिजनों से बात हुई तो पूरी घटना का पता चला। जिनी के शरीर का एक हिस्सा और चेहरा भी बुरी तरह झुलस गया है।

## निर्लेश तिवारी को विशेष पुरस्कार



**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

रेनेसा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विचारों की मेराथान थिंक ईट स्पर्धा में निर्लेश तिवारी की परिकल्पना और विचार को विशेष पुरस्कार दिया गया।

एक गरिमामय समारोह मे प्रख्यात शिक्षाविद् व संस्थान के कुलाधिपति सीए स्वप्निल कोठारी ने उन्हें प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह (पुस्तकें) और यूनिवर्सिटी का पत्रक भेंट किया।

इस अवसर पर महामंडलेश्वर दादू महाराज, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, माला ठाकुर एवम समाजसेवी प्रकाश मानावत विशेष रूप से उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि उनके शीर्षक विचार रुको छात्र आत्महत्या पर अंकुश के संदर्भ में थे। वे जीवन में खेल के महत्व पर सत्र लेते रहे हैं और इसके माध्यम से आत्मघात प्रवृत्ति निषेध पर एक दशक से कार्य कर रहे हैं। वे पूर्व में मध्यप्रदेश विधानसभा, इंदौर पुलिस आयुक्त / संजीवनी सहित देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, मेडिकेप्स यूनिवर्सिटी, गर्वनमेंट ला कॉलेज, जीजाबाई पीजी कॉलेज, महाराजा रंजीतसिंह कॉलेज सहित मालव कन्या व अनेक विद्यालयों में प्रस्तुतिकरण दे चुके हैं।

## पुलिसकर्मियों पर हमले में एफआईआर

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

कनाड़िया थाना क्षेत्र की डायमंड कॉलोनी में रविवार रात दो पुलिसकर्मियों के साथ करीब 8 से 10 लोगों ने मारपीट कर दी थी। इस हमले में एक सिपाही के सिर में 8 और दूसरे के सिर में 18 टांके आए। मामला वरिष्ठ अधिकारियों और मीडिया तक पहुंचने के बाद पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर एफआईआर दर्ज की गई।

कनाड़िया थाने में सिपाही विजय सिंह सिकरवार की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। उनके साथ सिपाही आशीष शर्मा भी ड्यूटी पर थे।

एफआईआर के अनुसार दोनों पुलिसकर्मी विवाद की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे थे। वहां स्थानीय रहवासियों और संयम इंफ्रा नामक कंपनी के लोगों के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। विजय सिंह और आशीष शर्मा ने दोनों पक्षों को अलग करने का प्रयास किया। इसी दौरान 8 से 10 लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और पत्थर फेंककर हमला कर दिया। हमले में दोनों पुलिसकर्मियों के सिर फट गए। आरोप है कि इसी दौरान किसी व्यक्ति ने पीछे से आकर आशीष शर्मा के सिर पर डंडा भी मार दिया। दोनों पुलिसकर्मी किसी तरह मौके से निकलकर नजदीकी अस्पताल पहुंचे और उपचार कराया। पुलिसकर्मियों ने अपनी शिकायत में बताया है कि वे हमलावरों को नहीं पहचानते। हालांकि, सामने आने पर उन्हें पहचानने की बात कही है। घटना के बाद कनाड़िया पुलिस ने मौके से सीसीटीवी की डीवीआर जब्त कर ली है। वहीं पुलिसकर्मियों द्वारा बनाए गए कुछ मोबाइल वीडियो भी हटाए जाने की चर्चा है। पुलिस इस संबंध में भी जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार पूरा विवाद करीब 17 एकड़ जमीन को लेकर बताया जा रहा है, जिसकी कीमत लगभग 500 करोड़ रुपए बताई जा रही है। मामले में पहले मोहसिन खान नाम के व्यक्ति का नाम भी सामने आया था। बताया जाता है कि घटना के समय वह मौके पर मौजूद था। बाद में वरिष्ठ अधिकारियों ने उसे वहां से हटाया था।

## 220 केवी पावर स्टेशन में आग लगने से ट्रांसफार्मर से उठीं लपटें

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर के पास सांवेर क्षेत्र के धरमपुरी के समीप स्थित जैतपुरा पहाड़ी पर बने 220 केवी बिजली पावर स्टेशन में बुधवार देर रात अचानक भीषण आग लग गई। आग लगते ही पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते ट्रांसफार्मर से उठीं लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया।

बुधवार रात रिमझिम बारिश थमने के कुछ देर बाद पावर स्टेशन के एक ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। शुरूआती दौर में मौजूद ग्रिड कर्मचारियों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैलती चली गई और कुछ ही देर में ऊंची-ऊंची लपटें तथा धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा। स्थिति गंभीर होते देख अधिकारियों और फायर ब्रिगेड को तत्काल



सूचना दी गई। सूचना मिलते ही आठ से अधिक दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने के लिए अभियान शुरू किया गया। देर रात तक दमकलकर्मी और बिजली विभाग के कर्मचारी लगातार आग बुझाने में जुटे रहे।

### विस्फोट जैसी आवाजें सुनाई दीं

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रांसफार्मर में लगी आग के कारण विस्फोट जैसी आवाजें भी सुनाई दीं, जिससे आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। हालांकि, समय रहते सुरक्षा इंतजाम किए जाने से बड़ा हादसा टल गया।

रात करीब 11.30 बजे तक आग पर पूरी तरह काबू पाने के प्रयास जारी थे। अभी तक घटना में किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं मिली है। प्राथमिक तौर पर आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। बिजली विभाग और संबंधित एजेंसियां तकनीकी जांच में जुटी हैं। वहीं, मौके पर सुधार कार्यों की निगरानी के लिए अधिकारी भी मौजूद हैं।

आवश्यकता
आवश्यकता आवश्यकता आवश्यकता
केयर इंटरप्राइजेस
(इलेक्ट्रानिक्स एंड फर्नीचर हाउस
उज्जैन, में प्रोडक्ट बेस्ड माइक्रो फाइनेंस (No Cost EMI) मे कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है
फील्ड स्टाफ :- लडके / लडकी
पद - 6 योग्यता कम से कम 10वीं पास
सैलरी : 13000 + इंसेंटिव + पेट्रोल खर्च + मोबाईल खर्च
नोट : केवल फील्ड करने के इच्छुक व्यक्ति ही आमंत्रित है।
स्थान
अवंतिका डिस्ट्रीब्यूटर्स एंड होलसेलर्स
दो तालाब के पास, रिलायंस मार्ट के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
इंटरव्यू दिनांक - 28/06/2026
दिन - रविवार
समय - 1 से 3 बजे तक
इंटरव्यू में अपना रिज्यूम मय फोटो लाना अनिवार्य है।
मो.नं. :- 6265895202, 8224800652, 9753977098

अतिशीघ आवश्यकता है
जेके सीमेन्ट उज्जैन में
कम पढ़े लिखे व्यक्ति 12 हजार रुपये महीना, पीएफ/ई.एस.आई.सी./ चार छुट्टियां, 8 घंटे ड्यूटी
महिला कम्प्यूटर ऑपरेटर : जिसे कम्प्यूटर का ज्ञान हो (ऑफिस के लिए) सेलरी योग्यतानुसार।
महाकाल इंजीनियरिंग सर्विसेस
22, सिद्धी विनायक, कॉम्प्लेक्स, शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9425091176
समय : 11:30 से 3 बजे तक

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006, 9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com